सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-140 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 28 अक्टूबर 2023
12 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com

लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय श्री अन्न प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का सीएम योगी ने किया शुभारंभ, तीन दिन तक चलेगा आयोजन

## सरकार प्राकृतिक खेती को दे रही बढ़ावा: योगी

- श्री अन्न की महिमा का बखान हमारे वेद भी करते हैं
- केमिकल फर्टीलाइजर के अत्यधिक उपयोग से बढ़े हैं तमाम रोग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्यस्तरीय श्री अन्न प्रदर्शनी एवं कार्यशाला के शुभारंभ समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्री अन्न का महत्व वैदिक काल से रहा है। भविष्य में भी जब दुनिया खाद्यान संकट का सामना करेगी तो श्री अन्न की उपयोगिता बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश श्री अन्न के उत्पादन का केंद्र बन सकता है।

सीएम योगी ने इससे पहले तीन दिवसीय श्री अन्न महोत्सव का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए श्री अन्न उत्पादकों की ओर से लगाये ये प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना काल ने हमें बड़ा सबक दिया है। हम जितना कृत्रिम जीवन जीने का प्रयास करेंगे, महामारियां हमें उतना ही परेशान करेंगी। हमें प्राकृतिक वास और जीवनशैली को अपनाना होगा और उसमें श्री अन्न बहुत ही सहायक होगा। इसकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए शोध और अनुसंधान की आवश्यकता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में शोध एवं अनुसंधान के लिए कार्य कर रही उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् के 34वां स्थापना दिवस पर अगले तीन दिन तक श्री अन्न महोत्सव का आयोजन हो रहा है। ये महोत्सव यूपी के किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का माध्यम बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि पिछली सदी के छठे और सातवें दशक तक बड़ी मात्रा में मोटे अनाज का उत्पादन होता था। ये हमारे दैनिक जीवन का अंग था। मगर बढ़ती आबादी की आवश्यक्ता और इस दिशा में शोध और अनुसंधान की गति थमने के कारण इसका उत्पादन कम होता गया। आज हमारा देश खाद्यान आत्मनिर्भरता में बहुत आगे बढ़ चुका है, लेकिन इसके साइड इफेक्ट भी पड़े हैं। केमिकल फर्टीलाइजर के अत्यधिक उपयोग से तमाम रोग बढ़े हैं।

### सीएम ने किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान श्री अन्न के क्षेत्र में कार्य करने वाले 35 कृषक उत्पादक संगठनों को सम्मानित किया। इसके अलावा प्रदेश के पांच कृषि विज्ञान केंद्रों (झांसी, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर और गाजीपुर) को मिलेट्स प्रसंस्करण संयंत्र के लिए 95-95 लाख की सहायता प्रदान की गई। साथ ही जिन कृषक उत्पादक संगठनों ने अधिक से अधिक किसानों को मिलेट्स फार्मिंग के लिए प्रशिक्षित और प्रोत्साहित किया उन्हें भी मुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान सम्मानित किया।

## गैंगस्टर मामले में मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा

- मुख्तार अंसारी को एक साल में छह बार हुई सजा, दर्ज हैं 65 आपराधिक मुकदमे

**गाजीपुर।** गैंगस्टर मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर तीन एमपी/एमएलए कोर्ट अरविंद कुमार मिश्र की अदालत ने सजा सुना दी है।

मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना लगा है। दूसरे दोषी सोनू यादव को पांच साल की सजा और दो लाख का जुर्माना लगा है। बता दें कि गुरुवार को गैंगस्टर मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी और उसके शागिंद सोनू यादव को दोषी करार दिया गया था। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्तार बांदा जेल से न्यायालय में पेश हुआ जबकि सोनू यादव न्यायालय में मौजूद था। 2009 में करंडा थाना क्षेत्र के सबुआ निवासी कपिलदेव सिंह की हत्या और मुहम्मदाबाद के अमीर हसन की हत्या के प्रयास के मामले को आधार बनाकर मुख्तार अंसारी और सोनू यादव के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत करंडा थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। लंबे समय से इस मामले में सुनवाई चल रही थी। सात अक्तूबर को मुख्तार अंसारी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए और सोनू यादव का बयान दर्ज हुआ था। इसके बाद बहस के लिए 11 अक्तूबर की तिथि तय की गई थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी।

17 अक्तूबर को अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव, मुख्तार अंसारी एवं सोनू यादव के अधिवक्ताओं ने अपना-अपना तर्क प्रस्तुत किया था। बहस सुनने के बाद न्यायालय ने फैसले के लिए तिथि नियत की थी। न्यायालय ने 26 अक्तूबर, गुरुवार शाम चार बजे निर्णय सुनाते हुए मुख्तार अंसारी और सोनू यादव को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी पाया।

## संस्कृत हमारी प्रगति और पहचान की भाषा: मोदी

- पीएम मोदी ने की रघुबीर मंदिर में पूजा-अर्चना
- रामभद्राचार्य जी ने दिया आशीर्वाद

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के सतना जिले के चित्रकूट में प्रसिद्ध रघुबीर मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी दोपहर में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए चित्रकूट पहुंचे। प्रधानमंत्री ने तुलसी पीठ का भी दौरा किया।

उन्होंने कांच मंदिर में पूजा की और दर्शन किए और तुलसी पीठ के जगद्गुरु रामानंदाचार्य से आशीर्वाद लिया। सार्वजनिक समारोह के दौरान, प्रधान मंत्री मोदी ने तुलसी पीठ में अष्टाध्यायी भाष्य, रामानंदाचार्य चरितम और भगवान श्री कृष्ण की राष्ट्रलीला नामक तीन पुस्तकों का विमोचन किया। तुलसी पीठ में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रधान मंत्री ने कहा, मुझे आज कई राम मंदिरों में पूजा करने का सौभाग्य मिला। मुझे जगद्गुरु रामानंदाचार्य का भी आशीर्वाद मिला। चित्रकूट ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में इन हजारों वर्षों में कितनी ही भाषाएं आई और चली गईं। नई भाषाओं ने पुरानी भाषाओं की जगह ले ली। लेकिन हमारी संस्कृति आज भी उतनी ही अक्षुण्ण और अटल है। संस्कृत समय के साथ परिष्कृत तो हुई लेकिन प्रदूषित नहीं हुई। मोदी ने कहा कि दूसरे देश के लोग मातृभाषा जाने तो ये लोग प्रशंसा करेंगे लेकिन संस्कृत भाषा जानने को ये पिछड़ेपन की निशानी मानते हैं। इस मानसिकता के लोग पिछले एक हजार साल से हारते आ रहे हैं और आगे भी कामयाब नहीं होंगे। इससे पहले नरेंद्र मोदी लेफ्टिनेंट श्री अरविंद भाई मफतलाल के शताब्दी जन्म वर्ष समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि अरविंद भाई का परिवार उनकी परमार्थिक पूंजी को लगातार समृद्ध कर रहा है। मैं इसके लिए उनके परिवार के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं। चित्रकूट की ये महिमा यहां के संतों और ऋषियों के माध्यम से ही अक्षुण्ण बनी हुई है। पूज्य रणछोड़दास जी ऐसे ही संत थे।

### पीएम मोदी ने किया 5जी लैब्स का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 अक्टूबर को प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 7वीं भारतीय मोबाइल कांग्रेस-2023 का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने आयोजित प्रदर्शनी का भी मुआयना किया। पीएम मोदी ने 5जी लैब्स का उद्घाटन कई राज्यों में किया है। इस लिस्ट में दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, राज्यस्थान, बिहार, समेत कई और राज्य शामिल हैं।

## सरकार से हाईकोर्ट ने पूछा शवों के अंतिम संस्कार की क्या प्रथा है

- तीन साल से शव गृह में रखे महिला के कंकाल पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**प्रयागराज।** इटावा के शव गृह में पिछले तीन वर्षों से महिला नरकंकाल के लावारिस हालत में पड़े होने की जानकारी को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है।

कोर्ट ने मामले का स्वत संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार और स्थानीय पुलिस अधिकारियों से विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा है। प्रकरण में अगली सुनवाई 31 अक्टूबर को होगी। एक अंग्रेजी समाचार पत्र में इस संबंध में प्रकाशित रिपोर्ट का स्वत संज्ञान लेते हुए मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति अजय भनोट की खंडपीठ ने सरकार और स्थानीय पुलिस अधिकारियों से पूछा है कि आमतौर पर शवगृहों में रखे गए शवों के अंतिम संस्कार की क्या प्रथा है? और इस मामले में इतना विलंब होने की क्या वजह है? क्या ऐसा कोई नियम है जिसके तहत सरकार को निश्चित समय में शवों का अंतिम संस्कार करना होता है। कोर्ट ने प्रकरण में विवेचना की स्थिति और शव संरक्षित करने की पूरी टाइम लाइन बताने का निर्देश दिया है। साथ ही संबंधित केस डायरी और डीएनए जांच के लिए भेजे गए सैंपल और उसकी रिपोर्ट के बारे में जानकारी मांगी है।

### चंद्रग्रहण आज

**लखनऊ।** चंद्रग्रहण का प्रभाव संपूर्ण विश्वपटल पर पड़ेगा। वर्ष का अंतिम चंद्रग्रहण 28 अक्तूबर को पड़ेगा और यह भारत में भी नजर आएगा। ग्रहण के नौ घंटे पहले ही सूतक काल आरंभ हो जाएगा। इस दौरान मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे और धार्मिक गतिविधियां भी नहीं होंगी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का कपाट शयन आरती के बाद और मां अन्नपूर्णा मंदिर का कपाट रात्रि में बंद किया जाएगा। वहीं काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष प्रो. नागेंद्र पांडेय ने बताया कि 28/29 अक्तूबर को लगने वाला खंडग्रास चंद्र ग्रहण संपूर्ण भारत में दृश्य होगा। काशी में ग्रहण का स्पर्श रात्रि 1:05, मध्य रात्रि में 1:44 पर एवं मोक्ष 2:23 पर होगा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की परंपरा अनुसार ग्रहण काल के दो घंटे पूर्व मंदिर का कपाट बंद होने की परंपरा रही है। 28 अक्तूबर में होने वाले समस्त आरती अपने समय पर होंगी।

## बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं केसीआर: अमित शाह

- अमित शाह ने वंशवादी राजनीति पर कसा तंज
- सोनिया गांधी चाहती हैं राहुल पीएम बनें

**हैदराबाद।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सभी दल चुनाव प्रचार में जोर-शोर से जुट गए हैं। इस बीच, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव अपने बेटे केटी रामा राव को अगला मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को अगला प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। तीन नवंबर को राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सूर्यापेट में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, तेलंगाना में भाजपा का विरोध करने वाली दो पार्टियां केसीआर की टीआरएस और सोनिया गांधी की कांग्रेस हैं। ये दोनों ही तेलंगाना का कल्याण नहीं चाहती हैं। जहां केसीआर चाहते हैं कि केटीआर मुख्यमंत्री बनें, वहीं सोनिया चाहती हैं कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनें। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, जहां भाजपा का लक्ष्य (गरीबों का) कल्याण है, वहीं केसीआर की पार्टी और कांग्रेस का लक्ष्य परिवार कल्याण (परिवार का कल्याण) है। तेलंगाना की पिछड़ी जाति के मतदाताओं को लुभाने के लिए शाह ने शुक्रवार को घोषणा की कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो वह पिछड़ी जाति से एक मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने कहा, पीएम (नरेंद्र) मोदी ने पिछड़े वर्गों को संवैधानिक सुरक्षा प्रदान की है। विधानसभा चुनाव में हमें वोट दें। हमने तय किया है कि तेलंगाना में भाजपा का अगला मुख्यमंत्री पिछड़े वर्ग से होगा। शाह ने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केवल भाजपा ही तेलंगाना का विकास कर सकती है।

### यूपी के 35 जिलों के 1058 केंद्रों में होगी परीक्षा

**लखनऊ।** पहली बार फेस रिक्गनिशन अटेंडेंसप्रदेश में समूह ग की भर्तियों के लिए प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (पीईटी) का आयोजन 28-29 अक्तूबर को किया जा रहा है। परीक्षा 35 जिलों में 1058 केंद्रों पर दो-दो पालियों में आयोजित की जाएगी। दो दिन में परीक्षा में 20 लाख 7553 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पीईटी में पहली बार अभ्यर्थियों की फेस रिक्गनिशन (बायोमैट्रिक) अटेंडेंस होगी। इससे गड़बड़ी रोकी जा सकेगी। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अनुसार 35 जिलों में 1058 केंद्रों पर परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे और दूसरी पाली तीन से पांच बजे तक होगी। परीक्षा के आयोजन के लिए 35 अपर जिलाधिकारी, 364 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 1249 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 1058 सहायक केंद्र अधीक्षक, 2116 परीक्षा सहायक, 41,284 कक्ष निरीक्षक, 5483 अतिरिक्त कक्ष निरीक्षक समेत कुल 80,274 कर्मियों की तैनाती की गई है।

**चिंता** एलजी ने दी दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी

## सिविल डिफेंस वालंटियर्स की सेवाएं समाप्त

- सीडीवी को होम गार्ड बनाया जाएगा
- दिसंबर तक होम गार्ड की भर्ती पूरा होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** एलजी वीके सक्सेना ने सभी मौजूदा सिविल डिफेंस वालंटियर्स (सीडीवी) की सेवाओं को एक नवंबर से समाप्त करने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

सीडीवी की अवैध भर्ती और तैनाती को समाप्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए सक्सेना ने उनके आजीविका संबंधी विषय पर चिंता जताई है। साथ ही मुख्यमंत्री को निर्देश दिया कि इस प्रक्रिया में जो वालंटियर्स अपनी नौकरी खोते हैं, उनकी होमगार्ड के रूप में नियुक्ति पर विचार किया जाना चाहिए, जिनके लगभग 10,000 पदों को एलजी ने हाल ही में मंजूरी दी है। एलजी ने पिछले छह सात महीनों से इन वालंटियर्स को वेतन नहीं मिलने का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने इस पर असंतोष जताया कि इस आशय की फाइल उनके पास भेजी गई थी, जबकि विषय पूर्णतया स्थानांतरित था, जिस पर मंत्री/मुख्यमंत्री स्वयं निर्णय लेने में पूरी तरह से सक्षम थे। एलजी ने फाइल में लिखा है कि मेरी निगाह में आजीविका संबंधी चिंताएं, किसी भी सरकार के एजेंडे में सबसे ऊपर होनी चाहिए। इस पर कोई विवाद नहीं हो सकता है कि साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले वालंटियर्स को इस बल में काम करने के दौरान कमाई का अवसर मिलता है। उनकी नियुक्ति को लेकर तर्कसंगत, कानूनी और गैर-पक्षपातपूर्ण रास्ते तलाशे जाने चाहिए। उपराज्यपाल ने आगे कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि इसमें राजनीतिक पक्षपात व गैरकानूनी नियुक्तियां हों। समाज के अन्य वर्गों, विशेषकर एसटी/एससी/ ओबीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के हितों पर दुष्प्रभाव पड़े। तदनुसार, मैं मौजूदा प्रावधानों और नियमानुसार उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद सीडीवी की नियुक्ति का सुझाव देता हूं, जो आपदा प्रबंधन पर राज्य की क्षमता को मजबूत करेगा।

> होमगार्ड के महानिदेशक को पहले चरण में उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए बड़ी संख्या में होम गार्ड की भर्ती के निर्देश दिए हैं और यह प्रक्रिया इस वर्ष दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। मौजूदा प्रावधानों के अनुसार इस अवसर का उपयोग अनुभवी सीडीवी को रोजगार प्रदान करने के लिए किया जा सकता है, जिससे बेरोजगार होने के कारण उन्हें होने वाली कठिनाइयों को कम किया जा सके।



# खीरी से 35 युवा कलश लेकर लखनऊ रवाना

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास दफ्तर से जनपद के विभिन्न नगर निकाय एवं विकास खण्डों से एकत्रित अमृत कलश को लखनऊ के लिए रवाना किया गया। कलेक्ट्रेट से विधायक सदर योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर अमृत कलश यात्रा को लखनऊ के लिए रवाना किया। बाजे गाजे एवं देशभक्ति के गीतों से सराबोर माहौल में कलश यात्रा में शामिल कलश रथ (बस) में 35 युवा कलश लेकर सवार हुए। पूरे कार्यक्रम का सफल संयोजन अभियान के नोडल अधिकारी डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने किया।इस मौके पर विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित यह एक पुनीत माटी-वन्दनोत्सव है, जिसमें हम सभी के लिए अपनी विराट सांस्कृतिक विरासत से प्रगाढ़ रूप से रूबरू होने, उसकी भव्यता पर गर्व करने और ऐसे गर्वजनित रस में डूबकर उत्सवमय आनन्द लेने का स्वर्णिम अवसर प्रदान किया, जो हम सबके लिए

सौभाग्य का क्षण है। उन्होंने कार्यक्रम को दिव्यता एवं भव्यता के साथ सम्पन्न कराने के लिए प्रशासनिक टीम को बधाई दी।भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश की कल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य उन भूले हुए शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं पूर्वजों को याद करना है जिन्होंने मां भारती को स्वतंत्र कराने में अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने अमृत कलश यात्रा में शामिल बच्चों की यात्रा मंगलमय होने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश% कार्यक्रम अपने देश, अपनी मातृभूमि के लिए श्रद्धा, आदर एवं सराबोर हो जाने जैसे अपनेपन के भाव से प्रेरित है। आजादी के नायकों की वीरगाथा और अपनी मातृभूमि की मिट्टी अनमोल है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस पुनीत कार्यक्रम में हर जनपदवासी को सहभागी बनाया गया। यह मुहिम जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को एक बार फिर से जागृत करने का काम कर रही। इस मौके पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसएसबी, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, डीसी मनरेगा विपिन चौधरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी सहित अन्य बीजेपी पदाधिकारी, नगर निकायों व क्षेत्र पंचायतों के प्रमुखगण, अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य व संभ्रान्तजन, अधिकारी व कर्मचारी, समाजसेवी, मीडिया प्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।बता दे कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा, शिलाफलकम की स्थापना और अमृत वाटिका बनाई गई। इसके बाद ब्लाक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज जिला स्तर पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में जिले के ब्लाकों, नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं से लाए अमृत कलशों को युवाओं को सौंपा गया। जो लखनऊ में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम और नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## साड़ ने किया जानलेवा हमला युवक के आई गभीर चोटे

**लखीमपुर खीरी।** निघासन नगर के जिला पंचायत इंटर कालेज के सामने ठेला लगाकर फल बेच रहे कस्बा निवासी शादाब(25) पुत्र शाहिद खां पर साड़ ने किया जानलेवा हमला हमले से युवक के आई है गभीर चोटे युवक का समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे चल रहा है ईलाज।

## इलाज के दौरान लखनऊ में हुई सिपाही की मौत

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा थाने में तैनात एक सिपाही की इलाज के दौरान लखनऊ हुई मौत, बीते एक सप्ताह पहले बाइक सवार सिपाही अंकुल शर्मा की बाइक तांगे से टकराकर हुआ था गंभीर घायल, आज इलाज के दौरान लखनऊ में हुई मौत, बिजनौर का रहने वाला था मृतक सिपाही।

## निघासन के फूल चंद होंगे नए खंड शिक्षा अधिकारी

**लखीमपुर खीरी।** निघासन के फूल चंद होंगे नए खंड शिक्षा अधिकारी पलिया, बिजुआ व फूलबेहड़ के भी बदले खंड शिक्षा अधिकारी।

# डीएम के आग्रह पर अनिश्चितकालीन धरना खत्म

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** तराई संघर्ष महासंघ के तत्वावधान में जनपद खीरी में गत 15 अक्टूबर से सिंधिया फॉर्म गुरुद्वारे के पास संचालित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के अनुरोध एवम् वार्ता के क्रम में सर्वसम्मति से समाप्त हुआ।शुक्रवार की दोपहर 12 बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, एसडीएम श्रद्धा सिंह रत्नाकर मिश्रा संग सिंधिया फॉर्म स्थित धरना स्थल पहुंचे, जहां डीएम किसानों के साथ जमीन पर ही बैठ गए। यह देख किसानों ने उनके सम्मान में तालियां बजाईं।किसानों से संवाद करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आपकी पीड़ा में शासन-प्रशासन आपके साथ है। आपके ज्ञापन में उल्लेखित सभी बातों से शासन में सर्वोच्च स्तर तक पहुंचा दी है। इसी क्रम में गत 25 अक्टूबर को अपर मुख्य सचिव (राजस्व) की अध्यक्षता में सर्वोच्च स्तर पर बैठक हुई, जिसमें उन्होंने स्वयं प्रमुखता से उनकी मांगों को शासन के समक्ष रखा। उस बैठक में हुए विचार विमर्श के क्रम में जो मुख्य सचिव उप्र शासन से जो निर्णय होगा। उस निर्णय से प्रशासन अवगत कराएगा। इस उच्च स्तरीय बैठक में राजस्व, सिंचाई, राहत, बाढ़ सहित सभी संबंधित विभागों के उच्च स्तरीय अफसर शामिल हुए। इस दौरान किसानों ने फ्लड प्लेन जोन के बाहर बेला सिकटिहा के पास नदी से धारा निकलती है, जिससे नुकसान होने की बात कहते हुए इसे बंद करने की मांग की। जिस पर प्रशासन ने जल्द ही इस समस्या के निदान करने की बात कही।इस दौरान तराई संघर्ष महासंघ पदाधिकारी ने वहां मौजूद किसानों एवं ग्राम वासियों की सहमति से धरने को स्थगित करने की घोषणा की। अंत में डीएम ने मौजूद लोगों का आभार ज्ञापित किया। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, रत्नाकर मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ सहित प्रशासनिक अधिकारी गण मौजूद रहे।

## निजी बस की टक्कर से बाइक पर सवार बुआ-भतीजी की मौत, दो अन्य घायल

**लखीमपुर खीरी।** मोहम्मदी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सड़क हादसा हो गया। लखीमपुर-मोहम्मदी रोड पर अमीरनगर के पास निजी बस की टक्कर से बाइक पर सवार बुआ-भतीजी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ये सभी एक ही बाइक पर सवार थे। अमीरनगर के रामपुर रामदास गांव से वापस घर जा रहे थे शाहजहांपुर के पुवायां थाने के गांव सुजानपुर निवासी 30 वर्षीय सुधा पुत्री लालाराम अपने भाई रवि, भतीजी अनुष्का व चचेरी बहन के साथ बृहस्पतिवार को अमीरनगर के रामपुर रामदास गांव में रिश्तेदारी में आई थी।

शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे ये लोग एक ही बाइक से वापस गांव जा रहे थे अमीरनगर के पास बाइक प्राइवेट बस से टकरा गई। हादसे में सुधा और उसकी भतीजी अनुष्का की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल भाई रवि और चचेरी बहन को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंच गए।

## 11वीं शरीफ हकीकत व मोहब्बत के साथ मनाई गई

**मोहम्मदी खीरी।** हर साल की भांति इस साल भी बड़े हकीकत के साथ मोहल्ला सरैया में ग्यारहवीं शरीफ के नाम से मशहूर इस त्यौहार के मौके पर यहां अकीदतमंदों ने बड़े ईद के नाम से नियाज कराई और तबर्रुक वितरित किया शुक्रवार को सुबह से ही घरों में गौस पाक की नजरों नियाज का सिलसिला शुरू हो गया था कई जगहों पर जलसों के आयोजन हुए जिसमें सरकार गौस पाक की सीरत और अजमत बयान की गई आलिमों ने बड़े पीर साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील की कुल शरीफ के दौरान सूफी शरीफ मियां सूफी इदरीश मियां सुफी मजीद इरफान अली निसार अली शकील खान मोहम्मद अनीस आदि तमाम अकीदतमंद कुल शरीफ में शामिल रहे।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाईन्स ग्राउंड पर साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का किया गया निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाईन्स ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में क्षेत्राधिकारी लाइन्स, पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा एमटी शाखा व क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया। गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। महोदय द्वारा पुलिस लाइन में स्थित समस्त कार्यालयों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। तथा अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## बीआरसी पर प्रधानाध्यापकों की बैठक

**सीतापुर।** बेहटा बीआरसी पर समस्त विद्यालयों के प्रधानध्यापको की मासिक बैठक की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह ने बैठक में बिंदुवार अपनी बात रखी। उन्होंने प्रशिक्षण एवम गुणवत्ता पर जोर दिया। एकेडमिक, निपुण भारत मिशन पर चर्चा की।

निर्माण कार्य, सामुदायिक सहभागिता,साक्षरता, एमडीएम व विशेष संचारी रोग पखवाड़ा पर बिंदुवार प्रकाश डाला। सभी को इस पर पूर्ण मनोयोग से कार्य करने को कहा। इसके अतिरिक्त विद्यालय को और कैसे बेहतर बनाए उस पर भी अपने विचार रखे। संचालन असरफ अकेला व तुफैल अहमद ने किया। इस कार्यक्रम में कृष्ण कांत शुक्ल, अमरेश सिंह, धीरेंद्र विक्रम सिंह, साबिर अली, कमरूल हसन, जमुना सागर सिंह, सुशील पाण्डेय, राहुल सिंह रघुवंशी, सिद्धार्थ पटेल, एसपी.सिंह, इमरान, सगीर, राकेश राय, महेंद्र प्रताप, नौशाद अंसारी, ताज अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे।

## भागवत कथा में किया भगवान का वर्णन

**सीतापुर।** महोली के कुसैला गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान मंच पर ही कलाकारों ने राधा कृष्ण नृत्य प्रस्तुत किया। कलाकारों ने इस कदर मंचन किया, कि सभी मंत्रमुग्ध हो गए।

नृत्य देख हर कोई राधाकृष्ण के जयकारे लगाने लगा। पूरा पंडाल राधा कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। इस कथा के दौरान कथा व्यास सरिता शास्त्री ने कहा कि भगवान सर्वव्यापी है। जड़ हो या चेतन। सभी में भगवान का अंत समान रूप से विद्यमान है। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास दिव्या ज्योति ने श्रीमद् भागवत कथा के मार्मिक उदाहरण प्रस्तुत किए। भजनों के माध्यम से कथा की प्रस्तुति दी। कथा सुनकर श्रद्धालु जयकारा लगाने को मजबूर हो गए। कथा के समापन पर आरती अजय वर्मा, जितेंद्र वर्मा द्वारा कराई गई। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

## मोहिनी बनी उचित दर विक्रेता

**सीतापुर।** मिश्रित विकास खंड के ग्राम जसरथपुर के निवर्तमान कोटेदार छेदीलाल का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था। इस कारण यहां की उचित दर दुकान अन्य पंचायतों में अटैच चल रही थी। ग्राम पंचायत में उचित दर की दुकान का चुनाव कराने हेतु पंचायत सचिव धीरेन्द्र कुमार नंद व अन्य निर्वाचन अधिकारियों ने ब्लाक परिसर में दो बार खुली बैठक का आयोजन कराया।

उसी के क्रम में शुक्रवार को मिश्रित कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में ग्राम पंचायत जसरथपुर के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान रामपाल की अध्यक्षता में खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम पंचायत सचिव धीरेंद्र कुमार नंद, एडिओ पंचायत, एडिओ आईएसवी, खंड शिक्षा अधिकारी कपिल देव द्विवेदी ने प्रथम वारीयता के आधार पर गांव में संचालित सक्रिय स्वयं सहायता समूह की कार्यकर्तियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, दिव्यांगजनों आदि से आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की। जिसमें ग्राम पंचायत जसरथपुर में संचालित लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह व अन्य कई स्वयं सहायता समूहों की कार्यकर्तियों द्वारा अलग अलग चार आवेदन प्रस्तुत किए गए। चुनाव अधिकारियों द्वारा जांच के दौरान इन स्वयं सहायता समूहों की औपचारिक्ताऐं पूरी न होने के कारण चुनाव अधिकारियों को सभी आवेदन निरस्त करना पड़ा। चुनाव अधिकारियों द्वारा इस खुली बैठक में ग्राम पंचायत की आम से मतदान कराने हेतु आवेदन मांगे गए। जिसमें ग्राम जसरथपुर की निवासिनी मोहिनी मिश्रा पत्नी दिव्यांशू मिश्रा ने उचित दर दुकान हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया। उनके सापेक्ष में ग्राम पंचायत से अन्य कोई आवेदन प्रस्तुत न होने कारण चुनाव अधिकारियों ने उन्हे निर्विरोध विजई घोषित कर दिया।

# राज्य मंत्री ने मंडी समिति में लगे धान क्रय केदो का किया औचक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी खीरी।** मंत्री/क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर के सरकारी धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जहां कुछ खामियां मिलने पर उन्होंने मंडी कर्मियों को व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश देने के साथ ही किसानो को कोई भी समस्या नही आनी चाहिए मंत्री/विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने मंडी समिति में लगे सरकारी क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। नमी मानक के अनुरूप धान की नमी के बारे में भी जानकारी ली विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक अन्नदाता को फसल का पूरा दाम मिले, जिसके लिए सरकार प्रयत्नशील है। किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सौरव गुप्ता, सुशील त्रिवेदी, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियो की समय-सारिणी नियत

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो की निर्वाचक नामावलियो के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियो से सम्बन्धित समय-सारिणी निर्धारित की गयी है। यह जानकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावलियां का आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर (शुक्रवार) कर दिया गया है। आलेख्य प्रकाशन के तिथि से ही दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 27 अक्टूबर (शुक्रवार) से 09 दिसंबर 2023 (शनिवार तक), विशेष अभियान तिथियाँ यथा-दिनांक 04 नवंबर (शनिवार), 05 नवंबर (रविवार), 25 नवंबर (शनिवार), 26 नवंबर (रविवार), 02 दिसंबर (शनिवार), 03 दिसंबर (रविवार), दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसंबर (मंगलवार) तक, निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2024 (शुक्रवार) को किया जायेगा। इस सन्दर्भ में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से निरन्तर अनुरोध किया कि पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों के सहयोग के लिए अपनी पार्टी से सम्बन्धित बूथ लेवल एजेण्टों की तैनाती कर लें। जनपद में आलेख्य प्रकाशन के समय कुल 27,92,983 मतदाता, 2890 मतदेय स्थल विद्यमान है। जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों की नियुक्ति निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा की जा चुकी और उन्हे प्रशिक्षित भी किया जा चुका है। बूथ लेवल अधिकारियों के कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु 296 सुपरवाइजरों को भी जनपद में सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नियुक्त किया गया है।

## निर्वाचक नामावलियों में अपना नाम अनिवार्य रूप से करते रहें चेक

पुनरीक्षण 2024 के दौरान एवं आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के नामांकन के पूर्व तक निरन्तर निर्वाचक नामावलियों में अपना नाम अनिवार्य रूप से चेक करते रहें वर्तमान मतदाता वेबसाइट https://voters.eci.gov.in, http://ceouttarpadesh.nic.un and voter helpline aap डाउनलोड कर अपना नाम चेक कर सकते है। इसके अतिरिक्त पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेबिल अधिकारियों,तहसील कार्यालय में भी अपना नाम चेक कर सकते है। मतदाताओं की सहायता हेतु वोटर हेल्पलाईन नम्बर-18001801950 पर भी विभिन्न जानकारियाँ प्राप्त की जा सकती है।

# मतदान प्रत्येक नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि प्रत्येक भारतीय नागरिक का मतदान सबसे बड़ा लोकतांत्रिक अधिकार है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को मतदान अनिवार्य रूप से करना चाहिए। यह बात उन्होंने आरएमपी महाविद्यालय में मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कही। कार्यक्रम में अर्हता तिथि 1जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने महाविद्यालय के ऐसे छात्र-छात्राओं जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, उनको मतदाता पंजीकरण फार्म वितरित किए। मतदाता रजिस्ट्रेशन का शुभारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम 27 अक्टूबर से प्रारंभ होकर पूरे माह संचालित किया जाएगा। जिसमें मतदाताओं को जागरूक करने एवं पंजीकृत करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी ने भारतीय थल सेना में प्रतिभाग करने वाली पहली छात्रा सोनी मिश्रा व उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मतदाता पंजीकरण का फार्म वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए नवंबर माह में निर्धारित विभिन्न तिथियों पर अधिक से अधिक गतिविधियों में सहभाग करने के लिए सभी छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, हिंदी विभाग के प्रभारी प्रोफेसर जयवीर सिंह, राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक सुमित सिंह ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम में डॉ अभिषेक कुमार, डॉक्टर दिनेश कुमार, डॉक्टर अरविंद कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रजनी कांत श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी, तहसीलदार बालकृष्ण आदि मौजूद रहे।

## दशहरा मेले में जुटी ग्रामीणों की भीड़

**सीतापुर।** विकास क्षेत्र महोली के अरोरा गांव में विजयदशमी के अवसर पर रामलीला एवं रासलीला का आयोजन किया गया। गांव के कबीर बाबा स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में अच्छी खासी भीड़ रही।

मेले का शुभारंभ संत पंडित सुरेश चंद महाराज द्वारा किया गया। यह मेला 30 अक्टूबर तक चलेगा। मेला समापन पर विशाल भंडारा एवं कन्या भोज का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक पुष्कर वर्मा ने बताया की दिन में रामलीला और रात में रासलीला का आयोजन होता है।

# जिलाधिकारी के निर्देशन पर अपर जिलाधिकारी नगर की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु बैठक सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देशन पर अपर जिलाधिकारी नगर की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में भूतपूर्व सैनिकों / वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ जिला सैनिक बन्धु बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में सर्वप्रथम जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, गाजियाबाद कैप्टन (आई.एन.) राम प्रवेश सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी तथा पूर्व सैनिकों / उनको आश्रितों को सभा में आने पर उनका स्वागत किया गया। उसके पश्चात अपर जिलाधिकारी (नगर), गाजियाबाद द्वारा बैठक को प्रारम्भ कराया गया सबसे पहले पूर्व में हुई बैठकों में आये 17 आवेदन-पत्रों पर चर्चा हुई। बैठक में सबसे पहले श्रीमती सुनीता पत्नी शहीद नरेन्द्र कुमार के गाँव जहाँगीर पुर के चकरोड को पक्का कराने हेतु अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, गाजियाबाद के कार्यालय द्वारा कार्यवाही प्रक्रिया में है। बजट आवन्टन होने पर कार्यवाही कर दी जायेगी। इसके पश्चात पूर्व सैनिक कर्नल अशोक गहलोत के सडक निर्माण को पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित विभाग में कार्यवाही प्रचलित है। बजट आवन्टन होने पर कार्यवाही कर दी जायेगी । पूर्व सैनिक उमेश कुमार त्यागी के प्रकरण संशोधन / दुरस्तीकरण हेतु सम्बन्धित को कोर्ट में जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त, पूर्व सैनिक सारजेन्ट सुखबीर सिंह, श्री धीरज सिंह पुत्र शहीद लांस / नायक तेज सिंह, व ऋषिपाल सिंह के प्रकरण के निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी (नगर) द्वारा मौके पर ही सम्बन्धित विभाग को भेज दिया गया। ऑनेरी नायब सूबेदार हरिओम का प्रकरण मा0 न्यायालय में विचाराधीन है। इस हेतु उन्हें कोर्ट में कार्यवाही हेतु बता दिया गया है। इसके अतिरिक्त पूर्व सैनिक डा0 राजकुमार के प्रकरण में मौके पर ए0सी0पी0 अभिषेक श्रीवास्तव को व्यक्तिगत संज्ञान में प्राथमिकता पर करने हेतु हस्तगत करा दिया है। पूर्व सैनिक धीरेन्द्र कुमार के प्रकरण में मौके पर एस0डी0एम0 को अवगत करा दिया गया है। उपाध्यक्ष, मेजर जनरल ए0जे0बी0 जैनी द्वारा प्रस्तावित किया गया कि सैनिक भवन के सभागार का नामांकन जिला गाजियाबाद के सेना से सर्वोच्च सम्मानित शहीद के नाम पर रखा जाये । जिसको बैठक में उपस्थित सभी अधिकारी व पूर्व सैनिकों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया। बैठक में प्रशासन की तरफ से नगर निगम व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, जिला समाज कल्याण, जिला लीड बैंक, सेवायोजन अधिकारी, जिला राज पंचायत अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत व विद्युत विभाग व उपाध्यक्ष, जिला सैनिक बन्धु बैठक मेजर जनरल ए0जे0बी0 जैनी, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के श्री पवन कुमार, प्रभारी वरिष्ठ लिपिक श्री जगदीश प्रसाद, कनिष्ठ सहायक, श्री विनोद कुमार, कनिष्ठ सहायक व श्रीमती कविता देवी, कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहें।

# विद्यालय को तीन किलोवाट का सोलर पैनल उपलब्ध कराया गया

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के पूरे सुखई स्थित स्वदेश सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में क्षेत्रीय स्नातक खण्ड के विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश सिंह के सौजन्य से विद्यालय को तीन किलोवाट का सोलर पैनल उपलब्ध कराया गया। विद्यालय के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

आपको बता दें कि, इस तन्त्र की एक विशेष बात यह है कि, अवकाश की अवधि में संश्लेषित विद्युत हाइडिल महराजगंज में जमा होगी। जब रात्रि में आवश्यता होगी तो शासन की विद्युत का प्रयोग करेंगे। उस विद्युत के बदले में जमा मात्रा से सन्तुलित कर लिया जायेगा। इस नवीन व्यवस्था से विद्यालय उत्थान में एक बड़ी उपलब्धि है। जिसके लिए इंजीनियर अवनीश सिंह (विधान परिषद सदस्य) का प्रधानाध्यापक वीरेंद्र वर्मा समेत विद्यालय परिवार ने आभार जाताया हैं।

# रामलीला ग्राउंड गुरुवार की रात दूधिया रोशनी से जगमगा उठा

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के मऊ गांव का रामलीला ग्राउंड गुरुवार की रात दूधिया रोशनी से जगमगा उठा। मौका था दो दिवसीय दशहरा मेले का। रात को समूचा मेला परिसर बिजली की आर्कषण सजवाट से जगमगाता रहा। महराजगंज इन्हौना रोड को लाइटों से सजाया गया था। मनोरंजन के लिए जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित रहे। क्षेत्रीय ग्रामीणों की भीड़ मेला का आनंद लेने के लिए जुटी रही। पंचायत भवन से पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान भेलई मौर्य, क्षेत्रीय नेता और प्रबुद्धजन समेत सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कोतवाल बालेंदु गौतम भारी पुलिस फोर्स के साथ मेले में घूमते नजर आए।

आपको बता दें कि, मऊ गर्वी गांव में तेरस तिथि से लगने वाला दो दिवसीय दशहरा मेला था। इस मौके पर महराजगंज इन्हौना रोड को बिजली की आकर्षक झालरों से सजाया गया था। रामलीला ग्राउंड में कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन के साथ-साथ रात्रि में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यकम की धूम रही। आंचलिक गांवों से भारी संख्या में दर्शक मेला देखने के लिए पहुंचे। शाम होते ही मऊ बाजार जगमग हो गया। राम लीला मैदान के साथ प्राथमिक विद्यालय परिसर में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला आदि का इस बार इंतजात विशेष रूप से किया गया था और रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम नौटंकी की धूम रही। मेले में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए महराजगंज इन्हौना मार्ग पर सुबह से ही पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

सुरक्षा इंतजाम का जायजा लेने के लिए कोतवाल बलेंदु गौतम मेला क्षेत्र में मौजूद रहे। रामलीला ग्राउंड में भीड़ का नियंत्रित करने के लिए सिपाही और महिला पुलिसकर्मी लगाए गए थे। राम लीला कमेटी के अध्यक्ष ग्राम प्रधान भेलई मौर्य ने सकुशल मेला संपन कराने के लिए जुटे रहे। इस प्रकार मऊ में लगने वाले दो दिवसीय मेले के आखिरी दिन आज शुक्रवार को भी जबर्दस्त भीड़ रही।

## चार लोगों ने पति-पत्नी को लाठी डंडों से पीट-पीटकर घायल कर दिया

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर परिवार के ही एक पक्ष के चार लोगों ने पति-पत्नी को लाठी डंडों से पीट-पीटकर घायल कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, चोटहिल महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है।

पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। आपको बता दें कि, महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के नवोदय चौराहा मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला की रहने वाली कमलेश कुमारी पत्नी मेवालाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि, उसके परिवार के राम प्रकाश, रावेंद्र, विनोद और गोलू ने जमीनी विवाद को लेकर उसके घर में घुस आए, और गाली गलौज करते हुए उसे लाठी-डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। उसके शोर मचाने पर जब उसका पति उसे बचाने आया तो चारों हमलावरों ने उन्हें भी मारा-पीटा, जिसमें उनके पति का एक दांत टूट गया है। चीख पुकार सुनकर गांव वाले दौड़े तो चारों हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल बालेंदु गौतम का कहना है कि, मिली तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला और उसके पति को मेडिकल चेकअप के लिए सीएचसी भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अवधनामा



# 27 से 9 दिसंबर तक विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलेगा

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम के तहत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 का दयानन्द वैदिक कालेज उरई में माँ सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 27 अक्टूबर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में 27 अक्टूबर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक चलने वाले मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये उपस्थित कालेज के छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निर्वाचन का महत्व को नितान्त व्यवहारिक तरीके से बताया। उन्होने छात्र-छात्राओं को मतदाता प्रक्रिया में प्रतिभाग करने में अनिवार्य रूप से अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को आनलाइन या आफ-लाइन फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मलित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होने विशेष तौर पर छात्र-छात्राओं से कहा कि वे देश का भविष्य है और उनका एक-एक मत लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट और सक्षम नेतृत्व का चुनाव करने में बेहद महत्वपूर्ण हैं।उन्होने अन्य देशों के सापेक्ष भारतीय लोकतंत्र और निर्वाचित प्रक्रिया की अच्छाईयों एवं भारतीय संविधान के बारे में जानकारी के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। उन्होने संविधान की प्रस्तावना की शुरूआत हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंतनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के लये और इसके सम्पूर्ण नागरिकों÷ को उधृत्व करते हुये भारतीय लोकतंत्र में मतदाताओं की ताकत और अपने लिये अपना शासक चुनने की स्वतंत्रता वाले व्यवस्था की खूबियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

## साहू राठौर जन जागृति अधिकार यात्रा आज

**फर्रुखाबाद।** जनपद में भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा की तरफ से भगवान जगन्नाथ स्वामी भक्त शिरोमणि मां कर्मा बाई के आशीर्वाद से साहू राठौर जन जागृत अधिकार यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा 28 अक्टूबर को भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के जिलाध्यक्ष उमेश बाबू राठौर के निवास नेकपुर कला से सुबह 10 बजे फर्रुखाबाद फतेहगढ़ मुख्य मार्ग बढ़पुर ठंडी सड़क होते हुए नवभारत सभा भवन पर समाप्त होगी। इस यात्रा के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरुजी होगे। नवभारत सभा भवन में सामाजिक चिंतन के विषय में मीटिंग रखी जाएगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट करने और प्रदेश में स्वजातीय बंधुओ का सम्मान, और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाएं। जिसमें जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह यात्रा दो पहिया वाहनो के साथ-साथ चार पहिया वाहनों से गुजरे गई। जिला अध्यक्ष ने कहां कि दो पहिया वाहन चालकों के लिए सख्त निर्देश है कि सभी लोग हेलमेट पहन के ही बाइक को चलाएं।

# जनपद से अमृत कलश यात्रा भव्यता के साथ लखनऊ के लिए रवाना

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा उरई नगर स्थित टाउन हॉल से जनपद के विभिन्न नगर निकाय एवं विकास खण्डों से एकत्रित अमृत कलश को लखनऊ के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय सांस्कृतिक एवं वन्दनोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गये। राज्यमंत्री सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम मंत्रालय भारत सरकार भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश की कल्पना माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा की गयी।

उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य उन भूले हुए शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं पूर्वजों को याद करना है जिन्होने माँ भारती को स्वतंत्रता दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहूति दी थी। उन्होने कार्यक्रम को दिव्यता एवं भव्यता के साथ सम्पन्न कराने के लिए प्रशासनिक टीम को बधाई दी।उन्होने उपस्थित सभी लोगों को पंच-प्रण की शपथ दिलाई। उन्होने अमृत कलश यात्रा में शामिल बच्चों की यात्रा मंगलमय होने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 घनश्याम अनुरागी ने कहा कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के माध्यम से बहुत सारे संदेश आमजन को मिले है जिससे देश के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलेगी। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अपनी विराट सांस्कृतिक विरासत के प्रगाढ रूप से रूबरू होने, उसकी भव्यता पर गर्व करने और ऐसे गर्वजनित रस में डूबकर उत्सवमय आनन्द लेने का स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश की अवधारणा देश की स्वतंत्रता और प्रगति यात्रा की याद को जन-जन के हृदय में स्थापित करने तथा वीरता के चिरन्तन भाव का पुनर्जागरण कराने की भावभूमि को समेटे हुए एक परिकल्पना है। इस अवधारणा पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गये। विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पंच प्रण प्रतिज्ञा, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन, तिरंगा यात्रा, शिलाफलक स्थापना आदि कार्यो से देश प्रेम की भावना को और अधिक मजबूति मिली है। उन्होने कहा कि भारत माता की आन-बान-शान की रक्षा के लिए खुद के प्राणों की आहूति देने वालों का जज्बा अनुकरणीय एवं वंदनीय है। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि मेरा विश्वास है कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आयोजित किये गये कार्यक्रमों में जनपद नम्बर एक पर रहेगा। उन्होने कहा कि हर घर से एकत्र मिट्टी एवं अक्षत का प्रयोग एक भव्य स्मारक के निर्माण में किया जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री जी की सोच से ही ये सब सम्भव हुआ है।

## 30 वर्षो के बाद आज दुर्लभ योग में लग रहा है चंद्रग्रहणः जगन्नाथ

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** इस वर्ष शनिवार 28 अक्टूबर को लगने वाला चन्द्र ग्रहण 30 वर्षो के बाद दुर्लभ योग गज केसरी योग में लग रहा है, गज केसरी योग चंद्रमा और गुरु के सहयोग से बनता है। उक्त जानकारी ज्योतिषाचार्य जगन्नाथ त्रिपाठी ने दिया। उन्होंने बताया कि चन्द्रग्रहण शनिवार 28 अक्टूबर 2023 को लगभग रात्रि 1 बजकर 5 मिनट से 2 बजकर 23 मिनट तक रहेगा जो कि अश्विन नक्षत्र में प्रवेश कर रहा है।

यह चन्द्रग्रहण मेष, वृष, कन्या, मकर राशि वालों के लिए हानिकारक अशुभ फल देने वाला है और वहीं सिंह, तुला, धनु, मीन राशि की बात करें तो इन राशि के लिए सामान्य मध्य जैसा रहेगा, मतलब बहुत कोई हानि या लाभ देने वाला नहीं है और वही मिथुन, कर्क, वृश्चिक, कुंभ राशि वालों के लिए यह ग्रहण का दर्शन करने से भी किसी प्रकार की कोई हानि नहीं मानी जाएगी इन राशि वालों के लिए यह चन्द्रग्रहण शुभ रहेगा। चन्द्रग्रहण में उपाय की बात करें तो जिन लोगों को ग्रहण दृश्य निषेध लिखा हुआ है वह लोग नमक, चावल, तेल, मीठा, लोहा, काला कपड़ा और दक्षिण का दान करें कोई पूजा पाठ तंत्र, मंत्र, यंत्र, नारायण कवच, राम रक्षास्तोत्र, लक्ष्मी कवच, करने से बहुत ही लाभप्रद होगा ग्रहण के बाद गाय के दूध में खीर बनाकर छत पर रख देवे और सुबह भगवान शालिग्राम को भोग लगाकर उसे प्रसाद को परिवार सहित पावे यह उतना ही पुण्य होगा और स्वास्थ्य की रक्षा की प्राप्ति होगी।

चंद्र ग्रहण के करीब 9 घंटे पूर्व ही सूतक लग जाता है परंतु गुरु वचनानुसार 4 घंटे पूर्व भी होता है, लगभग रात्रि 9 बजे सूतक लग जाएगा, सूतक के समय पर मंदिर का दर्शन, शयन, भोजन आदि नहीं करना चाहिए लेकिन यह नियम बालक, वृद्ध, रोगी के लिए नहीं लागू होते हैं।

# लेखपाल का रिश्वत लेने का ऑडियो वायरल, निलंबित

**अवधनामा संवाददाता**

**ऑडियो में तहसीलदार व एसडीएम को भी घूस दिलवाने का जिक्र**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** हमेशा सुर्खियों में रहने वाला तहसील तमकुहीराज आज फिर चर्चा में है। शुक्रवार को तहसील एक बार फिर चर्चा में आ गया जब एक आरके नामक लेखपाल का पैसा लेने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल ऑडियो में राजस्व कर्मी एसडीएम व तहसीलदार को भी घुस दिलवाने का जिक्र कर रहा है तथा राजस्व कर्मी फरियादी को पैसा वापस कर देने की भी बात कर रहा है।

ऑडियो वायरल होने के बाद तहसील प्रशासन सकते में है। वायरल ऑडियो की पुष्टि अवधनामा नही करता है। जबकि उप जिलाधिकारी ने प्रथम दृष्ट्या उक्त लेखपाल को निलंबित कर दिया है। बताते चले कि तहसील के लेखपाल रामचन्द्र प्रसाद द्वारा एक फरियादी से घुस लेने का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में रामचन्द्र प्रसाद द्वारा लिया गया पैसा वापस करने की बात की जा रही है। तहसील क्षेत्र के देवपोखर निवासी रामप्रसाद पुत्र रंगलाल पोखरी नीलामी के एवज में राजस्व कर्मी को पैसा दिया था। वायरल ऑडियो में यह सुना जा रहा है कि एसडीएम व तहसीलदार को भी पैसा दिया गया है। राजस्व कर्मियों के द्वारा फरियादियों से पैसा लेना कोई नई बात नही है फरियादियों का शोषण हमेशा होता रहता है।

तहसील तमकुहीराज में भ्रष्टाचार अपनी जड़ें मजबूत कर लिया है तभी तो कच्ची पैमाइस के लिए 5 से 7 हजार तो पत्थर नसब के लिए 10 हजार से ऊपर लिया जाता है। आमद बरामद हो या नामांतरण इसके लिए भी राजस्व कर्मी पैसा लेते है। राजस्व कर्मियों के द्वारा फैलाए गए भ्रष्टाचार जगजाहिर है लेकिन अधिकारी हमेशा मौन धारण किए रहते है। अधिकारी मौन धारण क्यो किए रहते है वायरल ऑडियो में इसकी पुष्टि भी हो गई है। बड़ेङ्कबड़े वाहनों से चलने वाले राजस्व कर्मी की आय से अधिक सम्पति की जांच हो जाय तो अधिकांश राजस्व कर्मी जांच एजेंसियों के रडार पर आ जायेंगे। भ्रष्टाचार के आंकठ में डूबे तहसील तमकुहीराज के तरफ जिलाधिकारी कुशीनगर को ध्यान देना होगा नही तो फरियादियों का शोषण होता रहेगा। फिलहाल उप जिलाधिकारी तमकुहीराज ने ऑडियो का संज्ञान लेकर उक्त लेखपाल को निलंबित कर दिया है।

### भाजपा सरकार में अधिकारी बेलगाम हो गए है: उदय

**तमकुहीराज।** समाजवादी पार्टी के नेता एव पिछले विधान सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के विधान सभा तमकुहीराज से प्रत्यासी रहे डॉक्टर उदय नारायण गुप्ता ने वायरल ऑडियो पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि भाजपा सरकार में अधिकारी बेलगाम हो गए है। जनता त्रस्त है और अधिकारी मस्त है। भाजपा सरकार को आम आदमी से कोई वास्ता नही है।

## वांछित अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद देवरिया द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय जनपद देवरिया के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली एवं थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 302/2023 धारा 302/504/506/120बी आईपीसी थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया से संबंधित प्रकाश मे आये वांछित अभियुक्त रूदल यादव पुत्र बलिराज यादव निवासी शेरवा बभनौली थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया हाल मुकाम इचौना सलाहाबाद थाना सलेमपुर जनपद देवरिया उम्र 33 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर सोनूघाट चौराहे से करीब दो सौ मीटर आगे सलेमपुर जाने वाली रोड पर (थाना क्षेत्र कोतवाली) गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त रूदल यादव पुत्र बलिराज यादव को मा0 न्यायालय में प्रस्तुत कर रिमांड प्राप्त करते हुए न्यायिक अभिरक्षा मे जिला कारागार जनपद देवरिया भेजा गया। घटना में संलिप्त पिकप वाहन (यूपी 52 एटी 3494) को भी पुलिस टीम द्वारा बरामद कर लिया गया है। ज्ञातव्य है कि मुकदमा उपरोक्त दिनांक 11.10.2023 को वादी श्री प्रियांशु मिश्र पुत्र अशोक मिश्र निवासी परसिया मिश्र थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया द्वारा अपने पिता अशोक मिश्र, जो कि वर्तमान में ग्राम परसिया मिश्र थाना खुखुन्दू के ग्राम प्रधान थे, की अज्ञात पिकप से ठोकर मारकर हत्या किये जाने के सन्दर्भ में थाना खुखुन्दू पर पंजीकृत कराया गया। सदर सीओ श्रीयश त्रिपाठी दिनेश कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना कोतवाली जनपद देवरिया संतोष कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया 3. हे0का0 संजय सिंह यादव थाना कोतवाली जनपद देवरिया सन्तोष कुमार यादव थाना कोतवाली जनपद देवरिया अविनाश कुमार सिंह थाना कोतवाली जनपद देवरिया।

## इलियास आज़मी पर कार्यक्रम आज

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** 28 जून को हजरतगंज स्थित सहकारिता भवन में पूर्व सांसद इलियास आजमी के व्यक्तित्व एवं सार्वजनिक सेवाओं पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रमुख हस्तियां उनकी राजनीतिक एवं सार्वजनिक सेवाओं पर अपने विचार व्यक्त करेंगी। इलियास आजमी के बेटे अरशद सिद्दीकी के मुताबिक, यह कार्यक्रम 12 बजे शुरू होगा।

## एसपी ने ली परेड की सलामी

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा फतेहगढ़ पुलिस लाइन ग्राउंड में शुक्रवार को परेड़ की सलामी ली। इस के बाद पुलिस लाइन में स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विगत डेढ़ माह से जनपद के विभिन्न स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के उपरांत विगत दिवस अमृत कलश जनपद मुख्यालय पहुंचे, जहां जनपद के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में श्रीदेवी मेला प्रदर्शनी के कादंबरी रंगमंच पर देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की मोहक प्रस्तुति विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई, आज 09 विकास खंडों एवं 10 नगर निकायों से जनपद मुख्यालय पहुंचे 02-02 कुल-38 कलशों को पुलिस एस्कॉर्ट के साथ प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि ''मेरी माटी-मेरा देश'' माटी को नमन, वीरों को वंदन, अमृत कलश यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत स्तर से लेकर नगर पंचायत के प्रत्येक वार्ड पर हुए कार्यक्रमों से जनपद की युवा पीढ़ी को अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा स्वतंत्रता पाने के लिए दिए गए बलिदानों की जानकारी मिली, युवाओं को अपने क्रांतिकारी योद्धाओं के जीवन-दर्शन के साथ देश की आजादी को अक्षुण रखने, शरहदों की रक्षा करने के लिए समय-समय पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों बारे में भी जानकारी मिली, अमृत कलश यात्रा के दौरान प्रत्येक जनपदवासी ने अपनी सक्रिय भागीदारी देकर अपने वीर-सपूतों को श्रृद्धा-सुमन अर्पित किये।

# प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया

**अवधनामा संवाददाता**

**सीडीओ ने अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका को देखा**

**मैनपुरी।** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने प्राथमिक विद्यालय भोजपुरा का निरीक्षण किया, निरीक्षण के समय प्रधानाचार्या राधा त्रिपाठी उपस्थित पायी गयीं, खण्ड शिक्षा अधिकारी को बुलाने पर विलम्ब से उपस्थित हुए,विद्यालय में साफ-सफाई का अभाव पाया गया, विद्यालय के शौचालय अत्यन्त गन्दे पाये गये। अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि विद्यालय में प्रधानाध्यापिका राधा त्रिपाठी के साथ ही राका चौहान, शिल्पा सागर शिक्षामित्र, नन्हीदेवी एवं ममता रसोइया तैनात हैं, निरीक्षण के समय शिल्पा सागर उपस्थित नहीं थी बताया गया कि उपचार कराने चिकित्सालय गयी है, पत्र व्यवहार पंजिका में चिकित्सा हेतु प्रस्थान करने का विवरण अंकित पाया गया, बाद में निरीक्षण के समाप्त होने से पूर्व शिल्पा सागर उपस्थित हो गयी थी। विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजिकाओं का अवलोकन करने पर विद्यालय में कक्षा 1 में पंजीकृत 14 के सापेक्ष कु. दीक्षा बाथम का ननिहाल जाना दर्शाया गया है, कक्षा 02 में पंजीकृत 31, कक्षा 3 में 22 बच्चों, कक्षा 4 एवं कक्षा 5 में 23-23 बच्चों को दर्शाया गया है इस प्रकार विद्यालय में कुल 108 बच्चे पंजीकृत है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राधा त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय में 119 बच्चे पंजीकृत हैं। छात्रों की उपस्थिति पंजिका में दिनांक 26.10.2023 एवं निरीक्षण की दिनांक 27.10.2023 को किसी भी छात्र/छात्रा की उपस्थिति अंकित नहीं पायी गयी, जो एक गम्भीर अनियमितता है। निरीक्षण के समय विद्यालय में मात्र 40 बच्चे, जिनमें 25 बालिका 15 बालक उपस्थित थे। इस प्रकार कुल 108 के सापेक्ष कुल 40 बच्चे ही उपस्थित पाये गये। इस प्रकार बच्चों की उपस्थिति अत्यन्त कम है। शिक्षण कार्य की समीक्षा करने पर बच्चों के शिक्षा का स्तर अत्यन्त निम्न पाया गया कक्षा 03 एवं 04 के बच्चों को 02 अंको का गुणा करना भी नहीं आता था।

## एक दिन की बनी महिला कोतवाल ने काटा भाई का चालान

**लखनऊ अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश बुलंदशहर में बहन साक्षी भाटी एक दिन की कोतवाल बनाई गई तो भाई अभिषेक बहन द्वारा चलाये जा रहे चेकिंग अभियान को देखने के लिए बिना बेल्ट लगाए कार ड्राइव करते हुए पहुँच गया ये देख एक दिन की बनी कोतवाल बहन ने भाई को यातायात के नियमो का पाठ पढ़ाया और उसका चालान काट दिया। बता दें कि बीएड की छात्रा साक्षी भाटी को मिशन शक्ति के तहत यह जिम्मेदारी मिली तो सबसे पहले साक्षी ने कोतवाली चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान बिना बेल्ट लगाए कार ड्राइव कर रहे अपने सगे भाई अभिषेक भाटी का चालान काट दिया। उन्होंने कहा कि कानून सबके लिए समान है। जो कानून और नियमों का उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पेशे से किसान और वर्तमान में बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी रमेशचंद भाटी की बेटी साक्षी भविष्य में आईपीएस अफसर बनना चाहती है। साक्षी भाटी ने निरीक्षक की कुर्सी संभालते हुए फरियादियों की शिकायतें भी सुनीं और पुलिस को निस्तारित किए जाने के आदेश दिए। उन्होंने महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को प्रभावी कार्य योजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया।

## सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के सलेमपुर पतौरा गांव में गुरुवार देर रात रंजीत के चलते स्कार्पियो सवार कुछ लोगों ने युवक पर फायरिंग कर दी गाली मत रही की गोली युवक के बगल से निकल गई जिसमें उसकी जान बच गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल पर जांच कर रही है काकोरी के सालिमपुर गांव निवासी आकाश गौतम पर के सलेमपुर पतौरा गांव निवासी मां बबली गौतम के साथ रहता है गुरुवार रात वह कुछ दोस्तों के साथ गांव स्थित सरदार भगत सिंह स्कूल के पास पुलिया पर खड़ा था आप है कि गांव के ही रंजीत यादव वह आदर्श यादव छोटे और बड़े दोनों भाई स्कॉर्पियो से वहां पहुंचे और आकाश को देखते ही उसे पर फायरिंग कर दी गोली आकाश के बगल से निकल गई जिसमें वह बाल बाल बच गया बबली गौतम ने बताया कि फायरिंग करने वाले दोनों भाइयों ने 22 दिसंबर 2019 को उसके बड़े भाई पूर्व ग्राम प्रधान रामकुमार गौतम उर्फ़ गुड्डू की गोली मारकर हत्या कर दी थी जिसमें दोनों जेल गए थे इंस्पेक्टर श्रीकांत राय का कहना है की वारदात की जानकारी मिली है पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की जांच की जा रही है।

# भगवान राम भारत की आत्मा में बसे है



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** प्रभु श्रीराम जी के मंदिर नव निर्माण के अंतर्गत आनंदोत्सव कार्यक्रम के तहत आयोजित श्री रामार्चन महायज्ञ/ श्री राम कथा के दौरान शुक्रवार को गोमती तट स्थित श्याम मंदिर प्रांगण में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम के आयोजक प्रखर विचारक हिंदुत्व के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस पी आई महासंघ डॉ0 एस आर मिश्रा ने कहा कि भगवान राम भारत वर्ष की आत्मा में बसे है। कार्यक्रम के सह आयोजक शरद अग्निहोत्री ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्य विधान परिषद व नगर अध्यक्ष द्वारा धर्म ध्वज की स्थापना के साथ किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री ऊर्जा ए के शर्मा ने भी वेदी पूजन के साथ रामार्चन महायज्ञ के साथ बेद व्यास अमरेश्वरा नंद जी के श्री राम कथा सुना आनंदोत्सव मनाया। शरद जी ने वार्ता के दौरान बताया कि अयोध्या में राम मंदिर के नव निर्माण से भारत को नई दिशा मिलेगी। और भारत विश्व गुरु के रूप में दुनिया का मार्ग दर्शन करेगा। उन्होंने बताया कि श्री राम मंदिर निर्माण के आनदोत्सव में 21 राम कथा का आयोजन होना है। अभी इस कथा के बाद पांच जगहों पर राम कथा व रामार्चनमहायज्ञ का कार्यक्रय निर्धारित हो चुका है। शुक्रवार को राम कथा के दौरान सांसद विधान परिषद व पूर्व मुख्य मंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा ने कथा सुनी।

# उद्योगों के संचालन में किसी भी उद्यमी को कोई असुविधा न हो

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला उद्योग बंधु, जिला व्यापार बंधु की बैठक में उद्योग विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान जो 185 एम.ओ.यू. हुए हैं, उनमें से 200 करोड़ रू. से ऊपर के एमओयू की सूची तैयार कर उपलब्ध करायें, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए जो 1013.66 करोड़ के 67 एमओयू तैयार है, उन उद्यमियों के साथ तत्काल बैठक कराई जाए, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए और एमओयू तैयार किए जाएं, इन्वेस्टर्स समेत के दौरान जनपद में जो भी एमओयू उद्यमियों द्वारा किए गए हैं, वह सभी धरातल पर क्रियान्वयित हो सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उद्योग से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योगों के संचालन में किसी भी उद्यमी को कोई असुविधा न हो, उद्यमियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित क्षेत्राधिकारी नगर से कहा कि इस समय मंडियों में धान की आवक में तेजी आई है, मंडियों के आसपास जाम की समस्या उत्पन्न होने की संभावना है साथ ही धान लेकर आने वाले किसान वापसी में अपने संग नगदी लेकर जाते हैं इसलिए मंडी के आसपास पुलिस पिकेट, सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जाएं। श्री सिंह ने डिप्टी आरएमओ, सचिव मंडी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को अपनी उपज का धान बेचने में किसी भी स्तर पर असुविधा न हो, किसी के द्वारा किसानों का शोषण न किया जाए। उन्होने बैंकर्स को निर्देशित करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वःरोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की पत्रावलियों पर प्राथमिकता पर ऋण-वितरण करना सुनिश्चित करें ताकि जरूरतमंद व्यक्ति अपना स्वाःरोजगार स्थापित कर स्वावलंबी बन सके, संचालित जन कल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजनाओं में समय से ऋण उपलब्ध करायें, पत्रावलियों को बैंकर्स लंबित न रखें यदि प्रेषित पत्रावली पर ऋण उपलब्ध करना संभव न हो तो संबंधित बैंक पत्रावली पर विस्तृत टिप्पणी अंकित कर वापस करें।

## बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़ समय से पहले विद्यालय हो रहे बंद

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश सरकार बच्चों के भविष्य के को लेकर कई प्रकार की योजनाएं चला रही है बेहतर शिक्षा देने के लिए कायाकल्प विद्यालयों के कराए जा रहे हैं जहां अध्यापक नहीं है वहां अध्यापकों की नियुक्ति भी की जा रही है लेकिन कुछ विद्यालय ऐसे हैं कि जो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं वही आपको बता दें कि विकासखंड राजेपुर के गांव ग्राम पंचायत जिठौली के मजरा रामपुर में बने विद्यालय जो की 2:00 बजे ही बंद हो जाता है जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने दी जब स्वतंत्र प्रभात की टीम मौके पर पहुंची तो विद्यालय में ताला लटका मिला वही आपको बता दें कि गांव नगरिया गिरधर प्राथमिक विद्यालय जो की समय से पहले 248 पर बंद हो गया ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय कभी भी समय से नहीं खुलता व समय से पहले ही बंद हो जाता है जिसको लेकर ग्रामीणों ने बताया है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है शिकायतें भी की गई लेकिन अध्यापक है कि मानते ही नहीं वह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं मौके पर मौजूद ग्रामीण राकेश के द्वारा बताया गया शासन प्रशासन के द्वारा बच्चों की पढ़ाई को लेकर जोर दिया जा रहा है लेकिन अध्यापक ध्यान नहीं देते वही आपको बता दें कि रामपुर निवासी युवक अजय ने बताया है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है अध्यापक 2:30 बजे ही विद्यालय बंद कर चले जाते हैं जो बच्चे स्कूल आते हैं उन्हें ठीक पढ़ाई नहीं मिल पाती जिसके कारण वह प्राइवेट विद्यालयों में जा रहे हैं लेकिन देखने वाली बात यहां होगी की लापरवाह अध्यापकों के ऊपर शिक्षा विभाग के द्वारा क्या कार्रवाई होती है। जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अनूप कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया जो अध्यापक अनुपस्थित पाए गए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा हाईस्कूल का अंक प्रमाण पत्र व मूल प्रमाण पत्र अनुक्रमांक सं0 1921234 वर्ष 2008 तथा इण्टरमीडिएट का अंक प्रमाण पत्र व मूल प्रमाण पत्र अनुक्रमांक सं0 0949340 वर्ष 2010 का मूल प्रति वास्तव में कही खो गया हैं।

**शत्रुघ्न प्रसाद पुत्र रामशंकर निवासी वार्ड नं. 03 श्री राम नगर नगर पंचायत भारत भारी पो. डुमरियागंज थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश**

272189

# दीपोत्सव की सफलता के लिए कुलपति ने राम की पैड़ी पर किया सरयू पूजन

## दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए राम की पैड़ी पर पूजन अर्चन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** योगी सरकार द्वारा अबकी बार सातवें दीपोत्सव को भव्य बनाने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने दीपोत्सव-2023 को एतिहासिक बनाने के लिए शुक्रवार को प्रातः 7 बजे राम की पैड़ी पर मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन अर्चन किया। इस पूजन में सरयू मन्दिर के पुजारी नेत्रजा मिश्र ने विधि विधान से दीपोत्सव की सफलता के लिए पूजन कराया। इससे पहले कुलपति प्रो गोयल ने मॉ सरयू जलाभिषेक के साथ सफल आयोजन हेतु कामना की। कुलपति प्रो गोयल ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश शासन व अवध विश्वविद्यालय के

सहयोग से दीपोत्सव को एतिहासिक बनाया जाएगा। इसमें 24 लाख से अधिक दीए सजाने के साथ 21 लाख दीए प्रज्ज्वलित किए जायेंगे। इसके लिए आवासीय परिसर, संबद्ध महाविद्यालयों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के 25 हजार से अधिक वॉलंटियर्स लगाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा घाटों पर दीए बिछाए जाने की मार्किंग का कार्य सम्पन्न हो चुका है। सभी के सहयोग से सातवें दीपोत्सव में छठवीं बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया जाएगा। कुलपति ने बताया कि अयोध्या का प्रांतीय दीपोत्सव पूरी दुनिया में सांस्कृतिक छटा बिखेर रहा है। इस प्रान्तीयकृत दीपोत्सव मेले को लेकर भारतीय जनमानस सहित विश्वभर के लोग बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षारत हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है।

दीपोत्सव के वालंटियर्स व पदाधिकारी 11 नवम्बर को पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व पटल परा स्थापित करेंगे।इस दौरान अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, विवि के कुलसचिव डॉ अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो संत शरण मिश्र, प्रो चयन कुमार मिश्र, प्रो नीलम पाठक, प्रो शैलेन्द्र वर्मा, प्रो सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो गंगाराम मिश्र, डॉ अवध नारायण, डॉ सुरेन्द्र मिश्र सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी शामिल रहे।

## विशेष सांक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अभियान के तहत मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारंभ

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2024 से आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अभियान के तहत मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का झुनझुनवाला पीजी कॉलेज हांसापुर, अयोध्या में दीप प्रज्ज्वलित कर व मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष निरीक्षण अभियान के तहत समस्त बूथ लेवल ऑफिसर्स यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्र के सभी पात्र बताता मतदाता सूची में पंजीकृत हो जाएं इस हेतु जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले पूर्ण करने वाले प्रत्येक नागरिक का मतदाता सूची में नाम अंकित करना उनके कर्तव्य निर्वहन की प्रथम सीढ़ी है तथा दूसरा सकारात्मक रूप से अपने कर्तव्यों का तार्किक तरीके से मतदान दिवस के दिन मतदान में भाग लेना व मतदान करना है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि जो व्यक्ति 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है या पूर्ण कर चुके है तथा अभी तक उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नही है, वे अपना आवेदन फार्म-6 पर प्रस्तुत कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा अवश्य शामिल कराएं।

## महिला कार्यकताओं का सम्मेलन आज उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे सम्बोधित

**अयोध्या।** भाजपा द्वारा देवकाली स्थित गोकुल रिसोंट में 28 अक्टूबर को महानगर की महिला कार्यकताओं का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सम्बोधित करेंगे। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास होने के बाद से भाजपा लगातार महिलाओं से संवाद स्थापित कर अधिनियम के बारे में जागरूक कर रही है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि महिला सम्मेलन दोपहर में 2 बजे से प्रारम्भ होगा। जिसमें महानगर से लगभग 2 हजार महिलाओं की संख्या रहेगी। व्यवस्था को लेकर महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौप दी गई है। कार्यकर्ता महिलाओं से सम्पर्क व संवाद कर उन्हें सम्मेलन में आर्मत्रित करें। जिससे उपमुख्यमंत्री द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में उनसे संवाद किया जा सके।

## जुलूसे गौसिया का सपा नेताओं ने किया स्वागत

**अयोध्या।** जुलूसे गौसिया का रीडगंज चौराहे पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन, जिला अध्यक्ष पारस नाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया स्वागत। जुलूसे गौसिया का स्वागत रीडगंज चौराहे पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन , जिला अध्यक्ष पारस नाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महानगर महासचिव हामिद जफर मीसम ने मौलाना शमसुल कमर, मौलाना बगदादी को माला पहनाकर स्वागत किया, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर स्वागत करने वालों में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, जिला अध्यक्ष पारस नाथ यादव,महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामिद जफर मीसम , पूर्व सभासद जिला सचिव वसी हैदर गुड्डू, महानगर सचिव वीरेन्द्र गौतम, जगन्नाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष अरौनी पासवान, जय प्रकाश यादव, पार्षद मुकेश कोरी, छात्र संघ अध्यक्ष आभास कृष्ण यादव कान्हा, जिला सचिव अंसार अहमद बब्बन,अखिलेश चतुर्वेदी इत्यादि लोग मौजूद थे।

फोटो 8-कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते जिलाधिकारी

## 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा मतदाता सूची में नाम कराये दर्जः जिलाधिकारी

सहारनपुर। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्रा ने कहा कि फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाता अपना नाम सूची में दर्ज करायें और आज से एकीकृत आलेख्य निर्वाचन नामावलियों का प्रकाश हो गया है। जिस पर 9 दिसम्बर तक आपत्तियां दर्ज की जायेगी।

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2024 के आधार पर फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 का प्रयोजन चल रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्वाचन के लिए मतदाता सूची अहम होती है और इसके लिए आज एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाश पूर्ण कर लिया गया है, जिस पर आज से 9 दिसम्बर तक आपत्तियां मांगी गयी है। उन्होंने बताया कि जनपद की सातों विधान सभा सीटों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नामित किए गए है। जिसमे बेहट में उपजिलाधिकारी बेहट, नकुड़ में उपजिलाधिकारी नकुड़, नगर में नगर मजिस्ट्रेट, सहारनपुर देहात पर उपजिलाधिकारी सहारनपुर, देवबन्द में उपजिलाधिकारी देवबन्द, रामपुर मनिहारान में उपजिलाधिकारी रामपुर मनिहारान, गंगोह में अपर जिलाधिकारी को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विशेष अभियान 4 नवम्बर, 6 नवम्बर, 25 नवम्बर, 26 नवम्बर, 2 दिसम्बर, 8 दिसम्बर को चलाया जायेगा। जिसमें मतदाता के नये नामों को सूची में दर्ज कराना तथा संशोधन कराना सहित अन्य त्रुटियों को दूर किया जायेगा। 26 दिसम्बर को दावें और आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा तथा 6 जनवरी 2024 को निर्वाचन नामवलियों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता फार्म 8 अवश्य भरे, क्योंकि इसमें नाम परिवर्तन, नाम बढ़वाना, नामों का शुद्धिकरण, नाम कटवाना शामिल है, इसलिए सभी लोग फार्म 8 अवश्य भरें। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में फार्म 6, 6ए, 7 व 8 जनसामान्य के उपयोग हेतु उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सभी नये मतदाता अपने नामों का सूची में आलेख्य अवश्य करायें। सभी सूचियां राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दे दी गयी है।

## जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को दिलायी मतदाता अभियान की शपथ

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज से आगामी 9 दिसम्बर तक मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया जायेगा, जिसमें आगामी एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम दर्ज किए जायेंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि जो छात्र 18 वर्ष की आयु पूरी कर मतदाता बनने की अर्हता पूरी करता है, वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का काम करें। इस दौरान उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को शपथ भी दिलायी। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र आज दिल्ली रोड स्थित पाइनवुड स्कूल में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 9 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान में नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के साथ मतदाताओं के नाम व अन्य त्रुटियों को भी सही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए अभियान चलाया गया है। जिसका सभी को लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत करने के साथ-साथ अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ भी दिलायी।

## खनन से भरे डम्पर की चपेट में आकर छात्र गंभीर घायल

सहारनपुर। थाना देहात कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत टपरी नागल मार्ग पर खनन से भरे डम्पर की चपेट में आने से एक साइकिल सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होते ही चालक डम्पर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने घायल छात्र को उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां छात्र की हालत गंभीर बनी हुयी है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना देहात कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गांव नन्दी फिरोजपुर निवासी बिट्टू का 13 वर्षीय पुत्र राघव न्यू ऐरा एकेडमी में कक्षा 8 का छात्र है।

बताया जाता है कि राघव आज साइकिल पर सवार होकर अपने स्कूल जा रहा था। जैसे ही वह टपरी नागल मार्ग पर पहुंचा, तभी सहारनपुर की ओर से आ रहे खनन से भरे डम्पर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे राघव गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होते ही चालक डम्पर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

## निवेश मित्र सिंगल विन्डो पोर्टल व ईज आफ डुईंग बिजनेस पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में निवेश मित्र सिंगल विन्डो पोर्टल व ईज आफ डुईंग बिजनेस पर एक दिवसीय मण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभागार में किया गया। मण्डलायुक्त ने कार्यशाला में आये हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं उद्यमी बन्धुओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सरकार द्वारा की गयी ईज आफ डुईंग बिजनेस पहल के बारे में जागरूकता पैदा करना है। प्रदेश सरकार की एकल विन्डो प्रणाली का बेहतर ढंग से उपयोगकर्ता इस्तेमाल कर सकें इसकी जागरूकता लाना है, इसके साथ ही इस एकल विन्डो प्रणाली के माध्यम से विभिन्न उद्यमों लगाने हेतु एनओसी/लाईसेंसिंग की प्रक्रिया सुलभ होगी उद्यमी घर बैठे ही ऑनलाइन पोर्टल के माद्यम लाइसेंस व एन0ओ0सी0 निर्गत करवा सकते है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा इस विस्तृत कार्यशाला का आयोजन इसलिए भी किया गया है कि इस पोर्टल से सम्बंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित किया जा सकें तथा उद्यमी भाईयों को जो समस्यायें आ रही हो उनका कार्यशाला के दौरान ही निराकरण कराया जा सकें। कार्यशाला का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग तथा जीएम डीआईसी अयोध्या ने किया। कार्यशाला में अयोध्या के विभिन्न प्रमुख उद्यमियों ने भाग लिया तथा सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## शिकायत करने पर लेखपाल ने फ़ोन पर धमकाया, शासन प्रशासन से शिकायत

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** नेताजी सुभाष सेवा संस्थान के सचिव डॉ. ओमप्रकाश प्रकाश ने जिलाधिकारी से इटौंजा लेखपाल द्वारा उन्हें धमकाने की शिकायत की गयी है। तहसील फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम मानपुर मजरे इटौंजा निवासी अम्ब्रेश कुमार द्वारा आरसीसी सम्पर्क मार्ग की पटट्री काटकर खेत में मिला लेने की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से 30 सितम्बर को की गयी। जिसमे स्थानीय लोकपाल प्रिंस शर्मा ने आरोपी से सांठ गाँठ करके ऑनलाइन शिकायत में निराधार एवं झूठी रिपोर्ट लगाकर विभागीय अधिकारियों को भ्रमित किया। डा. प्रकाश ने इसके विपरीत अपील की जिसके फलस्वरूप उच्च स्तरीय जांच सम्भवतः स्वीकार हुई। इससे कुपित होकर स्थानीय लेखपाल में डॉ. प्रकाश प्रकाश के नम्बर पर मिस कॉल की। उन्होंने पलटकर 10.20 बजे कॉल की तो कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को लेखपाल बताकर धमकाना शुरू कर दिया। डा. प्रकाश ने फोन काट दिया और इसे गम्भीरता से लेते हुए आर्थिक, शारीरिक व सामाजिक प्रतिष्ठा पर हमले की आशंका जताकर जिलाधिकारी एवं शासन से विधि सम्मत कार्यवाही की मांग की है। अनेक समाजसेवी व प्रतिष्ठित लोगों ने इस घटना की जिन्दा करते हुए कठोर कार्यवाही की अपील शासन से की है।

## विवाहिता ने ससुराल वालों पर दर्ज कराया मुकदमा

**सफदरगंज बाराबंकी।** दहेज मे बुलेरो एव दो लाख की नगदी न मिलने पर विवाहिता की तहरीर पर सफदरगंज पुलिस ने पति, सास-ससुर, ननद और जेठ सहित पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दरामनगर निवासी उमेश चंद्र की पुत्री सत्यवती का विवाह दस मई 2022 को सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अगेहरा निवासी फूलचंद्र के पुत्र राहुल कुमार के साथ हुई थी । आरोप है कि दहेज मे बुलेरो गाड़ी एव दो लाख की नगदी न मिलने से पति राहुल कुमार, सास कांति देवी ससुर, फूलचंद ननद लक्ष्मी व जेठ परशुराम विवाहिता को दहेज को लेकर ताने मारते है। युवती ने जब विरोध किया तो ससुरालीजन प्रताड़ित करने लगे ओर कई बार मारपीट कर घर से भगा दिया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने पति राहुल , सास कांति देवी, ससुर फूलचंद, जेठ परशुराम, ननद लक्ष्मी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

## डिजिटल भारत बनते देश मे लकड़ी के खम्भो से गुजर रहे बिजली के तार

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** विभागीय अधिकारियों की लापरवाही एव अन्देखी के कारण महीनो से झुके हुए लकड़ी के विद्युत पोल को सही न करने से किसी दिन बड़ी दुर्घटना से इंकार नही किया जा सकता हैं । शिकायतों के बाद भी अधिकारियों एव कर्मचारियों के कानो मे जू नही रेंग रहा है। विद्युत उपकेंद्र मसौली से कस्बा सहादतगंज अनूपगंज को विद्युत आपूर्ति की जाती है डिजिटल भारत मे आज भी कस्बा सहादतगंज एव अनूपगंज की बिजली जर्जर लकड़ी के खम्भो के द्वारा बिजली सफलाई की जाती है जो हमेशा जानलेवा बनी रहती है। जबकि विभाग का दावा है कि अब लकड़ी की बल्लियों से बिजली नही सफलाई हो रही है जबकि हकीकत यह है कि बिजली विभाग के अधिकारी एव कर्मचारी उच्च अधिकारियों की आँखों मे धूल झोंक कर आज भी लोगो की जान की परवाह किये बगैर लकड़ी के खम्भो से बिजली आपूर्ति कर रहे हैं । बानगी के तौर पर सहादतगंज के मोहल्ला सुरजू मे पक्की मस्जिद के निकट लगा लकड़ी का खम्भा बीते कई दिनों से जमीन को निहार रहा है जो किसी भी दिन जमीन पर गिर सकता है घनी आबादी होने के कारण घटना से इंकार नही किया सकता है।

## वायु सेना के जवान का शव पहुंचा गांव

**सहारनपुर।** पूना में तैनात वायु सेना के जवान की बीमारी से मौत के बाद तिरंगे में लिपटा शव गांव ईशाकपुर पहुंचा, जहां आज आंसुओं में डूबे सैकड़ो क्षेत्र वासियों की मौजूदगी में गमगीन माहौल में सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान वायु सेना की टुकड़ी ने 33 राउंड फायरिंग कर मृतक जवान के शव को अंतिम सलामी दी।

थाना नागल क्षेत्रान्तर्गत गांव ईशाकपुर निवासी करणपाल का पुत्र अंकुर वर्ष 2012 में वायु सेना में भर्ती हुआ था तथा अब पूना में तैनात था। 24 सितंबर को वह 10 दिन के अवकाश पर घर आया था तथा 6 अक्टूबर को ड्यूटी चला गया था, उसके बाद वह बुखार की चपेट में आ गया तथा पूना में ही उपचार के दौरान उसका निधन हो गया। शुक्रवार सुबह अंकुर का तिरंगे में लिपटा शव गांव पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया तथा क्षेत्र में शोक छा गया।

## ग्राम चौपाल में सुनी गईं आमजन की समस्या

**मसौली बाराबंकी।** गांव की समस्याओ को गाँव मे निस्तारण के लिए प्रत्येक शुक्रवार को होने वाले ग्राम चौपाल के तहत ग्राम पंचायत बेहटा एव बुधवारा मे ग्राम चौपाल का अयोजन किया गया। बुधवारा ग्राम पंचायत मे आयोजित ग्राम चौपाल मे राजरानी ने शौचालय की मांग की वही मो गुफरान ने आवास के लिए मांगपत्र दिया। इसी क्रम मे ग्राम पंचायत बेहटा निवासी अनिल कुमार ने प्रधानमंत्री आवास के पूर्ण होने के बाद भी मजदूरी न मिलने की शिकायत की अशोक कुमार ने परिवार रजिस्टर के लिए आवेदन किया। इस मौक़े पर ग्राम प्रधान बेहटा इसरार अहमद, ग्राम प्रधान बुधवारा अनिल कुमार पंचायत सचिव सौम्या सिंह व उत्तम वर्मा मौजूद रहे।

## शक्ति दीदी ने महिलाओं को पढ़ाया आत्मरक्षा का पाठ

**बाराबंकी।** शारदीय नवरात्र में शुरू हुए मिशन शक्ति के चौथे चरण में शक्ति दीदी ने विभिन्न ग्राम पंचायतों व अपनी तैनाती क्षेत्र में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा का पाठ पढ़ाया गया। मिशन शक्ति के चौथे चरण में सोमवार को महिला बीट अधिकारी शक्ति दीदी के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चौपाल लगा कर महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने मिशन शक्ति अभियान, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंक सखी, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की जानकारी दी गई। इसके साथ ही राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण, रोजगार या सुरक्षा से सम्बन्धित मिशन व योजनाओं के विषय में जागरूक किया। जरूरी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए साइबर अपराध से बचने के तरीके भी बताए।

## अमृत कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** जनपद के सभी ब्लाकों व नगर निकायों से मेरी माटी, मेरा देश अभियान के अंतर्गत एकत्रित अमृत कलशों को लेकर जाने वाले वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद के सभी ब्लाकों और नगर निकायों से एकत्रित अमृत कलश लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम के लिए जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह के नेतृत्व में लखनऊ के लिए रवाना किया गया। जनपद के कुल 12 विकास खंडों और 11 नगर निकायों से एकत्रित कुल 23 अमृत कलश बालाजी लॉन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में एकत्रित किया गया। यहां से कुल 24 वालंटियर जिला युवा कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में लखनऊ पहुंचेंगे। प्रदेश के अन्य जनपदों से आने वाले अमृत कलश यात्रियों सहित लखनऊ के विभिन्न प्रसिद्ध स्थलों का भ्रमण करेंगे और फिर वसुधा वंदन वाटिका झूलेलाल पार्क लखनऊ पहुंचेंगे, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वही 29 अक्टूबर को सभी यात्रियों को मुख्यमंत्री द्वारा शिल्पग्राम से दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विभिन्न गांवों और वार्डों की मिट्टी कर्तव्य पथ पर बनने वाले अमृत उपवन का हिस्सा बनेगी। यह जनपद के लिए गर्व का विषय है। सभी अमृत कलश यात्रियों को पूरे जनपद की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। इस अवसर अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बृजमनगंज में दरोगा की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज थाना पर कार्यरत एक दरोगा की उनके निजी क्वाटर में शुक्रवार की सुबह शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। बृजमनगंज थाने में तीन साल से कार्यरत सिपाही राम आधीन (53) दस दिन पहले पैरोकार से प्रमोशन करके एसआई बने थे। एसआई राम अधीन गुरुवार की रात खाना खा कर अपने रूम में सोए हुए थे। जिस मकान में किराए पर रहते थे उसी मकान में थाने के लगभग दर्जनों सिपाही क्वाटर लेकर रहते है। शुक्रवार की सुबह देर तक नही उठने पर बगल के सिपाहियों से देखा उनका दरोगा जी नीचे गिरे हुए है। यह सूचना मिलने पर आनन फानन एसओ श्याम सुंदर तिवारी मौके पर पहुंचे और राम अधीन दरोगा को सीएचसी बृजमनगंज ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही सीओ नौतनवा आभा सिंह सीएचसी बृजमनगंज पहुंची। मृतक राम अधीन 1990 के बैच में भर्ती हुए थे विगत तीन वर्षों से बृजमनगंज थाने पर पैरोकार पद पर कार्यरत थे दस दिन पहले प्रमोशन से एसआई बने थे।

## मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

*अवधनामा संवाददाता*

**फरेंदा (महराजगंज)।** फरेन्दा के परमेश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय पर मतदाता सूची आलेख्य का प्रकाशन किया गया। मैं हूँ ना अभियान के तहत शुक्रवार सुबह 11 बजे मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। जिसके तहत 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें 4 व 5 नवंबर ,25 व 26 नवंबर तथा 2 व 3 दिसंबर को सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर मिलेंगे जहाँ पर नाम जोड़ने, मृतकों के नाम हटाने व संशोधन हेतु फार्म स्वीकार किये जायेगें। इस अवसर पर सभी राजनैतिक दलों से भी अपील की गई कि वो अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से मतदाता सूची के शुद्धिकरण और संशोधन में अपना सहयोग करें। सभी 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट अथवा वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में स्वयं चेक कर सकते हैं। यदि नाम नहीं हैं अथवा कोई त्रुटि हैं तो अपने बूथ लेवल अधिकारी या एनवीएसपी पोर्टल के माध्यम से अपना नाम जुड़वा या संसोधन करवा सकते हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधान सभा फरेंदा रमेश कुमार द्वारा बताया गया कि भारत के नागरिक और 18 वर्ष पूर्ण कर चुके अथवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी नागरिक मतदाता बन सकते हैं इसके लिए ऑनलाइन वोटर सर्विस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन द्वारा, या अपने बीएलओ के माध्यम से या फिर तहसील के मतदाता रजिस्ट्रेशन केंद्र पर अपना फार्म जमा कर सकते हैं।

## कार दरवाजे पर खड़ी थ्रेसर में मारी टकर, दो घायल

**महराजगंज।** भिटौली थानाक्षेत्र के एनएच 730 के अगया पुल पर गुरुवार की रात करीब 10 बजे शिकारपुर से भिटौली की तरफ आ रही मारुति कार अनियंत्रित होकर ब्रह्मानंद चौधरी के घर के दरवाजे पर खड़ी थ्रेसर व टैक्टर ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। मारुति कार में सवार चालक व एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को किसी तरह से मारुति से बाहर निकाल कर भिटौली पुलिस ने इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया। मिली जानकारी के अनुसार भिटौली थाना क्षेत्र के शिकारपुर निवासी देवेन्द्र मोदनवाल व उनके वहाँ काम करने वाला व्यक्ति राजू गुरुवार की देर रात करीब 10 बजे अपने मारुति कार अचानक अनियंत्रित होकर अगया पुल पर ब्रह्मानंद चौधरी के घर के सामने खड़ी थ्रेशर में ठोकर मार दी। टक्कर इतना तेज था कि एक स्कूटर व प्रेशर ट्राली में काफी नुकसान हुआ।

## थाना प्रभारी एवं हेड कांस्टेबलों को दी गई भावभीनी विदाई

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** आगामी चुनावों के मद्देनजर कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए थाना प्रभारी का गैर जनपद गोरखपुर एवं दो हेड कांस्टेबलों का स्थानांतरण महाराजगंज जिला मुख्यालय हो जाने के पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को चौकी परिसर में व्यापारी नेता प्रमोद कुमार जायसवाल, रोशन मद्धेशिया, प्रभात सर्राफ, जितेंद्र वर्मा, अश्वनी रौनियार, शिबू बनारसी, बेलाल अहमद, रवि यादव सहित सभ्रांत नागरिकों ने माला पहना व स्मृति चिन्ह देकर भावभीनी विदाई दी।प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने स्थानान्तरण हो रहे हेड कां.प्रमोद खरवार तथा हिमांशु राय सहित सभी अधीनस्थों एव जनता की तारीफ करते हुये आभार जताया।

इस अवसर पर सिसवा पुलिस चौकी प्रभारी राजेन्द्र सिंह,हेड कांस्टेबल अशोक गिरी, रामरूप, विवेक राव, कां. धर्मपाल सिंह, चंदन चौरसिया, विमलेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत हरीगांव में चौपाल का आयोजन

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** गांव की समस्या गांव मे समाधान के तहत शुक्रवार को विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरीगांव के पंचायत भवन पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चौपाल का आयोजन किया गया गांव की समस्या गांव में ही समाधान किया जा सके। जिस की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी रामप्रवेश ने किया। चौपाल में मौजूद सचिव प्रियंका गोस्वामी ने कहा की घर के अन्दर जन्म या मृत्यु हो 21 दिन के आन्दर आनलाइन आवेदन करके प्रमाण पत्र हासिल करले जिससे समय रहते अपने कार्य में लगा सके। खण्ड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों से बृध्दा पेंशन, विधवा पेंशन सौचालय अवास योजना के बारे मे जानकारी ली मौजूद ग्रामीणों ने खडंजा और नाली निर्माण कार्य कराने की मांग की जल्द ही कार्य करने को कहे और सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान रोजगार सेवक सोनू, पशु चिकित्सा अधिकारी डाश राजकमल यादव, सफाई कर्मी कमला कांत,राम हरख शिव नाथ यादव, जोगिंद्र,मेही राम, अशोक, सुरज चौरसिया, मनीष, दिलीप, इंनर मती, मंशा, गेना देवी, माला देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर पर चौपाल का आयोजन

**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसूलपुर में गांव की समस्या गांव में समाधान योजना के तहत शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर पर चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें आवास व शौचालय का मामला छाया रहा। एडीओआईएसबी चंद्रशेखर सिंह के अगुवाई में चौपाल शुरु हुआ। चौपाल में किसान सम्मन निधि और पेंशन से संबंधित 28 मामले दर्ज हुए। एडीओ आईएसबी चंद्रशेखर सिंह ने चौपाल के उद्देश्यों को बताते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि से संबंधित में आए मामलों में कृषि विभाग को अवग कराया गया तथा वीडिओ समाज कल्याण कुलदीप यादव को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। आवास के 9 मामले आए जिसमें ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार को सूची तैयार करने का निर्देश दिए। बाल विकास पुष्ठाहार विभाग द्वारा अन्नप्राशन व गोद भराई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिनिधि अजय पाल, तकनीकी सहायक ब्रह्मानंद चौरसिया, सुरेंद्र यादव, शीला देवी, जनक, नंदिनी, प्रमोद चंद, शिव प्रकाश यादव, मुकेश कुमार, विष्णु प्रताप पाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## अभियान के रूप में चलेगा मतदाता सूची का विशेष पुनिरिक्षण कार्यक्रमः ज़िला निर्वाचन अधिकारी

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कायक्रम 2024 के तहत प्रारूप प्रकाशन व निर्वाचन से संबंधित अन्य कार्यों को लेकर प्रेस वार्ता किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची कार्यक्रम के तहत किए जा रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में बताया कि एक जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संचालन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गये हैं। जिसके अनुसार मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम तय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 27 अक्तूबर को, दावा व आपत्ति दाखिल 27 से 9 दिसंबर को, विशेष अभियान 28 एवं 29 अक्तूबर और 4 एवं 5 जनवरी को तथा दावा आपत्ति के निस्तारण 26 दिसंबर को होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव के निर्देश पर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 27 अक्तूबर को सोशल मीडिया पर विशेष अभियान का चलाया जाएगा।

## अमृत कलश वाहन को सांसद ने किया रवाना

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पण करने के लिये टाउन क्लब में एकत्रित किये गये अमृत कलश वाहन को सांसद हरीश द्विवेदी एवं जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने हरी झण्डी दिखाकर राजधानी लखनऊ के लिये रवाना किया। सांसद ने कहा कि जनपद के सभी विकास खण्डों व नगर पंचायतों से एकत्र किये गये अमृत कलश सुरक्षित रुप से 24 प्रतिभागियों द्वारा इस जागरुकता वाहन के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। जो मिट्टी को नमन-वीरों का वंदन के लिये आम जन मानस में श्रद्धा भाव उत्पन्न करेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्रा, एम.एल.सी. प्रतिनिधि हरीश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सी.एस., डीडीओ निर्मल द्विवेदी, पर्यटन अधिकारी विकास नारायण, सत्येन्द्र सिंह भोलू सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मार्गो पर निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहनों को खड़ा करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए तथा अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने हेतु हाई-वे पेट्रोलिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा आवश्यकतानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की जाए। ( आई0एस0आई0/बी0आई0एस0 मानक वाले हेल्मेट क्रय करने, हेल्मेट का सही प्रकार से प्रयोग ( चालक तथा पिलियन राइडर) हेतु आम जनमानस को जागरूक किया जाए। साइकिल एवं मैनुअल रिक्शा चालकों को रेट्रो रिफ्लेक्टिव स्टीकर लगाये जाने हेतु जागरूक किया जाए। स्कूली वाहनों/एम्बुलेंसेस/सरकारी विभागों में कार्यरत वाहनों की फिटनेस जांच की समीक्षा तथा उनके चालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच कराया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा तथा अन्य शैक्षिक संस्थानों के स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा एन0एच0ए0आई, रायबरेली को निर्देशित किया गया कि एन0एच0-233 पर हुये गड्ढो का मरम्मत कार्य शीघ्र कराये जाने एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को समस्त विद्यालयों में पिंक वाक्स बनाए जाने के निर्देश दिये गये, तथा प्राप्त प्रार्थना पर उचित कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये गये है, तथा माह में होने वाले प्रत्येक दुर्घटना स्थलों का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुये, दुर्घटना किन कारणो से हुआ है, जानकारी प्राप्त करते हुये, उचित कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है।

# गांव की समस्या गांव में समाधान चौपाल कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत खुनुवा मे स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुनुवा व प्राथमिक विद्यालय अठकोनियां परिसर में खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ कृतिका अवस्थी की अध्यक्षता में गांव की समस्या गांव में समाधान चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ कृतिका अवस्थी ने गांव की समस्या का गांव में समाधान को लेकर शुक्रवार को ग्राम पंचायत खुनुवा व ग्राम पंचायत अठकोनिया गांव के विद्यालयों मे खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ कृतिका अवस्थी की अध्यक्षता में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरकार की योजनाएं गांव के ग्रामीणों तक पहुंचाने को लेकर चौपाल के माध्यम से मौजूद लोगों को सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने क्रमवार जानकारी दी। जिसमें गांवो के समग्र विकास की समस्याओं को गांव में ही समाधान करने के लिए मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए। इसके बाद बीडीओ शोहरतगढ़ ने जनवरी 2023 से दिसंबर 2023तक निः शुल्क खाद्यान्न वितरण, गांव में साफ - सफाई, धात्री महिलाओं के टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड की प्रगति, मनरेगा योजना में कार्यो का निष्पादन व भुगतान के निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। खुनुवां गांव के चौपाल में गांव के राधारमण मिश्र ने लिखित तौर पर नाली निर्माण व सड़क पर अनवरत पानी बहने की शिकायत की। जिस पर बीडीओ ने सेक्रेटरी को शीघ्र समस्या निस्तारण करने के लिए कहा। चौपाल में बाकी बचे समस्या का समाधान जल्द पूरा करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। हल्का लेखपाल मोहम्मद मुश्ताक ने कृषक दुर्घटना बीमा, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र में आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। वहीं ग्राम पंचायत अठकोनियां के चौपाल में भी गांव के लोगों की समस्याओं को बीडीओ सहित उपस्थित अधिकारियों ने समस्याओं को सुनकर समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान संजय कुमार, शीला कुमारी, जिला प्रधान संघ अध्यक्ष डाक्टर पवन मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि बहरैची बाबा, सीडीपीओ ओम प्रकाश यादव, एडीओ पंचायत मोहनलाल, सहायक आपूर्ति निरीक्षक सतीश चन्द्र, एडीओ एजी लवकुश मिश्रा, राजीव सिंह, सेक्रेटरी बृजेश कुमार, लालचन्द चौधरी, रणजीत गिरी, उमेश यादव, गामा यादव, विपुल तिवारी, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्री के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

## वोटर चेतना महाअभियान से युवाओ को जोड़ने का काम करेंगे भाजपा कार्यकर्ता

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव की रणनिति को शशक्त बनाने के लिए वोटर चेतना महाअभियान का सुभारम्भ 29 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के साथ से करने जा रही है। शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर आहूत की गई बैठक में अभियान से जुड़े सभी प्रभारी व संयोजक मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय, सांसद हरीश द्विवेदी एवं संजय चौधरी ने पदाधिकारियों को सम्बोधित किया। वोटर चेतना महाअभियान के संयोजक कुंवर आनंद सिंह, मन की बात के संयोजक अमृत कुमार वर्मा, अनुसूचित वर्ग सम्मेलन के संयोजक अभिषेक कुमार एवं सतेंद्र सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय ने कहा कि राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी वोटर बनाना और मतदाताओं को प्रभावित करना है। बीजेपी के वोट बैंक को बनाये रखने का दायित्व हम सभी का है। आगामी दिनों में विधानसभा, मंडल शक्ति केन्द्र एवं बूथ स्तर पर जिले से पांच कार्यकर्ताओं को संयोजक और सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी टोली घर घर जाकर आम जनता से संपर्क कर नए मतदाता बनाने का काम करेगी। प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन सभी बूथों पर अनिवार्य रूप से होनी है।

## मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** बुद्ध बालिका डिग्री कालेज, गौतमपल्ली भीमापार में शुक्रवार को विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान/ मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे बच्चों को फार्म-6 देकर किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि 27 अक्टूबर से 9 दिसम्बर तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण/मतदाता पंजीकरण का कार्यक्रम चलाया जायेगा। पहली बार मतदाता बनने वाले लोगो के लिए फार्म-6, नाम हटाने के फार्म-7, निर्वाचक नामावली में प्रविष्टि विशिष्टियो की शुद्धि के लिए फार्म-8 बीलएओ द्वारा भराया जायेगा। जो लोग 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है अथवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे है फार्म-06 भरकर अपना पंजीकरण करा ले। कहा कि विशेष अभियान चलाकर 4, 5, 25, व 26 नवम्बर तथा 2 व 3 दिसम्बर को नये मतदाता का नाम जोड़ने का अभियान चलाया जायेगा। इसके बारे में लोगो को भी जागरूक करे। विशेष तिथियो में बीएलओ अपने बूथो पर उपस्थित रहेगे। मतदाता भारत निर्वाचन आयोग के हेल्प लाइन/ टोल फ्री नम्बर 1950 पर काल कर आवश्यक जानकारी/ शिकायत कर सकता है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ललित कुमार मिश्र, तहसीलदार देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, शीतल प्रसाद द्विवेदी, सुधीर श्रीवास्तव, रामकरन गुप्ता, बीएलओ शशिकला, गीता देवी, स्कूल के बच्चों आदि की उपस्थित रही।

**27 से 9 दिसम्बर तक चलेगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण/मतदाता पंजीकरण कार्यक्रमः डीएम**

## डीएम की अध्यक्षता में धान खरीद वर्ष 2023-24 की कार्यशाला हुई

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे शुक्रवार को धान खरीद वर्ष 2023-24 की कार्यशाला आयोजित की गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, संभागीय खाद्य नियंत्रक बस्ती संभाग, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सभी एजेंसियो के जिला प्रबंधक व जनपद के सभी क्रय केंद्र प्रभारी व ई पॉस मशीन के इंजीनियर व ट्रेनर उपस्थित रहे। सभी को धान खरीद के बारे मे बताया गया तथा ई पॉप मशीन चलाने की ट्रेनिंग दी गयी। जिलाधिकारी द्वारा सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया की समय से केंद्र खुले। किसानो का धान निमानुसार क्रय किया जाये उनके बैठने इत्यादि की उचित व्यवस्था की जाये कृषक को धान बिक्री से सम्बंधित जरूरी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई किसी भी कृषक को परेशान ना किया जाये, अन्यथा सम्बंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जनपद मे समस्त ब्लॉको मे कुल 128 क्रय केंद्र खोले गए है, धान क्रय 1 नवंबर से 28 फरवरी तक की जाएगी।

## इटवा में रोजगार मेले का आयोजन सोमवार को

**सिद्धार्थनगर।** जिला सेवायोजन कार्यालय / प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा कौशल विकास मिशन सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में 30 अक्टूबर को पूर्वान्ह 10 बजे डा राम मनोहर लोहिया पीजी कालेज इटवा में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में कई कम्पनियां अधिक रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष तथा शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल से स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण इत्यादि होनी चाहिए। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए सेवायोजन विभाग के बैव पोर्टल sewayojan.up.nic.in के माध्यम से पंजीकृत अभ्यर्थी लॉगिन करके नियोजकों व उनके यहां उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष आनलाईन आवेदन कर सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रो की छायाप्रति, दो फोटों, एवं बायोडाटा के साथ डा राम मनोहर लोहिया पीजी कालेज इटवा सिद्धार्थनगर में उपस्थित होकर मेले में सम्मिलित हो सकते हैं। रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा। विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी इस कार्यालय के प्रधान सहायक 8931064598 / 8318338392 / 8957825407 से सम्पर्क कर सकते है।

## कलश वाहन को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया राजधानी रवाना

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी तथा अन्य अधिकारी/जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर से कलश वाहन को उत्सव के माहौल में हरी झंडी दिखाकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए रवाना की गई। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी की मेरा देश अमृत कलश यात्रा के संबंध में दिनांक 30 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अवगत कराना है कि आजादी का अमृत महोत्सव, योजना अंतर्गत प्रदेश में, मेरी माटी मेरा देश- अमृत कलश यात्रा नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तर पर तथा जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रत्येक स्तर के कार्यक्रम में जन सहभागिता रही समस्त कार्यक्रम उत्सव के माहौल में जनपद में मनाया गया।

## ग्राम सभा मनोहरी में चौपाल कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधानसभा के विकासखंड नौगढ़ अंतर्गत ग्राम सभा मनोहरी में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदंम्बिका पाल रहे चौपाल में खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडेय, जिला विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सहायक ग्राम विकास अधिकारी, सहित उस गांव के कर्मचारीगण मौजूद रहे चौपाल में अधिकारियों द्वारा प्रमुख योजनाओं के बारे में बताया गया तथा सांसद जगदंम्बिका पाल ने कहा कि हमारी सरकार की मनसा है गांव की समस्या का गांव में ही समाधान हो आज आपके गांव मे सबकी समस्याओं को सुनने के लिए आया है ताकि गांव के लोगों को दफ्तरों तक चक्कर न लगाना पड़े सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए सांसद जगदंम्बिका पाल ने कहा कि हमारी सरकार की जो भी योजनाएं आयी चाहे वह सौभाग्य योजना के अंतर्गत कनेक्शन की बात हो या पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत हर घर में बिजली पहुंचाने की बात हो सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंच रहा है ताकि आपको सरकार की योजनाओं के लिए कहीं जाना ना पड़े अधिकारी गांव में आकर उन योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचावे, चाहे उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन की बात हो या किसानों के लिए किसान सम्मान निधि की बात हो जो पात्र हैं उनको सभी योजनाओं का लाभ मिले कोई भी गरीब परिवार को सरकार की किसी भी योजनाओं से वंचित न रहे चाहे वह वृद्धा पेंशन हो विधवा पेंशन हो या आवास हो या पात्र गृहस्थी के तहद राशन देने का कार्य हो यदि वह पात्रता की श्रेणी में आता है तो उसे सरकार के सभी योजनाओं का लाभ मिले।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान तौलन गुप्ता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा ब्लॉक प्रधान संघ अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा, मंडल महामंत्री पद्माकर शुक्ला ने भी संबोधन कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया कार्यक्रम मे राजेश्वर पांडे, संजय कुमार दुबे मुन्ना लाल, प्रधान सिरवत जितेंद्र चौधरी, नीलू ओझा उपस्थित रहे।

## पीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत विजयगांव ग्राम में पाँच लोगों द्वारा गाटा संख्या 1406 तालाब की जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर रिहायशी मकान बनाने का वहीं के निवासी रवि विश्वकर्मा ने अकबरपुर तहसील में शिकायती पत्र दिया था शिकायत का संज्ञान में लेते हुए उप जिलाधिकारी पवन जायसवाल ने अकबरपुर नगर पालिका परिषद से स्थलीय जांच कर आख्या मांगी थी अकबरपुर नगर पालिका राजस्व कर्मियों ने अभिलेखीय एवं स्थलीय जांच कर तहसील प्रशासन को पत्र भेज कर बताया कि गाटा संख्या 1406 एक संघटक गाटे के रूप में राजस्व अभिलेखों में अंकित है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं विशेष संचारी रोग, क्षय रोग की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नरेन्द्र कुमार वाजपेयी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा पिछली बैठक के कार्यवृत्त एवं ई-कवच पोर्टल पर आशा, बीपीएम, बीसीपीएम द्वारा डाटा फीडिंग की प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने समस्त डाटा समय से व सही डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी उपकेन्द्रो पर गर्भवती महिलाओ की डिलेवरी कराने तथा सही ढंग से काम न करने वाली आशाओं के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित कर ले कि सभी का प्रसव अस्पताल में ही हो तथा उसकी शत-प्रतिशत फीडिंग कराये। जाने का भी निर्देश दिया गया।

गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर रजिस्ट्रेशन कराने, उनका समय-समय पर टीकाकरण कराने तथा सुरक्षित प्रसव कराने के साथ पोर्टल पर फीडिंग कराने का निर्देश दिया। कहा कि जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रसव पश्चात दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि लाभार्थी के खाते में समय से धनराशि प्रेषित करे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन गांवों में गर्भवती महिलाये/बच्चे टीकाकरण से छूट गये हैं छूटे हुए गांवो में टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया गया तथा समस्त एमओआईसी को निर्देश दिया कि टीकाकरण कराने के पश्चात उसका फीडिंग समय से कराये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी सी.एच.सी./पी.एच.सी. पर पीने के पानी की व्यवस्था होना चाहिए। शौचालय क्रियाशील हो जिससे आने वाले मरीजो को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

दवायें उपलब्ध होनी चाहिए। बैठक में पीएचसी नौगढ़ में तैनात डाटा इन्ट्री आपरेटर को हटाने का निर्णय लिया गया। अति कुपोषित बच्चों को एन.आर.सी. में भर्ती कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पीसीपीएनडीटी, रोगी कल्याण समिति, अनटाइड फन्ड, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/प्राचार्य मेडिकल कालेज डा0 एके झा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 डीके चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, डैम राकेश मिश्र, मानबहादुर, अमित शर्मा, समीर सिंह, डीएचसी सुरेन्द्र शुक्ला, प्रत्यूष दूबे, समस्त सीएचसी/पीएचसी के एमओआईसी, बीपीएम, बीसीपीएम आदि उपस्थित रहे।

## क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा परिणाम में गंगेश ने मारी बाजी

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा के परिणाम में जिले के

गंगेश कुमार पाठक ने देश में चौथा तथा प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करके जनपद का नाम रोशन किया है। क्रीड़ा भारती खिलाड़ियों में खेल भावना को प्रोत्साहित करने वाली राष्ट्रीय संस्था है। जिसके द्वारा प्रत्येक वर्ष कीड़ा ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी देशभर से लगभग दो लाख परीक्षार्थियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें सिद्धार्थनगर जनपद के पटहरा गांव के छात्र गंगेश कुमार पाठक ने देश में चौथा तथा प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। पटहरा निवासी गंगेश कुमार पाठक सकारपार के कसीरन कॉमर्स कॉलेज में 12वीं का छात्र है। जिसके पिता अनिल कुमार पाठक मुंबई में प्राइवेट नौकरी के माध्यम से परिवार का भरण पोषण करते है। परिणाम के घोषणा के बाद क्रीडा भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक डॉ रजत आदित्य दीक्षित ने विजेता गंगेश कुमार पाठक से फोन पर बात करके बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। गोरक्ष प्रान्त की तरफ क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति, प्रान्त सहमंत्री तथा प्रान्त परीक्षा संयोजक अरुण कुमार त्रिपाठी, प्रान्त आई टी प्रमुख अमित त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव देर रात्रि उनके पैतृक गाँव पहुँचकर गंगेश को माल्यार्पण तथा अंगवस्त्र पहना कर, लड्डू खिलाकर उनको तथा उनके परिवार को बधाई और शुभकामनाएँ दिया। प्रान्त प्रचार प्रमुख धर्मेन्द्र पाठक, जिला मंत्री नितेश पाण्डेय, राम शंकर पाण्डेय, अमन द्विवेदी ने भी शुभकामनाएं दी।

## विजया दशमी और कर्मकान्ड

यो तो विजया दशमी जिसमें राम रावण का वध करते है, अच्छाई का बुराई पर विजय का प्रतीक है। उम्मीद की जाती है कि आदमी नये संकल्प के साथ बुराई से दूर रहेगा और समाज में बुराई को रोकने के लिये कृत संकल्प होकर काम करेगा। इस अवसर पर माननीय हास्तियां बुराई को निकल फेकने का आवाहन करते हुये अच्छाई पर चलने के लिये प्रोत्साहित करते है। बुराई मतलब झूठ फरेब से बचना देश और समाज हित में अपने को झोक देना, जात-पात के संकीर्ण बन्धन से मुक्त रहना, दया, धर्म का पालन करना, गरीबों का उत्पीणन न करना क्षेत्रवाद के संकीर्ण विचारों से मुक्त रखना आदि बताते है। माननीय जनता के सन्देश देने बहाने से ये बाते बताते है। पर सब जैसे शशान में पहुचने पर जलती लाश को देखकर आदमी, मोह माया, धन दौलत के नश्वरता की बात करता है। पर शमशान से लौटते ही सारी नश्वरता को भूल रोजमर्रा के झूठ फरेब दांवपेच में लग जाता है जैसे वह अमर होकर आया है। माननीय भी स्टेज से नीचे आते ही फिर अपने पुराने रव में आ जाते है, आम आदमी भी माननीय के बातों को भूल अपने हिसाब से पुरानी जिन्दगी जीने लगता है। अगले साल के दशहरे का उत्सव मनाने इन्तजार करते है हुये दुनियादारी में व्यस्त हो जाता है जो आमतौर पर काली करतूतों का भन्डार होता है। असल में त्योहरो को अवसरो पर कुछ कर्मकान्डों की खानापूर्ति होती है। अगले साल के त्योहार के अवसर पर वही बातो लेकर फिर उपस्थित हो जाते है। वैसे अपने प्रधानमंत्री बहुत सात्विक विचारों वाले धार्मिक व्यक्ति है, पूजा पाठ उनके जीवन का जरूरी हिस्सा है। पर साथ ही वह राजनैतिक शख्स भी है। आज की राजनीति कैसी है सभी जानते है। अच्छाई की जीत और बुराई की हार के त्योहार के अवसर पर जो कुछ कहा जाता है उसका उल्टा रोजमर्रा की राजनीति में किया जाता है। कहते है प्रेम और युद्ध में सभी कुछ जायज़ होता है। ऐसा कहा जाता है राजनीति और कूटनीति में पाप पुण्य, अच्छा बुरा का ख्याल नहीं किया जाता है सिर्फ अपनी जीत अहम होती है वह जैसे भी मिले। पर जिस ग्रन्थ पर दशहरा आधारित है उसी में एक प्रसंग ऐसा भी आता है जिसमें धर्म और सत्य पर अटल विश्वास जताकर और उसके अनुरूप भी त्योहार कर राजनीति और कूटनीति में भी सफलता पाई गई है। प्रसंग है रावण को समझाने के लिये राम ने अंगद को भेजा। जबकि अंगद के पिता का वध राम ने ही किया था। राम ने रावण के पास अंगद को भेज रावण को चैलेज दिया था कि तुम्हारे पास ऐसे व्यक्ति को भेज रहा हूँ जिसके पिता को मैने मारा था, तुम उसे मेरे खिलाफ भड़का कर अपनी ओर कर सकते है। रावण कोशिश भी की पर अंगद राम की भक्ति में अटल विश्वास के साथ जमें रहे। यह सात्विकता की विजय है। जो लोग कहते है राजनीति में झूठ फरेब सब चलता है उनके लिये एक उदाहरण है। मोदी जी ने दशहरे के उद्बोधन में कहा परम्परा, के पीठ पर लदा वर्तमान और भविष्य है। हर साल सदविचार और पुरूषार्थ के प्रतीक राम की रावण पर विजय के उल्लास में रावण का पुतला जला कर अपने कर्तव्यो का इतिश्री मान लेते है और बुराइयों के साथ हो जाते है। मोदी जी देश वासियों से 10 संकल्प लेने की गुजारिश करते है। पानी के बचाव से लेकर कम से कम एक गरीब परिवार का समर्थन करने का आवाहन करते है। उन्होंने ठीक ही कहा है यही देशभक्ति है। किसी भी जाति और क्षेत्र के नाम पर, मानसिकता को, सम्बन्ध को स्वार्थपूर्ति के लिये बांटने की कोशिश न करें। बिल्कुल सही कहा है यही देश भाक्ति है। यह लोगो की निगाह में फकीरी ख्वाइश हो सकती है पर सचमुच उपरोक्त बातों का अनुसरण ही देश भक्ति है। पर राजनैतिक दल जाति, धर्म, क्षेत्र में जनता को बांटने में लगे है राजनैतिक फायदे के लिये। मोदी जी अगर संकल्प कर लेते तो इन बुराइयों को मिटा सकते है।

## महर्षि बाल्मीकि स्वयं बृहस्पति के अवतार थे

महर्षि वाल्मीकि का नाम रत्नाकर था और उनका पालन जंगल में रहने वाली भील जाति में हुआ था, जिस कारण उन्होंने भीलों की परंपरा को अपनाया और आजीविका के लिए डाकू बन गए। वाल्मीकि एक डाकू थे और भील जाति में उनका पालन पोषण हुआ, लेकिन वे भील जाति के नहीं थे, वास्तव में वाल्मीकि जी प्रचेता के पुत्र थे। पुराणों के अनुसार प्रचेता ब्रह्मा जी के पुत्र थे। बचपन में एक भीलनी ने वाल्मीकि को चुरा लिया था, जिस कारण उनका पालन पोषण भील समाज में हुआ और वे डाकू बने।



डॉ. मुरलीधर शास्त्री

अपने परिवार के पालन पोषण के लिए वे राहगीरों को लुटते थे, एवं जरुरत होने पर मार भी देते थे। इस प्रकार वे दिन प्रतिदिन अपने पापो का घड़ा भर रहे थे।

एक दिन उनके जंगल से नारद मुनि निकल रहे थे, उन्हें देख रत्नाकर ने उन्हें बंधी बना लिया। नारद मुनि ने उनसे सवाल किया कि तुम ऐसे पाप क्यूँ कर रहे हो ? रत्नाकर ने जवाब दिया अपने एवं परिवार के जीवन व्यापन के लिए. तब नारद मुनि ने पूछा जिस परिवार के लिए तुम ये पाप कर रहे हो, क्या वह परिवार तुम्हारे पापो के फल का भी वहन करेगा ? इस पर रत्नाकर ने जोश के साथ कहा हाँ बिलकुल करेगा. मेरा परिवार सदैव मेरे साथ खड़ा रहेगा। नारद मुनि ने कहा एक बार उनसे पूछ लो, अगर वे हाँ कहेंगे तो मैं तुम्हे अपना सारा धन दे दूंगा। रत्नाकर ने अपने सभी परिवार जनों एवम मित्र जनों से पूछा, लेकिन किसी ने भी इस बात की हामी नहीं भरी। इस बात का रत्नाकर पर गहरा आधात पहुँचा और उन्होंने दुराचारी के उस मार्ग को छोड़ तप का मार्ग चुना एवम कई वर्षो तक ध्यान एवम तपस्या की, जिसके फलस्वरूप उन्हें महर्षि वाल्मीकि नाम एवं ज्ञान की प्राप्ति हुई और उन्होंने संस्कृत भाषा में रामायण महा ग्रन्थ की रचना की। इस प्रकार जीवन की एक घटना से डाकू रत्नाकर एक महान रचयिता महर्षि वाल्मीकि बने। रामायण में माता राजा दशरथ की दूसरी पत्नी रानी कैकई ने राम चन्द्र जी को वनवास भेजा था। इसके पीछे भी एक अद्भुत कहानी है।

जब रत्नाकर को अपने पापो का आभास हुआ, तब उन्होंने उस जीवन को त्याग कर नया पथ अपनाना, लेकिन इस नए पथ के बारे में उन्हें कोई ज्ञान नहीं था। नारद जी से ही उन्होंने मार्ग पूछा, तब नारद जी ने उन्हें राम नाम का जप करने की सलाह दी

रत्नाकर ने बहुत लम्बे समय तक राम नाम जपा पर अज्ञानता के कारण भूलवश वह राम राम का जप मरा मरा में बदल गया, जिसके कारण इनका शरीर दुर्बल हो गया, उस पर चीटियां लग गई। शायद यही उनके पापो का भोग था। इसी के कारण इनका नाम वाल्मीकि पड़ा। पर कठिन साधना से उन्होंने ब्रह्म देव को प्रसन्न किया, जिसके फलस्वरूप ब्रम्हदेव ने इन्हें ज्ञान दिया और रामायण लिखने का सामर्थ्य दिया, जिसके बाद वाल्मीकि महर्षि ने रामायण को रचा, इन्हें रामायण का पूर्व ज्ञान था।

एक बार तपस्या के लिए गंगा नदी के तट पर गये, वही पास में पक्षी का नर नारी का जोड़ा प्रेम में था उसी वक्त एक शिकारी ने तीर मार कर नर पक्षी की हत्या कर दी, उस दृश्य को देख इनके मुख से स्वतः ही श्लोक निकल पड़ा जो इस प्रकार था।

मां निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः। यत्क्रौंचमिथुनादेकम् अवधीः काममोहितम।।

अर्थात जिस दुष्ट ने भी यह घृणित कार्य किया, उसे जीवन में कभी सुख नहीं मिलेगा, उस दुष्ट ने प्रेम में लिप्त पक्षी का वध किया हैं. इसके बाद महाकवि ने रामायण की रचना की।

वाल्मीकि महा कवि ने संस्कृत में महाकाव्य रामायण की रचना की थी, जिसकी प्रेरणा उन्हें ब्रह्मा जी ने दी थी। रामायण में भगवान विष्णु के अवतार राम चन्द्र जी के चरित्र का विवरण दिया हैं. इसमें 24 हजार श्लोक लिखे गए हैं। इनकी अंतिम साथ किताबों में वाल्मीकि महर्षि के जीवन का विवरण है। वाल्मीकि महर्षि ने राम के चरित्र का चित्रण किया, उन्होंने माता सीता को अपने आश्रम में रख उन्हें रक्षा दी, बाद में, राम एवं सीता के पुत्र लव कुश को ज्ञान दिया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

छटी सदी ईसवी में फिलस्तीन इस्लामी राज्य का हिस्सा बना, वह दुसरे खलीफा हज़रत उमर के शासन का दौर था उनके समय में इस्लामी साम्राज्य का बहुत विस्तार हुआ ईरान समेत कई देश उन्होंने ने लड़ कर जीते थे लेकिन फिलस्तीन के लार्ड पादरी ने केवल इस शर्त पर फिलस्तीन को इस्लामी राज्य में शामिल करने की मंज़ूरी दी की खलीफा खुद उन से आ कर मिलें जिस पर हजरत उमर उनसे मिलने खुद गए। बेतलहम के चर्च में दोनों की मुलाक़ात हुई और लार्ड पादरी ने यरोशलम की चाबी हजरत उमर को सौंप दी।

# इजराइल फिलस्तीन विवाद का ऐतिहासिक सच समझना ज़रूरी

पश्चिमी एशिया में इजराइल फिलस्तीन युद्ध क्या अब अपने निर्णायक मोड़ पर पहुँच रहा है जहां फिलस्तीन राष्ट्र की स्थापना की विगत 75 वर्षों से जारी लडाई समाप्त हो जायेगी और इजराइल की सीमाएं उस हद तक फैल जायेंगी जो ज़ियोन्वादियों (Zionists) ने लगभग 150 साल पहले सोची थीं। विगत 75 वर्षों से अर्थात 1948 से यह क्षेत्र युद्ध भूमि बना हुआ है क्योंकि इजराइल की स्थापना का एलान होते ही दुनिया भर से विशेषकर यूरोप और रूस से यहूदी समुदाय के लोग वहां आ आ कर बसने लगे। सत्ता के बल पर वहां के असल बाशिंदों को उनके घरों और ज़मीनों से बेदखल कर के या तो पडोसी अरब देशों में निर्वासित कर दिया गया और जो नहीं गए उन्हें केम्पों में नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर कर दिया गया। वह अपने ही वतन में बेवतन हो गए और डबडबाई आँखों से देखते रहे की उनके घरों खेतों खजूर और जैतून के बागों पर विदेशों से आये यहूदियों का क़ब्जा हो गया है। यहाँ पर संक्षेप में ऐतिहासिक तथ्यों को समझना ज़रूरी है। लगभग 4 हजार साल पहले जब मिस्र के सम्राट फिरऔन ने यहूदियों को अपने देश से निकाला था तो पैगम्बर हजरत मूसा (Moses) उन सब को लेकर नील नदी पार कर के कुनआन की ओर ले आये यह कुनआन बाद में फिलस्तीन बना। यहाँ पर यहूदी एक दूसरे पैगम्बर हजरत ईसा के आने तक रहे मगर इस बीच उनके और ईसाईयों में जबर्दस्त टकराव चला। कहा जाता है की किसी यहूदी ने ही जासूसी कर के हजरत ईसा को सूली पर लटकवाया था तब से ले कर आज तक यहूदियों और ईसाईयों के बीच कटुता दबी भले ही हो समाप्त नहीं हुई है। इसाई यहूदियों को किस दृष्ट से देखते है इसका अंदाजा उन लोगों को भली भांति होगा जिन्होंने शेक्सपियर का ड्रामा मर्चेंट ऑफ़ वेनिस पढ़ा होगा। हिटलर ने यहूदियों का नरसंहार भी इसी ऐतिहासिक नफरत के कारण करवाया था। यही नहीं यूरोप के इसाई देशों ने बड़ी होशियारी से अपने यहाँ की यहूदी आबादी से छुटकारा पा लिया और उन सब को नवस्थापित राष्ट्र इजराइल भेज दिया इस प्रकार उनको यहूदियों की हमदर्दी भी मिली और यहूदियों को अपने देश से निकाल भी दिया।



उबैदउल्लाह नासिर

हजरत ईसा के वर्षों बाद जब फिलस्तीन रोमन साम्राज्य के अधीन आया तो वहां से एक एक यहूदी को निकाल बाहर किया गया जो विभिन्न देशों में फैल गए उनकी यह दरबदरी की स्थित 1948 अर्थात इजराइल की स्थापना तक रही। छटी सदी ईसवी में फिलस्तीन इस्लामी राज्य का हिस्सा बना, वह दुसरे खलीफा हज़रत उमर के शासन का दौर था उनके समय में इस्लामी साम्राज्य का बहुत विस्तार हुआ ईरान समेत कई देश उन्होंने ने लड़ कर जीते थे लेकिन फिलस्तीन के लार्ड पादरी ने केवल इस शर्त पर फिलस्तीन को इस्लामी राज्य में शामिल करने की मंज़ूरी दी की खलीफा खुद उन से आ कर मिलें जिस पर हजरत उमर उनसे मिलने खुद गए। बेतलहम के चर्च में दोनों की मुलाक़ात हुई और लार्ड पादरी ने यरोशलम की चाबी हजरत उमर को सौंप दी। उस समय के कई किस्से मशहूर हैं उनमें एक यह भी है की चर्च में मीटिंग के दौरान जब नमाज़ का समय हुआ तो पादरी ने उनसे कहा कि यहीं चर्च में नमाज़ पढ़ ले लेकिन हजरत उमर ने यह कह कर वहां नमाज़ नहीं पढ़ी कि अगर मैंने यहाँ नमाज़ पढ़ ली तो कल मुसलमान इस चर्च पर दावा कर सकते हैं और उन्होने चर्च के बाहर जैतून के एक पेड़ के नीचे नमाज़ पढ़ी। हजरत उमर ने जब येरूशलम का मुआयना किया तो यहूदियों की सब से पवित्र जगह हैकल सुलेमानी/दीवार गिरया (Veiling wall) की तलाश की वहां पहुंचे तो देखा की वहाँ कूड़े करकट का ढेर लगा है क्योंकि ईसाईयों ने यहूदियों के वहां जाने पर पाबंदी लगा दी थी। हज़रत उमर ने खुद अपने हाथ से वह जगह साफ़ की और वहां यहूदियों को जाने और इबादत करने की आज़ादी दी (Wikpedia देखें)। हजरत मूसा द्वारा कुनआन (फिलस्तीन ) में बसाए जाने के कारण ही यहूदी फिलस्तीन को अपना देश समझते हैं। उनके दिलों में यह बात बसी हुई है कि वह अल्लाह के ख़ास बन्दे (Chosen people of God) हैं और फिलस्तीन उनको अल्लाह द्वारा दिया गया देश (Promised land) है। हालांकि रोमन साम्राज्य द्वारा वहां से निकाल बाहर किये जाने के बाद वहां उनकी वापसी फिलस्तीन में मुस्लिम शासन स्थापित होने के बाद ही हो सकी और उसके बाद से वह वहां शांतिपूर्वक रह रहे थे। 1948 में फिलस्तीन का बटवारा कर के अंग्रेजों ने 55 फीसदी भूभाग फिलस्तीन को और 45 फीसदी इजराइल को दिया लेकिन ज़िओनिस्ट आतंकवादी संगठन 'हगानाह' ने फिलस्तीनियों को उनके घरों ज़मीनों खेतों बागों से ज़बरदस्ती बेदखल करना शुरू कर दिया जिसमें वहां तयनात ब्रिटिश फौजियों ने उनकी मदद की। इस प्रकार फिलस्तीनियों की ज़मीन सिकुड़ती गयी और इजराइल का क्षेत्रफल बढ़ता गया और आखिर में फिलस्तीन नाम का देश समाप्त हो गया और इजराइल चौड़ा होता गया मगर वह अब भी संतुष्ट नहीं है उसकी नजर पडोसी अरब देशों के बड़े भूभाग पर लगी हुई है, खासकर जॉर्डन का वेस्ट बैंक सीरिया की गोलान की पहाड़ियां और मिस्र का सेनाई रेगिस्तान जिसे वह अपनी सुरक्षा के लिए तो ज़रूरी समझता ही है उसके धार्मिक विचार के अनुसार हजरत मूसा ने उन्हें जहां बसाया था वह सारा क्षेत्र यही है और उस पर उनका धार्मिक अधिकार है। पहले विश्व युद्ध में उस्मानी खिलाफत (Ottoman empire) जो अरब समेत मुस्लिम देशों का संयुक्त गठबंधन था यूरोपी विशेषकर ब्रिटिश साम्राज्य के विस्तार को रोकने के लिए जर्मनी के साथ युद्ध में शामिल हुई थी लेकिन युद्ध में उसे शिकस्त हुई। पहला विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद अंग्रेजों ने देखा की उस्मानी खिलाफत उनके साम्राज्य के लिए एक खतरा है तो उन्होंने इसको समाप्त करने की साज़िश शुरू की और अरब देशों को उस्मानी खिलाफत जिसका केंद्र टर्की था भडकाना शुरू किया उनमें अरब राष्ट्रवाद की भावना भड़काने के लिए लॉरेंस ऑफ़ अरबिया जिसका असल नाम थॉमस एडवर्ड लारेंस था को उस क्षेत्र में भेजा गया। वह दरअसल एक ब्रिटिश जासूस था जो अरबों की तरह ही अरबी भाषा बोलने में पारंगत किया गया था इसके अलावा इस्लाम धर्म की भी अच्छी शिक्षा दी गयी नमाज़ रोज़ा कुरान की पढ़ना आदि में भी माहिर किया गया था । वह सब से पहले मक्का पहुंचा और वहां के शेरिफ हुसैन से निकटता बढाई। हुसैन चूँकि पैगम्बर मोहम्मद का वंशज था इसलिए अरबों में ही नहीं पूरे इस्लामी जगत में उसकी बहुत इज्ज़त थी उस्मानी खलीफाओं ने भी उनका सम्मान करते हुए उन्हें मक्का का शेरिफ बना दिया था। लॉरेंस ऑफ़ अरबिया ने उनको तुर्कों के खिलाफ भड़काना ही नहीं शुरू किया बल्कि उनको यह सपना भी दिखाना शुरू किया की यदि वह तुकों से आज़ादी हासिल कर लेंगे तो उन्हें अरब का सम्राट भी बना दिया जाएगा। उस समय अरब जिसे तब हिजाज़ कहा जाता था वहां एक और बलशाली परिवार अल सऊद जिसका सरदार अब्दुल अज़ीज़ था यह बहुत धार्मिक प्रवृत्त के थे और इस्लाम के Puritan विचार के थे जिसमें एक ईशार्वाद (Monotheism) पर सख्ती से अमल शामिल था यह एक तरह सूफीवाद का विरोध था विशेषकर क़ब्रों मजारों आदि पर जाना वहां मन्नतें मानना और उनसे लाभ हानि की उम्मीद रखना आदि।



# बन्दूक-संस्कृति से दागदार होती अमेरिकी छवि

**दुनिया में बंदूक की संस्कृति को बल देने वाले अमेरिका के लिये अब यह खुद के लिये एक बड़ी समस्या बन चुकी हैं। अमेरिका घृणा, अपराध, हिंसा और बंदूक संस्कृति के गढ़ के रूप में पहचान बना रहा है। किसी सिख या किसी मुस्लिम बच्चे की हत्या हो या किसी अश्वेत पर बर्बरता, अमेरिका की स्थिति लगातार निंदनीय, डरावनी एवं असंतुलित होती जा रही है। कोई भी सामान्य सा दिखने वाला आदमी हथियार लेकर आता है और अनेक लोगों की जान ले लेता है।**

दुनिया में स्वयं को सभ्य एवं स्वयंभू मानने वाले अमरीका में बढ़ रही 'बंदूक संस्कृति' के साथ-साथ लोगों में बढ़ रही असहिष्णुता, हिंसक मनोवृत्ति और आसानी से हथियारों की सहज उपलब्धता का दुष्परिणाम बार-बार होने वाली दुखद घटनाओं के रूप में सामने आना चिन्ताजनक है। अमेरिका में एक हत्यारे ने गोलियां बरसाकर करीब 21 लोगों को मौत की नींद सुला दिया और कई को जख्मी कर दिया है। तीन स्थानों पर गोलीबारी करने के बाद हत्यारा घटनास्थल से भागने में सफल हुआ है। आश्चर्यकारी है कि दुनिया की सबसे दुरस्त एवं सक्षम अमेरिकी पुलिस एक हत्यारे को पकड़ने में इतनी लाचार हो गई कि उसे सहयोग के लिए आम लोगों से अपील करनी पड़ी। हिंसा की बोली बोलने वाला, हिंसा की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में हथियारों की आंधी लाने वाला अमेरिका अब खुद हिंसा का शिकार हो रहा है। अमेरिका की आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही रही है कि यहां हिंसा इतनी सहज बन गयी है कि हर बात का जवाब सिर्फ हिंसा की भाषा में ही दिया जाने लगा। वहां हिंसा का परिवेश इतना मजबूत हो गया है कि वहां की बन्दूक-संस्कृति से वहां के लोग अपने ही घर में बहुत असुरक्षित हो गए थे। अमेरिका को अपनी बिगड़ती छवि के प्रति सजग होना चाहिए क्योंकि यह एक बदनुमा दाग है जो उसकी अन्तर्राष्ट्रीय छवि को आघात लगा रहा है। दुनिया में बंदूक की संस्कृति को बल देने वाले अमेरिका के लिये अब यह खुद के लिये एक बड़ी समस्या बन चुकी हैं। अमेरिका घृणा, अपराध, हिंसा और बंदूक संस्कृति के गढ़ के रूप में पहचान बना रहा है। किसी सिख या किसी मुस्लिम बच्चे की हत्या हो या किसी अश्वेत पर बर्बरता, अमेरिका की स्थिति लगातार निंदनीय, डरावनी एवं असंतुलित होती जा रही है। कोई भी सामान्य सा दिखने वाला आदमी हथियार लेकर आता है और अनेक लोगों की जान ले लेता है। नवीनतम घटना 25 अक्तूबर को देर रात 'एंड्रोस्कोगिन काऊंटी' के अंतर्गत पडने वाले लेविस्टन में हुई, इस हादसे का सबसे खराब पहलू यह है कि अनेक लोग भगदड़ की वजह से घायल हुए तो अनेक हत्यारे की गोलियों से गहरी नींद सो गये हैं। नरसंहार के कथित आरोपी 40 वर्षीय रॉबर्ट कार्ड को पुलिस ने हथियारबंद और खतरनाक व्यक्ति माना है, पर सवाल है कि क्या वह रातों-रात हत्यारा एवं हिंसक हुआ है? हत्यारा रॉबर्ट कार्ड अमेरिकी सेना से जुड़ा रहा है और आग्नेयास्त्र प्रशिक्षक है। मानसिक अस्वस्थता एवं मनो विकारों से ग्रस्त हत्यारे के खिलाफ अनेक शिकायतें पहले भी मिल चुकी थी, प्रश्न है कि उन्हें क्यों नहीं गंभीरता से लिया गया। अमेरिका में आए दिन ऐसी खबरें आती रही कि किसी सिरफिरे ने अपनी बंदूक से कहीं स्कूल में तो कभी बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसमें नाहक ही लोग मारे गए। अब तो अमेरिकी बच्चों के हाथों में भी बन्दूकें हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण वहां आम लोगों के लिए हर तरह के बंदूकों की सहज उपलब्धता है और इन बन्दूकों का उपयोग मामूली बातों और उन्मादग्रस्त होने पर अंधाधुंध गोलीबारी में होता रहा है, जो गहरी चिन्ता का कारण बनता रहा।



ललित गर्ग



आम जन-जीवन में किसी सिरफिरे व्यक्ति की सनक से किसी बड़ी अनहोनी का अन्देशा हमेशा वहां बना रहता है, वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। दरअसल, अमेरिका अपने यहां नफरत, मानसिक असंतुलन, विद्रोह एवं असंतोष रोकने के अभियान में नाकाम हो रहा है। एफबीआई की वार्षिक अपराध रिपोर्ट रेखांकित करती है कि बंदूक संस्कृति एवं इससे जुड़ी हिंसा बहुत व्यापक हो गई है। पिछले साल अमेरिका में लगभग पांच लाख हिंसक अपराधों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। वर्ष 2020 में बंदूक संस्कृति अमेरिकी बच्चों की मौत का मुख्य कारण बन गई और 2022 में हालात और बदतर हो गए। जान गंवाने वाले बच्चों की संख्या 12 प्रतिशत बढ़ गई। इन हालातों में अमेरिका किस तरह दुनिया का आदर्श बन सकता है। जबकि दुनिया अमेरिकी संस्कृति का अनुसरण करती है, वहीं अमेरिका तमाम देशों की सामाजिक व मानवाधिकार रिपोर्ट जारी करता है। अमेरिका अगर अपनी कथनी-करनी का भेद मिटाने की ओर बढ़े, तो उसके साथ-साथ दुनिया को ज्यादा फायदा होगा। राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार अमरीका में 'बंदूक संस्कृति' बढ़ाने में वहां की नकारात्मक राजनीति की बड़ी भूमिका है। आम जनता तो हथियारों पर अंकुश लगाने के पक्ष में है परंतु अपने निहित स्वार्थो के कारण अमरीका में हथियारों को बढ़ावा देने वाली वहां की सशक्त हथियार लॉबी और राजनीति से जुड़े लोग इस पर अंकुश नहीं लगने देते। जब भी बंदूक संस्कृति पर नियंत्रण करने की बात उठती है तो हथियार रखने के संवैधानिक अधिकार की कट्टर समर्थक मानी जाने वाली 'रिपब्लिकन पार्टी' के नेता और उनके समर्थक इसके विरोध में उतर आते हैं जिनके सामने डैमोक्रेटिक पार्टी बेबस होकर रह जाती है। पिछले साल जून में भारी तादाद में लोगों ने सड़कों पर उतर कर बंदूकों की खरीद-बिक्री से संबंधित कानून को बदलने की मांग की। जरूरत इस बात की है कि इस समस्या के पीड़ितों को राहत देने के साथ-साथ बंदूकों के खरीददार से लेकर इसके निर्माताओं और बेचने वालों पर भी सख्त कानून के दायरे में लाया जाए। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। खुद सरकार की ओर से कराए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि अमेरिका में सत्रह साल से कम उम्र के करीब तेरह सौ बच्चे हर साल बंदूक से घायल होते हैं। अमेरिकी प्रशासन को 'बंदूक संस्कृति' ही नहीं बल्कि हथियार संस्कृति पर भी अंकुश लगाना होगा, अब तो दुनिया को जीने लायक बनाने में उसे अपनी मानसिकता को बदलना होगा। किसी भी संवेदनशील समाज को इस स्थिति को एक गंभीर समस्या के रूप में देखना-समझना चाहिए। यह बेवजह नहीं है कि जिस अमेरिका में ज्यादातर परिवारों के पास अलग-अलग तरह की बंदूकें रही हैं, वहां अब इस हथियार की संस्कृति के खिलाफ आवाजें उठनी शुरू हो गई हैं। देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार अमेरिका की आंखे खुले तो अमेरिका के साथ दुनिया को एक शांति एवं अहिंसा का सन्देश जायेगा।

# स्पिन के चमकते सितारे बिशन सिंह बेदी

**स्पिन को नई दिशा देने में बिशन सिंह बेदी के योगदान को कभी भुलाया ही नहीं जा सकता। अपनी फिरकी से उन्होनें दुनिया भर के बल्लेबाज़ों को अपने कौशल से बाँधा, साथ ही घरेलू क्रिकेट दिल्ली की ओर से खेलते हुए अपने दो रणजी ट्रॉफ़ी खुद के नेतृत्व में जीते। यही नहीं 370 के प्रथम श्रेणी के मैचों में रिकॉर्ड 1560 विकेट हासिल कर वह एक समय सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी भी बने। वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज थे।**

उनकी स्पिन में गजब का जादू था। जब वो मैदान पर उतरते और कलाई से गेंद की दिशा को मोड़ देते थे तो दुनिया के बल्लेबाजों का मान मर्दन कर देते थे। उनके सामने बैटिंग करने पर खिलाडियों के पहले ही पसीने छूट जाया करते थे। उनकी गेंद की फ्लाइट को देखकर दुनिया के अच्छे बल्लेबाज भी चकमा खा जाते थे। अगर कहा जाए उनकी गिनती बाएं हाथ के दुनिया के महानतम स्पिनर के रूप में की जाती थी तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होनी चाहिए। सही मायनों में अगर कहा जाए तो इरापल्ली प्रसन्ना, बीएस चंद्रशेखर और एस. वेंकटराघवन की तिकड़ी के साथ उन्हें भारतीय स्पिन गेंदबाज़ी में नई क्रांति लाने का श्रेय दिया जाता है। पचास के दशक में हमारे पास वीनू मांकड और सुभाष गुप्ते जैसे विश्वस्तरीय स्पिनर थे लेकिन सत्तर और अस्सी के दशक में भारत की स्पिन को दुनिया के पटल पर अगर किसी ने नई पहचान दिलाई तो उसमें बिशन सिंह बेदी ही थे। जिस दौर में बेदी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया उस समय दुनिया भर में तेज़ गेंदबाज़ों का जलवा हुआ करता था। होल्डिंग, रॉबर्ट्स, गार्नर, मार्शल, क्लार्क , लिली , टॉमसन सरीखे रफ़्तार के लम्बे तेज गेदबाजों के सामने सही से भी बैटिंग भी नहीं की जा सकती थी । उस दौर में बिशन सिंह बेदी ने अपनी कलाई के जादू के आसरे दुनिया के पटल पर खास पहचान बनाई। बिशन सिंह बेदी ने भारत के खिलाफ 67 टेस्ट मैच खेले और 28.71 के शानदार औसत से 266 विकेट हासिल किए। इस दौरान वो भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे। उनके पास लूप और स्पिन के साथ-साथ क्रीज पर बल्लेबाजों को मात देने के लिए खुद के पिटारे में बेहतर आर्म स्पीड रिलीज पॉइंट्स में फ़्लाइट भी मौजूद थी।



हर्षवर्धन पाण्डे

भारतीय क्रिकेट में स्पिन को नई दिशा देने में बिशन सिंह बेदी के योगदान को कभी भुलाया ही नहीं जा सकता। अपनी फिरकी से उन्होनें दुनिया भर के बल्लेबाज़ों को अपने कौशल से बाँधा, साथ ही घरेलू क्रिकेट दिल्ली की ओर से खेलते हुए अपने दो रणजी ट्रॉफ़ी खुद के नेतृत्व में जीते। यही नहीं 370 के प्रथम श्रेणी के मैचों में रिकॉर्ड 1560 विकेट हासिल कर वह एक समय सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी भी बने। वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज थे। बिशन सिंह बेदी भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहले बाएं हाथ के स्पिनर बने थे जिन्होंने 266 विकेट लेने का कारनामा महज 67 मैच में कर दिखाया जो एक बड़ी उपलब्धि उस दौर में थी जब क्रिकेट में आज के दौर के जैसे संसाधन नहीं हुआ करते थे ।अपने खेल के जरिये उन्होंने दुनिया की विभिन्न टीमों को खेल के सही मायने सिखाये।



बिशन सिंह बेदी की अलहदा शख्सियत उन्हें महान खिलाडियों की ऐसी श्रेणी में रखती है जो खेल भावना से खेल खेला करते थे। एक बार 1976 के सबीना पार्क में टेस्ट मैच चल रहा था जब वेस्ट इंडियन कप्तान क्लाइव लॉयड ने ऑस्ट्रेलिया के लिली-टॉमसन से त्रस्त होकर तेज़ गेंदबाज़ी को अपना हथियार बनाया और भारतीय बल्लेबाज़ों को मैदान पर अपने निशाने पर लिया तो तो बिशन सिंह बेदी ने विरोध में पारी घोषित कर दी। उनका स्पष्ट कहना था कि ऐसा खेल उन्हें मंज़ूर नहीं है जिसमें इस तरह की आक्रामकता हो। उस टेस्ट को अब भी इस विरोध के लिए याद किया जाता है। इस घटना ने सिखाया बेदी अपने उसूलों पर चलने वाले एक बेहतर इंसान थे और बेख़ौफ़ बोलने में माहिर थे।

बिशन सिंह का जन्म 25 सितंबर 1946 को अमृतसर पंजाब में हुआ था। बेदी ने भारत के लिए 1966 में टेस्ट डेब्यू किया और वह अगले 13 साल तक टीम इंडिया के लिए सबसे बड़े मैच विनर साबित हुए। गेंदबाजी के अलावा बिशन सिंह बेदी के अंदर बेहतरीन नेतृत्व की काबिलियत भी थी । बिशन सिंह बेदी को 1976 में टीम इंडिया का कप्तान नियुक्त किया गया और उन्होंने 1978 तक टीम इंडिया की कमान संभाली। बिशन सिंह बेदी ने 22 टेस्ट मैचों में टीम इंडिया की कप्तानी की। बिशन सिंह बेदी को ऐसे कप्तान के तौर पर जाना जाता है जिन्होंने टीम के अंदर लड़ने की क्षमता पैदा की और अनुशासन को लेकर नए बैंच मार्क स्थापित किए। बिशन सिंह बेदी को भारतीय टीम की कप्तानी करने का भी मौका मिला था। उन्हें 1976 में यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बेदी को महान क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी की जगह कप्तान बनाया गया था। बतौर कप्तान उन्हें पहली जीत वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में 1976 के दौरे पर मिली थी। कप्तान के तौर पर बिशन सिंह बेदी ने 1976 में उस समय की सबसे मजबूत टीम वेस्टइंडीज को उसी की धरती पर जाकर टेस्ट सीरीज में मात दी। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज में 3-1, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज में 3-2 और पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट सीरीज 2-0 से मिली हार के बाद उन्हें कप्तानी से हटा दिया गया था। उनके बाद सुनील गावस्कर कप्तान बने। भारत के लिए 67 टेस्ट मैच में उन्होंने 266 विकेट लिए। उन्होंने 15 बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया और एक बार मैच में 10 विकेट भी लिए। वहीं, 10 वनडे मैच में उन्होंने सात विकेट झटके।बेदी ने भारत के लिए कुल 77 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 273 विकेट झटके । बेदी को भारतीय टेस्ट इतिहास के पुरोधा बेहतरीन स्पिनरों में आज भी गिना जाता है। बेदी ने भारत के लिए 1966 से 1979 तक टेस्ट क्रिकेट खेला था। बेदी ने 1969-70 में कोलकाता टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक पारी में 98 रन देकर सात विकेट लिए थे। यह एक पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। वहीं, मैच की बात करें तो 1977-78 में पर्थ के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 194 रन देकर कुल 10 विकेट झटके थे। उन्होंने टेस्ट में इकलौता अर्धशतक 1976 में कानपुर टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया था।बिशन सिंह बेदी भारतीय क्रिकेट इतिहास के इकलौते ऐसे स्पिनर रहे, जिन्होंने अपने पूरे प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1560 विकेट लिए। बेदी ने दो उपविजेता रहने के अलावा, 1978-79 और 1979-80 में दिल्ली को प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी खिताब भी दिलाया। इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में नॉर्थम्पटनशायर के लिए भी उनका कार्यकाल सफल रहा। 1972 और 1977 के बीच क्लब के लिए 102 मैचों में, बेदी ने 20.89 के औसत के साथ 434 विकेट हासिल किए, जो इंग्लिश काउंटी क्रिकेट सर्किट में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक है। बिशन सिंह बेदी के नाम 60 ओवरों के वनडे फॉर्मेट में सबसे किफायती स्पेल डालने का विश्व रिकॉर्ड है। बेदी ने ईस्ट अफ्रीका के खिलाफ 1975 में 12 ओवर के अपने स्पेल में सिर्फ 6 दिए थे। इस दौरान उन्होंने 8 मेडन ओवर निकाले जबकि एक विकेट भी लिय था।

# यूपी के जिलों में तेजी से बदलेगा मौसम, दिन और रात में बढ़ेगी ठंड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जिलों में गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह के साथ शाम और रात में तापमान कम होने के चलते सर्दी का एहसास होने लगा है। पंखे बंद होने के साथ चादर और हल्के कंबल भी निकल आए हैं। प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र से सटे जिलों में ठंड का असर जल्द होने लगा है।

आज सुबह पूर्वांचल के जिलों में और तराई क्षेत्र में सुबह सुबह कोहरा नजर आया। वहीं दोपहर में धूप होने के चलते मौसम सामान्य हो जाता है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में तेजी से पारा गिरने की संभावना है। इससे सर्दी में भी बढ़ोतरी होगी। कानपुर लखनऊ सहित आसपास के जिलों का दिन में तापमान 20 से 22 डिग्री तक दर्ज किया गया है। जबकि रात में यह गिरकर 16 से 18 डिग्री के करीब पहुंच रहा है। लखनऊ में आज अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है। गोरखपुर, वाराणसी, बलिया, चुर्क, बहराइच, बाराबंकी, हरदोई, कानपुर, इटावा, लखीमपुर खीरी और प्रयागराज में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से लेकर 16 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।

फतेहपुर, बांदा, सुल्तानपुर, अयोध्या, फुरसतगंज, गाजीपुर और फतेहगढ़ में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से लेकर 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का पूर्वानुमान है। यहां न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस लेकर 18 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। बस्ती, झांसी, उरई, हमीरपुर, बरेली शाहजहांपुर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ, आगरा, अलीगढ़ और बुलंदशहर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से लेकर 32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का पूर्वानुमान है, जबकि यहां का न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस से लेकर 18 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।

### मौसम बदलने के साथ हुई प्रदूषण में वृद्धि

मौसम बदलने के साथ ही वातावरण में कार्बन मोनो आक्साइड, ओजोन, सल्फर और नाइट्रोजन आक्साइड की मात्रा बढ़ गई है। हवा की गुणवत्ता खराब होने से अस्थमा, सीओपीडी, आइएलडी और टीबी के मरीजों पर पड़ता है। ऐसे में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। 15 दिन से सांस के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। ऐसे में धूप निकलने के पहले घर से बाहर नहीं जाए। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हमे बाजार जाने के लिए पैदल चलना चाहिए।

## मुख्तार के खिलाफ 65 और करीबियों पर 34 मुकदमे

**लखनऊ।** वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद शासन की ओर से पूरे प्रदेश में एंटी माफिया अभियान चलाया गया। अब तक मुख्तार अंसारी के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। पूरे प्रदेश में अब तक करीब 580 करोड़ की संपत्ति को प्रशासन ने जब्त व ध्वस्त किया है। जिले में भी मुख्तार व उसके करीबियों की 395.56 करोड़ रुपये की संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। मुख्तार व उसके करीबी 34 लोगों की 184 करोड़ की संपत्ति को कुर्क किया जा चुका है तो वहीं दस के लोगों की 111.46 करोड़ की संपत्ति हो बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है। मुख्तार अंसारी के खिलाफ कुल 65 मुकदमा दर्ज है। शासन के एंटी माफिया अभियान के आगे माफियाओं की हर तरकीब फेल हो गई। योगी सरकार के प्रयास से न सिर्फ मुख्तार अंसारी को पंजाब से यूपी लाया जा सका। इसके बाद मुख्तार अंसारी के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस ने चौतरफा कार्रवाई शुरू कर दी।

### सीएम योगी का दिवाली गिफ्ट

# पुलिस महकमे में 20 अफसरों को मिला प्रमोशन का बोनस, आदेश जारी

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में वरिष्ठता के आधार पर 20 पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) को पुलिस उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर पदोन्नति प्रदान की है। डीजीपी मुख्यालय ने इसका आदेश जारी किया है।

सभी कर्मियों को उनके वर्तमान तैनाती स्थल पर ही प्रोन्नति प्रदान की गई है। इसके साथ ही 12 अन्य पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) को हर माह होने वाली रिक्तियों के आधार पर पुलिस उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाएगी।

हाल ही में प्रदेश सरकार ने17 नए आइएएस बनाए। केंद्र सरकार ने पीसीएस संवर्ग से आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति पाए 17 अधिकारियों की अधिसूचना जारी कर दी है। सभी चयन वर्ष 2022 के लिए प्रोन्नत हुए हैं। आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति पाने वालों में दो अधिकारी उमाकांत त्रिपाठी व नरेन्द्र सिंह नायब तहसीलदार के पद पर भर्ती हुए थे।

इसी माह यूपी पुलिस में प्रोन्नति का सिलसिला जारी है। डीजीपी मुख्यालय ने नागरिक पुलिस के 2306 मुख्य आरक्षियों को ज्येष्ठता के आधार पर उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई है। बता दें बीते दिनों यूपी को 17 नए आइएएस अधिकारी मिले। केंद्र सरकार ने पीसीएस संवर्ग से आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति पाए 17 अधिकारियों की अधिसूचना जारी की थी।

# भाषा विवि में रोवर्स रेंजर्स को मिले प्रमाण पत्र

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** शहर के भाषा विश्वविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह ने रोवर्स-रेंजर के अंतर्गत प्रवेश प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से संकल्प लेने के लिए कहा। प्रो. सिंह ने बताया की किसी भी राष्ट्र के विकास में शिक्षा के साथ विभिन्न गतिविधियां सर्वांगीण विकास की द्योतक होती हैं। उन्होंने अधिकाधिक विद्यार्थियों से रोवर्स रेंजर्स से जुड़ने के लिए भी कहा। प्रमाण पत्र वितरण में मो. शारिक, समन्वयक- रोवर्स/रेंजर, डॉ सिद्धार्थ सुदीप, प्रभारी, रोवर्स, डॉ जहाँ आरा ज़ैदी, प्रभारी, रेंजर एवं डॉ हसन मेहदी, सहायक आचार्य (अस्थायी), शारीरिक शिक्षा का विशेष योगदान रहा। प्रमाण पत्र मिलने पर विद्यार्थियों के चहरे खुशी से खिल गये। इस अवसर पर दीप्ति मिश्रा उप कुलसचिव, डॉ पूनम चौधरी, डॉ नलिनी मिश्रा, आदि शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# द्रविड़ ने क्यूरेटर से कहकर हटवाई पिच की घास

## लगेगा रनों का अंबार, विराट कोहली ने बॉलिंग का किया अभ्यास

**लखनऊ।** रविवार को होने वाले मैच के पहले भारतीय टीम ने इकाना स्टेडियम में प्रैक्टिस की। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली सहित सभी बल्लेबाज नेट पर देर तक पसीना बहाते रहे। इस दौरान विराट कोहली ने बॉलिंग का भी अभ्यास किया। भारतीय टीम ने इकाना की पिच का भी मुआयना किया। रोहित शर्मा बैठकर उसे देखते नजर आए।

टीम इंडिया के अभ्यास सत्र के दौरान कोच राहुल द्रविड़ की नजरें इकाना स्टेडियम की पिच पर रही। दोपहर बाद वे पिच क्यूरेटर संजीव अग्रवाल के पास गए और उन्हें पिच पर मौजूद घास को साफ करने को बोला। कुछ ही देर में ग्राउंड स्टाफ द्रविड़ के निर्देश के अनुसार पिच की सफाई में जुट गया। पिच पर घास हटाए जाने के बाद इतना तो आफ हो गया है कि यहां खूब रन बनेंगे और अगर यह आंकड़ा तीन सौ के पार भी पहुंच गया तो हैरानी नहीं होगी।

विश्वकप के तीन पहले के मुकाबलों में पिच के व्यवहार का आंकलन किया जाए तो यहां तेज गेंदबाजों के लिए भी काफी कुछ होगा। साथ ही स्पिनर भी प्रभाव छोड़ सकते हैं। कुल मिलाकर अनुमान है कि भारत और इंग्लैंड के इस हाईवोल्टज मुकाबले में गेंद और बल्ले में खासी जंग देखने को मिलेगी, जहां रनों का आंकड़ा तीन सौ के पार पहुंच सकता है।

लखनऊ में होने वाले मुकाबला टीम इंडिया के स्टार चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के लिए खास हो सकता है। कानपुर के रहने वाले कुलदीप अभी तक विश्वकप के पांच मैचों में 29.62 की औसत से आठ विकेट अपनी झोली में डाल चुके हैं। इस दौरान उनकी इकोनॉमी रेट 4.74 रन रहा, जो उन्हें अन्य गेंदबाजों को अलग बनाता है।

इकाना स्टेडियम की बात की जाए तो छह नवंबर 2018 में हुए पह मुकाबले कुलदीप यादव भारत का हिस्सा थे। इस मैच में उन्होंने 32 रन देकर दो अहम विकेट चटकाए। यह मुकाबला भारत ने 71 रन से अपने नाम किया। इसके बाद कुलदीप इस साल 29 जनवरी को लखनऊ में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला, जिसमें उन्होंने 17 रन देकर एक विकेट लिया। इस मैच को भारत ने छह विकेट से जीता।

# शोभारानी को विधान सभा चुनाव में कांग्रेस का 'टिकट'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष, राज्य सभा मल्लिकार्जुन खड़गे तथा राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत के प्रति कृतज्ञता अर्पित करते हुये आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की विधायक शोभारानी कुषवाहा को विधान सभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी का 'टिकट' दिया है।

स्मरणीय है कि शोभारानी कुषवाहा ने भारतीय जनतापार्टी से बगावत करके खुलकर प्रमोद तिवारी के पक्ष में विधायक के रूप में राज्य सभा के चुनाव में अपना मतदान किया था। उत्तर प्रदेश की पारिवारिक पृष्ठभूमि की वजह से उन्होंने प्रमोद तिवारी के पक्ष में मतदान किया था, और उसी ने राज्य सभा के चुनाव का रुख बदल दिया था, और प्रमोद तिवारी सर्वाधिक 41 वोट पाकर राज्य सभा के सदस्य बने थे। यद्यपि की शोभारानी कुषवाहा को भारतीय जनतापार्टी ने हटाया नहीं था और न ही उन्हें पार्टी से ही निकाला था फिर भी प्रमोद तिवारी ने अपना बचन निभाया और कल ही शोभारानी कुषवाहा ने भारतीय जनतापार्टी छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। श्री तिवारी ने कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गाँधी और राहुल गाँधी के प्रति कृतज्ञता अर्पित की है।

# डिजिलॉकर पर फैमिली आईडी अब लाइव

**लखनऊ।** विभिन्न योजनाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी से जोड़ने का काम तेज हो गया है। सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी योजना फैमिली आईडी: एक परिवार एक पहचान को डिजिलॉकर पर लाइव कर दिया है। यानी अब प्रदेश के नागरिक डिजिलॉकर पर अपनी फैमिली आईडी का इस्तेमाल कर सकेंगे।

प्रदेश में ऐसे सभी लोग जिनका फैमिली आईडी के लिए पंजीकरण हो चुका है, वे डेस्कटॉप या मोबाइल फोन के जरिए डिजिलॉकर पर जाकर अपनी फैमिली आईडी का इस्तेमाल कर पाएंगे। फैमिली आईडी का उद्देश्य अप्रयुक्त योजनाओं में पात्र लाभार्थियों की पहचान के माध्यम से योजनाओं का बेहतर कवरेज देना, डुप्लीकेट और फर्जी लाभार्थियों को हटाना और प्रमाण का बोझ कम करके आवेदन का सरलीकरण करना है।

गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष डिजिलॉकर पर फैमिली आईडी लाइव किए जाने की जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रदेश के

### लाभार्थी-परिवार का पूरा डाटा होगा उपलब्ध, योजनाओं का लाभ मिलेगा

नागरिकों की सुविधा के लिए डिजीलॉकर पर फैमिली आईडी डिजिटल कार्ड उपलब्ध कराया गया है।

इस कार्ड में लाभार्थी और उसके परिवार का पूरा डाटा उपलब्ध होगा। विभिन्न योजनाओं और उनका लाभ प्राप्त करने के लिए फैमिली ई-पासबुक प्रदेश भर के सभी परिवारों के लिए तैयार हो गई है। यह पात्र लाभार्थियों को संभावित योजनाओं को खोजने में मदद करेगी।

### समेकित डेटाबेस के रूप में कार्य करेगा फैमिली आईडी

फैमिली आईडी डाटाबेस के रूप में कार्य करेगा। इसके अंतर्गत एजुकेशन और स्किलिंग के तहत बेसिक एंड सेकेंडरी, हायर एंड टेक्निकल और स्किलिंग व वोकेशनल योजनाओं का लाभ लिया जा सकेगा। इसी तरह सामाजिक कल्याण और सशक्तिकरण के तहत कृषि एवं राशन, पेंशन व स्कॉलरशिप और मेडिकल हेल्थ से जुड़ी योजनाओं में इसका इस्तेमाल हो सकेगा। रोजगार और माइक्रोफाइनेंस के तहत रोजगार के अवसर, क्रेडिट लिंकेज और सोशल सिक्योरिटी में भी ये मददगार होगा।

### क्या है डिजिलॉकर

डिजिलॉकर डिजिटल इंडिया की एक पहल है, जिसमें जरूरी दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी को संभाल कर रखा जा सकता है। डिजिलॉकर में आपके दस्तावेज लिंक के रूप में दिखते हैं। अगर आप किसी योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो दस्तावेजों की हार्ड कॉपी के बजाए आप वहां एक लिंक दे सकते हैं, जिससे आपके दस्तावेज की जांच आसानी से हो जाएगी।

# प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा बीमार : सुधाकर यादव

अवधनामा संवाददाता

- हापुड़ में मुस्लिम युवक की लिंचिंग की माले ने की कड़ी निंदा

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने हापुड़ में एक मुस्लिम युवक (इरशाद मोहम्मद, 25) की लिंचिंग (भीड़ हत्या) की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने कहा है कि भाजपा द्वारा नफरत की राजनीति को हवा देने के चलते लिंचिंग गिरोहों को शह मिल रही है और वे प्रदेश में फिर से सर उठा रहे हैं। यह तब है, जब देश की आला अदालत ने भीड़ हत्या के खिलाफ राज्य सरकारों को कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं।

भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि भीड़ हत्या के नामजद आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए। ऐसी घटनाएं सख्ती से रोकी जाएं। जानकारी के अनुसार, जिले में लुहारी गांव के रामलीला स्थल के निकट बीते मंगलवार को दशहरा उत्सव से जुड़े एक व्यक्ति को इरशाद की बाइक से टक्कर लगने के कारण उसकी भीड़ हत्या कर दी गई। उसके बचाव में आये एक मुस्लिम व्यक्ति को भी घायल कर दिया गया।

एक अन्य बयान में, माले राज्य सचिव ने कहा कि प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा बीमार हो गया है। वह स्वास्थ्य के बजाय बीमारी बांटने लगा है। कानपुर मंडल के जिलों के 14 बच्चों को इलाज के नाम पर बीमारी बांटी गई। माले नेता सुधाकर ने कहा कि संक्रमित खून चढ़ाने से मासूमों को हेपेटाइटिस व एचआईवी जैसी मिली नई बीमारियां स्वास्थ्य विभाग के नाकारापन और भ्रष्टाचार की देन हैं। यदि विभाग सजग व सक्रिय होता, तो बच्चों के जीवन पर खतरा और न बढ़ता।

# छात्रों ने अपनी कलात्मकता एवं ज्ञान के आधार पर चित्रों ने भरे रंग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** एस बी पब्लिक स्कूल की जानवी शर्मा ने आर्ट प्रतियोगिता में जीता प्रथम स्थान प्रतियोगिता का आयोजन अवध एजुकेशनल वेल्फेयर सोसाइटी ने किया था जिसमें मुख्य अतिथि आगरा विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता सत्येंद्र कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुशवाहा रहें जिसकी अध्यक्षता रणविजय मौर्य के द्वारा की गई।

प्रतियोगिता का आयोजन अवध एजुकेशनल एवं वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष दिनेश चंद्र यादव ने किया। विद्यालय के कक्षा दो से आठ तक के तक्षशिला, नालंदा, अवंतिका और वैशाली सदन के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक एवं विकसित रहा। जिसमें जूनियर व सीनियर वर्ग के छात्रों ने अपनी कलात्मकता एवं ज्ञान के आधार पर चित्रों ने रंग भरे। छात्रों ने प्राकृतिक चित्रण एवं अन्य विषय का चुनाव करके सुंदर चित्र प्रस्तुत किए। प्रतियोगियों का मूल्यांकन चित्र रचना, सजावट, स्वच्छता, विषयानुकूलता एवं समय सीमा के आधार पर किया गया। रण विजय मौर्य ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की तथा विजेता छात्रों को बधाई दी । सतेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि चित्र कला जीवन का एक पहलू है।

जीवन के हर क्षेत्र में कला विद्यामान है। अतः किसी भी कार्य को कलापूर्ण ढंग से करना चाहिए।जानवी शर्मा व सपना कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , सोनाली तथा दिव्या ने द्वितीय स्थान एवं गरिमा गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# श्रेयांश ने दो कांस्य पदक अर्जित कर बढ़ाया देश का गौरव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आर.डी.एस.ओ. कैम्पस के छात्र श्रेयांश त्रिवेदी ने चीन के हांगझू शहर में आयोजित हो रहे एशियन पैरा गेम्स-2023 में दो कांस्य पदक जीतकर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश का गौरव बढ़ाया है। श्रेयांश ने यह उपलब्धि 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में अर्जित की है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्रेयांस की इस उपलब्धि पर बधाई दी है, साथ ही पूरे देश भर से सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र को बधाइयों का सिलसिल लगातार जारी है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने विद्यालय के इस होनहार छात्र को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि श्रेयांश ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के साथ ही सी.एम.एस. के प्रेरणादायी वातावरण को दिया है।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र श्रेयांश त्रिवेदी ने अल्प समय में ही कई उपलब्धियां अपने नाम कर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है। श्रेयांश ने मैक्सिको में आयोजित पैरालम्पिक में ब्रांज मेडल हासिल किया और इससे पहले पुर्तगाल में गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इसी प्रकार, फ्रांस में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स में 100मी व 200मी दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकार्ड कायम किया। सी.एम.एस. आर.डी.एस.ओ. का प्रतिभाशाली खिलाड़ी रहा है और शुरू से ही उसमें खेलों को प्रति जुनून रहा है।

# केमिस्ट्री मानव सभ्यता के लिए वरदान और अभिशाप

अवधनामा संवाददाता

- पर्यावरण में हानिकारक तत्वों का पता लगाना सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. आरके शर्मा
- देश के सबसे प्रदूषित पांच शहरों में मुरादाबाद भी शुमार : डॉ. अनामिका त्रिपाठी

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. रघुवीर सिंह ने सस्टेनेबल डवलपमेंट पर बोलते हुए कहा, केमिस्ट्री मानव सभ्यता के लिए वरदान और अभिशाप दोनों है। रसायन विज्ञान ने मानव जीवन को सरल तो बनाया है, लेकिन इसके कुछ हानिकारक प्रभाव भी देखे जा रहे हैं। विभिन्न प्रकार की दवाइयों का निमार्ण सिद्ध करता है कि केमिस्ट्री किसी वरदान से कम नहीं है, जबकि युद्ध में प्रयोग होने वाले रासानिक हथियार कितने घातक है। कुछ रसायनों से आज पर्यावरण बेहद दूषित हो गया है, जिसके भयावह परिणाम समय-समय पर प्राकृतिक आपदाओं के रूप में हमारे सामने आते हैं। इसीलिए सस्टेनेबल लीविंग वक्त की दरकार है। उन्होंने वेस्ट मीनिमाइजेशन के फोर-आरस यानी रिडयूस, रियूज, रिपर्पज़ एंड रिसाइकल के पर्यावरण संरक्षण एवम् संवर्धन की महत्ता पर बल दिया। प्रो. सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग- एफओई के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से हरित प्रौद्योगिकी-रिसर्च ट्रेंडस इन ग्रीन एसपेक्ट्स ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी-आरटीजीएएसटी 3.0 पर नेशनल कॉन्फ्रेंस में बतौर विशिष्ट अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले रिसर्च टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेट्री-आटीसीएल, एमएचएससी मुरादाबाद के जनरल मैनेजर डॉ. आरके शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि, हिन्दू कॉलेज के बॉटनी विभाग की एचओडी डॉ. अनामिका त्रिपाठी ने बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर, टीएमयू के वीसी प्रो. रघुवीर सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि, ज्वाइंट रजिस्ट्रार, रिसर्च डॉ. ज्योति पुरी, एफओई एंड सीसीएसआईटी के निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी, वाइस प्रिंसिपल डॉ. पंकज गोस्वामी, कॉन्फ्रेंस के कन्वीनर डॉ. गन्धर्व आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके नेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ किया। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया, जबकि अंत में स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कॉन्फ्रेंस के दूसरे सत्र में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के रिसर्चर्स की ओर से तीस रिसर्च पेपर भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर कॉन्फ्रेंस सोविनियर का विमोचन भी किया गया। संचालन मिस इंदु त्रिपाठी ने किया।

आरटीजीएएसटी 3.0 में रिसर्च टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेट्री-आटीसीएल, एमएचएससी मुरादाबाद के जनरल मैनेजर डॉ. आरके शर्मा बतौर मुख्य अतिथि बोले, पर्यावरण प्रदूषण की वजह से पेय जल और मिट्टी में कैडमियम, मरकरी, आर्सेनिक, लेड, पॉलीक्लोरिनेटेड एंड पॉलीब्रोमिनेटेड डाई फिनाइल्स सरीखे खतरनाक तत्वों की मौजूदगी के बुरे प्रभाव से न तो मानव अछूता है और न वनस्पति। डॉ. शर्मा बोले, इन हानिकारक तत्वों से श्वतंत्र तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसीलिए पर्यावरण में कार्बनिक और अकार्बनिक तत्वों एवम् पदार्थों का पता लगाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# इण्टरनेशनल आर्केस्ट्रा 'कार्मिना बुराना' का आयोजन सीएमएस में आज

अवधनामा संवाददाता

- मुख्य सचिव, दुर्गाशंकर मिश्र होंगे मुख्य अतिथि

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के तत्वावधान में विश्व की सबसे बड़ी आर्केस्ट्रा प्रस्तुति 'कार्मिना बुराना' का आयोजन कल 28 अक्टूबर, शनिवार को सायं 6.00 बजे से सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 27 देशों के 300 से अधिक संगीतकार सामूहिक प्रस्तुति से संगीत की लाजवाब एवं मंत्रमुग्ध कर देने वाली कला से रूबरू करायेंगे। प्रदेश के मुख्य सचिव,

श्री दुर्गाशंकर मिश्र, आई.ए.एस. समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय आर्केस्ट्रा में विश्व के 27 देशों के 200 से अधिक गायक व 100 से अधिक कलाकार जर्मन संगीतकार कार्ल ओर्फद्वारा रचित गीतों की प्रस्तुति देंगे। इस अन्तर्राष्ट्रीय संगीत महोत्सव में जिन 27 देशों के कलाकार प्रतिभाग कर रहे हैं, उनमें आस्ट्रिया, अर्जेन्टीना, बोस्निया एण्ड हर्जेगोविना, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, क्रोएशिया, साइप्रस, ग्रीस, चेक रिपब्लिक, जर्मनी, इजिप्ट, फिनलैंड, हंगरी, इटली, न्यूजीलैंड, पोलैण्ड, रूस, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, साउथ अफ्रीका, साउथ कोरिया, स्पेन, स्विटजरलैण्ड, अमेरिका, वेनेजुएला एवं भारत प्रमुख हैं। श्री शर्मा ने बताया कि यह इण्टरनेशनल आर्केस्ट्रा इण्डिया नेशनल यूथ आर्केस्ट्रा, फिलहार्मोनिक वियना आर्केस्ट्रा, आस्ट्रिया, एसोसिएटेड बोर्ड ऑफ रायल स्कूल ऑफ म्यूजिक (ए.बी.आर.एस.एम.), लंदन एवं सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

# भव्य कलश बस को नगर भ्रमण के बाद लखनऊ रवाना

- नई पीढ़ी को देश की सांस्कृतिक एवं देश की मिट्टी के महत्व के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक: अशोक रावत
- देश की मिट्टी एवं सांस्कृतिक का हर देशवासी को सम्मान करना चाहिए: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** रसखान प्रेक्षागृह में मेरी माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन, वीर वंदन अमृत कलश यात्रा, देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को समर्पित कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त नगरीय निकायों एवं विकास खण्डों से इकत्र किये गये कलशों को मुख्य अतिथि के रूप में मा0 सांसद मिश्रिख अशोक रावत ने भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र तथा भाजपा उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित के साथ हाथों में कलश लेकर भव्य कलश बस को नगर भ्रमण के बाद धूम-धाम लखनऊ रवाना के लिए रवाना किया।

इससे पहले प्रेक्षागृह में आहूत भव्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने भारत माता के वेश में आयी छात्रा से पंच प्रण की शपथ दिलायी जिसकों सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने शपथ को दोहराया। इस अवसर पर मा0 सांसद ने कहा कि भारत सरकार ने देश की नई पीढ़ी को देश की सांस्कृतिक एवं देश की मिट्टी के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मा0 सांसद ने जनपद में कलश यात्रा को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भव्य एवं विशाल रूप में क्रियान्वन कराने पर जिलाधिकारी एवं उनकी टीम की प्रशंसा करते हुए की कहा कि कलश यात्रा को भव्य रूप देने सफल आयोजन कराने में जिला प्रशासन ने विशेष सहयोग किया है।

कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक ने सम्बोधित किया तथा कहा कि देश की भावी पीढ़ी को मातृ भूमि के प्रति बलिदान देने वाले बलिदानियों की कहानी आदि के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आये जनप्रतिनिधियों आदि का आभार व्यक्त करते हुए कहा मेरी मॉटी मेरा देश कार्यक्रम को जनपद के गांव-गांव के साथ सभी नगरीय निकाय एवं विकास खण्डों ने विशेष रूचि लेकर सफल बनाया हैं। उन्होने कहा कि देश की मिट्टी एवं सांस्कृतिक का हर देशवासी को सम्मान करना चाहिए और शपथ लेनी चाहिए कि वह देश के प्रति अपना हर- सम्भव सहयोग करेगें। कलश यात्रा में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने रसखान प्रेक्षागृह से सोल्जर बोर्ड चौराहा, नुमाईश चौराहा, बड़ा चौराहा, छोड़ा चौराहा, मुन्ने मिंया चौराहा होते हुए बिलग्राम चुंगी तक खुली जीप में तिरंगा लेकर कलश बस के साथ भ्रमण किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट प्रशांत तिवारी, जिला विकास अधिकारी, पीडी, डीडी कृषि, जिला सूचना अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले शादी के आवेदन करें

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विनीत कुमार तिवारी ने अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों की पुत्रियों के विवाह अनुदान हेतु संचालित शादी अनुदान योजनान्तर्गत जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त अब तक प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष 404 पात्र आवेदकों के बैंक खातों में धनराशि रू0 20, 000=00 (रु0 बीस हजार मात्र) प्रति आवेदक की दर से कुल धनराशि रू0 80, 80, 000=00 (रु0 अस्सी लाख अस्सी हजार मात्र) ई-कुबेर (कोषागार) के माध्यम से प्रेषित कर दी गयी है। अवशेष आवेदन पत्रों पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी की सत्यापन आख्या प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर कार्यवाही नियमानुसार प्रचलित है। उक्त योजना का लाभ लेने हेतु पात्र आवेदक जन सेवा केन्द्र/साइबर कैफे आदि माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर समस्त वांछित अभिलेखों सहित आवेदन पत्र सम्बन्धित तहसील/विकास खण्ड कार्यालय में जमा करें। ग्रामीण क्षेत्र के आवेदकों के लिए वार्षिक आय सीमा रू0 46080/एवं शहरी क्षेत्र के आवेदकों के लिए वार्षिक आय सीमा रू0 56460/निर्धारित है। विवाह की तिथि पर कन्या की आयु 18 वर्ष पूर्ण एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है।

# तिब्बती बाज़ार के विरोध में व्यापारीयों ने सदर विधायक को दिया ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** तिब्बती बाजार के शहर में न लगने देने को लेकर व्यापारीयों में रोष बड़ता जा रहा है, शुक्रवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने बाजार न लगने देने को लेकर सदर विधायक का दरवाजा खटखटाया।

रेडीमेड कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष देव गुप्ता, महिला व्यापार मंडल की प्रदेश मंत्री सुशीला राजावत, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उर्मिला भदौरिया के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारीयों ने सदर विधायक से कहा कि तिब्बती शरणार्थी होने की आड़ में स्थानीय व्यापारीयों की पेट पर लात मारने का काम किया जा रहा है। व्यापारी नेताओं ने बताया कि इन लोगों का टैक्स व्यवस्था से कोई लेना देना नहीं है, करोड़ों का व्यापार कर ये लोग स्थानीय व्यापारीयों को बर्बाद कर रहे हैं, इससे पहले जिलाधिकारी से भी मांग की जा चुकी है, फिर भी परमीशन दे दी गयी है। व्यापारीयों ने कहा कि आनलाइन व्यापार से व्यापार पहले ही बर्बाद हो चुका है। सदर विधायक ने व्यापारीयों से जिलाधिकारी से बात कर मसले को हल करने का आश्वासन दिया है।

# निःशुल्क ऑनलाइन भी अपने मतदाता पहचान के लिए आवेदन करें: जिलाधिकारी

- लोकतंत्र में मतदान करने का सभी को अधिकार है: एम0पी0 सिंह

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विशेष संक्षिप्त पुनरक्षण एवं मतदाता पंजीकरण अभियान के सम्बन्ध में सीएसएन पीजी कालेज के सभागार में छात्र-छात्राओं की आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसार सिंह ने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है वह 27 नवम्बर से 09 दिसम्बर के बीच 04, 05 व 25, 26 नम्बर तथा 02, 03 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाले विशेष अभियान के तहत अपने मतदान केन्द्रों पर जाकर बीएलओ के माध्यम से फार्म भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के साथ मतदाता पहचान पत्र बनवायें, इसके अलावा निर्वाचन काल सेन्टर ऐप के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाइन भी अपने मतदाता पहचान के लिए आवेदन कर सकते है।

जिलाधिकारी को लोकतंत्र में मतदान करने का सभी को अधिकार है इसलिए सभी छात्र-छात्राएं अपने घरवालों के साथ मोहल्ले एवं आस-पास के छूटे नवयुवक-युवतियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के साथ मतदाता पहचान पत्र बनवायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह सीएसएन प्राचार्य सहित शिक्षक एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पुलिस मॉडर्न स्कूल की छात्रा दौड़ में बनाया कीर्तिमान

**मथुरा।** सीढ़ियां छत पर चढ़ने के लिए होती हैं। आसमान तक जाने का रास्ता खुद बनाना होता है इसी कहावत को सार्थक करते हुए पुलिस मॉडर्न स्कूल कक्षा 9 की छात्रा अनामिका पाल ने इटावा में हो रहे सीबीएसई इंटर स्कूल एथलेटिक मीट 2023 में 100 मीटर की दौड़ में द्वितीय स्थान तथा 200 मीटर की दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया है तथा राष्ट्रीय एथलेटिक मीट 2023 के लिए भी इसका चयन कर लिया गया है। सर्वश्रेष्ठ धावकों में से एक स्थान प्राप्त करके अनामिका ने न केवल अपने विद्यालय का बल्कि जनपद मथुरा का नाम रोशन किया है, इस सफलता में इसके परिवार के साथ-साथ विद्यालय के पीटीआई अध्यापक तेजेस चौधरी एवं कर्मवीर का भी काफी योगदान रहा है।

# भगवान श्रीराम का हुआ राज तिलक, झूमे संडीला वाशी

अवधनामा संवाददाता

**संडीला, हरदोई।** संडीला नगर के अंतर्गत में श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के संयोजन में चल रहे आदर्श रामलीला महोत्सव में भगवान श्रीराम के वनवास से अयोध्या वापस लौटने पर राज तिलक की लीला का मंचन किया गया। अयोध्या में भगवान श्रीराम के राज तिलक संग अयोध्यावासी झूम उठे। विधि विधान संगमर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का राजतिलक किया गया।श्री धार्मिक रामलीला कमेटी संडीला के संयोजन में भरत मिलाप शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग से निकाली गई। श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, वीर हनुमान के स्वरूपों की आरती की गई।शोभायात्रा नगर से होती हुई। गल्ला मंडी जा पहुंची, जहां भरत मिलाप का सुंदर मंचन कलाकारों ने किया। भगवान श्रीराम अनुज भरत को देखकर भाव विभोर हो जाते हैं और उन्हें गले से लगाकर फूट-फूट कर रोने लगते हैं। इसके बाद चारों भाई, माता सीता और वीर हनुमान जी के साथ बाहुबली बग्गी में बैठकर रामलीला मैदान पहुंचते हैं, जहां भगवान श्रीराम का राजतिलक होता है। अध्योध्या के सिंहासन पर राजा राम विराजमान होते हैं। कमेटी पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता व तीनों भाई लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन और हनुमान जी की आरती की। इसी के साथ रामलीला मंचन का विधिवत समापन हुआ। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष अभय गुप्ता, प्रबंधक प्रेमबाबा, गंगा शरण गुप्त, चंद्रमोहन आहूजा, आनंद गुप्ता उर्फ मोहन, नरोत्तम गुप्ता, मनोज गुप्ता, सरजू प्रसाद चौरसिया, राजेंद्र गुप्ता, आलोक मेहरोत्रा, गुरजीत सिंह, आशीष प्रकाश, राहुल मेहरोत्रा, जयप्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पूरी शानो-शौकत के साथ शहर में निकाला गया जुलूस-ए-गौसिया

## मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजवीदुल कुरआन आज़ाद नगर से निकाला गया जुलूस-ए-गौसिया

- उलमाए-इकराम की तकरीर व बच्चों ने किया आकर्षित

वहाज अली निहाल

**इटावा।** वालियों के सरदार पीरान-ए-पीर दस्तगीर हज़रत सैय्यदना शैख़ मुहीउद्दीन अब्दुल कादिर जीलानी गौसे आज़म बगदाद शरीफ की याद में आपसे मोहब्बत करने वालों ने ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर शुक्रवार को अदबो-एहतराम और पूरी शानो-शौकत के साथ शहर में जुलूस-ए-गौसिया गौसिया निकाला। जुलूस का जगह-जगह लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उलमाए-इकराम की नात ख्वानी, हज़रत गौसे आज़म की शान में कलाम, दुरूद शरीफ का नज़राना पेश करते हुए और नारे लगाते हुए लोग जुलूस में आगे बढ़ते चले जा रहे थे। सुबह अपने समय पर मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजवीदुल कुरआन आज़ाद नगर नई बस्ती से हाफिज़ गुलाम गौस ने कुरआन पाक की तिलावत की उसके बाद डॉ.शुऐब अहमद नईमी व मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी ने संयुक्त रूप से जुलूस को हरी झंडी देकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। कारी सरफराज आलम निज़ामी, मौलाना उबैदुर्रहमान खां कादरी सदर जमाअत रज़ा-ए-मुस्तफा ने उलमाए-इकराम आदि का साफा पहनाकर स्वागत किया। शाहनवाज़ अतहर, मुहम्मद ज़ाहिद हुसैन, वाई के शफी चिश्ती व छोटे कुरैशी ने बैज लगाकर स्वागत किया। वारसी ट्रैवल्स पर फईमुद्दीन मंसूरी गुड्डू वारसी, हाजी मुइनुद्दीन मंसूरी, अनवर वारसी ने नई बस्ती, पचराहे, कटरा शहाब खां, उर्दू मोहल्ला, नोरंगबाद आदि जगह-जगह लोगों ने जुलूसे गौसिया में चल रहे उलमाए इकराम आदि का साफा पहनाकर, फूलों की माला पहनाकर गर्मजोशी से किया स्वागत। अब्दुल कादिर उर्फ जीलानी ने अपनी सुंदर आवाज़ में नात शरीफ पेश की। छोटे-छोटे बच्चे सरो पर साफे बांधे नारे लगाते हुए जुलूस में आगे बढ़े चले जा रहे थे जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। जुलूस शहर के कदीमी रास्तों से होता हुआ समय पर मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजवीदुल कुरआन आज़ाद नगर पर पूरा हुआ। सलातो सलाम के बाद हज़रत गौसे आज़म रज़ी.की नज़र पेश की गई बाद मुल्क में अमनो-अमान, खुशहाली व तरक्की के वास्ते दुआयें की गई। जुलूस के शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर ज़िला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अलावा सभी लोगों का जुलूस के आयोजक ने शुक्रिया अदा किया। जुलूस में हाफिज़ कफील अहमद चिश्ती, मौलाना ज़ाहिद रज़ा, कारी शाहवाज़ अनवर, हाफिज़ मुहम्मद अहमद अकबरी, मौलाना जहाँगीर अशरफ, मौलाना तफवीज़ अहमद, हाफिज़ अनवर, हाफिज़ गुलाम मुहीउद्दीन, हाफिज़ हारून, हाजी सरफराज मुस्तफा खां, सय्यद उरुजुल हसन, हाजी अज़ीम वारसी, हाजी रहीस अहमद चिश्ती, दिलशाद पहलवान, अनस अहमद, मुहम्मद अर्श, मुहम्मद जुनैद, मुहम्मद शाहरुख, आकिब, सय्यद राहत अली आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 76 वां निरंकारी संत समागम जहां मिलेगा सुकुन अंर्तमन का

अवधनामा संवाददाता

- निरंकारी सत्गुरू के आशीर्वचन को समालखा पहुंचे हजारों ब्रजवासी

**मथुरा।** भागदौड़ भरी जिंदगी में सुकुन अंर्तमन का पाने को और सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वचन का लाभ लेने को ब्रज के हजारों भक्त शुक्रवार को समालखा के लिए रवाना हो गए।

निरंकारी प्रतिनिधि किशोर स्वर्ण ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में तीन दिवसीय 76 वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 28, 29 एवं 30 अक्तूबर को करनाल हाइवे स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में आयोजित होने जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए ब्रज से हजारों भक्त दो दिनों से लगातार बस एवं रेल से समालखा पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि संत समागम में सार्वभौमिक भाईचारे एंव विश्वबन्धुत्व का अनुपम स्वरूप दिखेगा, जहां एक बार पुनः दृश्यमान होगी शामियानों की सुंदर नगरी, जैसे कि धरती पर स्वर्ण उतर आया हो। इस पावन संत समागम में देश, विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु एंव भक्तगण सम्मिलित होकर इस भव्य संत समागम का भरपूर आनंद प्राप्त करते हुए सतगुरु के साकार दर्शन एवं पावन आशीष भी प्राप्त करेंगे। मथुरा के जोनल इंचार्ज एच के अरोड़ा ने बताया कि इस वर्ष निरंकारी संत समागम का विषय है '' सुकुन = अंर्तमन का '' जिस पर देश, विदेशों से सम्मिलित हुए गीतकार, वक्तागण अपने शुभ भावों को कविताओं, गीतों एवं विचारों के माध्यम से व्यक्त करेंगे और विभिन्न भाषाओं में दी गई इन प्रस्तुतियों का आनंद सभी श्रोतागण प्राप्त करेंगे। यह संत समागम निरंकारी मिशन द्वारा दिये जा रहे सत्य, प्रेम और शान्ति के दिव्य संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु एक ऐसा सशक्त माध्यम हैं जो आध्यात्मिक जागरूकता के माध्यम से समूचे संसार में समानता, सौहार्द एवं प्रेम का सुंदर स्वरूप प्रदर्शित कर रहा है। वर्तमान समय में जिसकी नितांत आवश्यकता भी है। यह दिव्य संत समागम शांति, समरसता, विश्वबन्धुत्व और मानवीय गुणों का एक ऐसा सुंदर प्रतीक है जिसका एकमात्र लक्ष्य 'एकत्व में सदभाव' तथा शांति की भावना को प्रदर्शित करना है।

# अकबरपुर बसरेहर की टीम बनी विजेता

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में एक दिवसीय योगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता का आयोजन डॉ राजेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देशन में महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। जिसमें परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों ने प्रतिभाग किया। एकांकी में अकबरपुर बसरेहर की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला व्यायाम शिक्षक गौरव पाठक एवं जिला व्यायाम शिक्षिका प्रमिला पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। एकांकी में अकबरपुर बसरेहर की टीम विजेता व भरथना की टीम उपविजेता बनी। योगा में बसरेहर की टीम विजेता व बढ़पुरा की टीम उपविजेता, लोक नृत्य में भरथना की टीम विजेता व जसवंतनगर की टीम उपविजेता, लोक गीत में भरथना की टीम विजेता व बसरेहर की टीम उपविजेता बनी। प्रतियोगिता के समापन पर व्यायाम शिक्षक अवधेश सिंह राठौर व योगेंद्र चौधरी ने विजेता व उपविजेता टीमों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। व्यायाम शिक्षक राजेश जादौन, शोएब आलम, अर्चना चौधरी, प्रियंका यादव एवं ज्योत्सना सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर अमित कुमार, प्रदीप यादव, वेदप्रकाश, नृपेंद्र चतुर्वेदी, प्रियंका, लाली देवी, रूपा यादव, रेखा सक्सेना, ललिता, सुनीता, जितेंद्र यादव, हरिओम शिवहरे अजीत यादव समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

# के.के. कॉलेज में निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** के.के.कालेज में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम का जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार द्वारा शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य प्रो.महेंद्र सिंह एवम वरिष्ठ शिक्षको द्वारा माल्यार्पण कर, बुके एवम प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन में बोलते हुए प्राचार्य प्रो.महेंद्र सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दिनांक 27 अक्तूबर 2023 से विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पूरे देश एवम प्रदेश आज से प्रारम्भ हो रहा है। इसमें ऐसे युवा जिनकी उम्र एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरी हो रही है, वे मतदाता बनने के लिए अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इसी के साथ जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है या कोई त्रुटि है उसके संशोधन का भी अवसर दिया जा रहा है। एक मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाताओं का जागरूक होना अति आवश्यक है। कालेज के छात्र छात्राएं अपने घर परिवार, मुहल्ले एवम परिचितों को इसके बारे में जागरूक करें और कोशिश करें कि कोई भी मतदाता बनने से वंचित न रहे। जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला वहाँ के नागरिक होते हैं। आज का ये कार्यक्रम जनमानस में जागरूकता के प्रचार प्रसार के लिए किया गया है, जिससे अधिकाधिक लोग मतदान प्रक्रिया में सहभागी बन सकें। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने प्राचार्य एवम महाविद्यालय को सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि के. के.कॉलेज में शुभारम्भ के अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षकों, कर्मचारियों एवम छात्र छात्राओं की सहभागिता का संदेश पूरे जनपद में गया है और मुझे विश्वास है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूरा होगा। हम सभी का दायित्त्व है कि लोकसभा एवम विधासभा चुनाव में भी पंचायत चुनाव की तरह मतदान का प्रतिशत बढ़ाऐं और व्यक्तिगत प्रयास कर अधिकाधिक मतदाता बनवाएं और अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर के.के.कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा पोस्टर एवम रंगोली प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग किया गया। अतिथियों द्वारा पोस्टर एवम रंगोली प्रतियोगिता की प्रशंसा कर प्रतिभागी छात्राओं को सम्मानित किया गया। एन. सी. सी., रोवर्स रेंजर्स व अन्य छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसको मुख्य अथिति जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार एवम प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया। इस मौके पर प्रो.मनोज गुप्ता, प्रो.सुनील सिंह सेंगर, प्रो.रमाशंकर यादव, डॉ.अनिल यादव, प्रो.राजवीर सिंह, प्रो.शाजिया अख्तर, डॉ.सनोज कुमार, डॉ.मिथिलेश सिंह, डा.सुशील वर्मा, डा.अनुपम कुमार , डॉ.गिरिजा शंकर गुप्ता, डॉ.धर्मेंद्र कुमार, डॉ अजय कुमार, डॉ अंकुर वर्मा, डॉ. अश्वनी श्रीवास्तव, डॉ.अश्वनी गौड़, डॉ. शिमला तहसीन, डॉ.ममता यादव आदि शिक्षक तथा कार्यालय अधीक्षक मधुसूदन सिंह रतन कुमारी, पवन वर्मा, आशीष पटेल, आलोक पटेल, असलम फैयाज़, दीपांशु पटेल, लोकेश, शालू आदि कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# ममता रानी कौशिक को पुरस्कार

**मथुरा।** किशोरी रमण (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय, मथुरा के रसायन शास्त्र विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ममता रानी कौशिक को इंटरनेशनल चैंबर आफ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री ,एशियन एकेडमी ऑफ़ आर्ट्स तथा, इंटरनेशनल विमेंस फिल्म फोरम फिल्म द्वारा संयुक्त रूप से डॉक्टर सरोजिनी नायडू इंटरनेशनल अवॉर्ड फॉर वर्किंग वुमन 2023 (सातवां संस्करण) से फिल्म सिटी , नोएडा में सम्मानित किया गया। डॉ. ममता रानी कौशिक को यह पुरस्कार उनके द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए विशेष योगदान के लिए दिया गया। इस अवसर पर किशोरी रमण (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय, मथुरा के प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार अग्रवाल ने डॉ. ममता रानी कौशिक को शुभकामनाएं देते हुए कहां की डॉ. कौशिक द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिया गया योगदान अनुकरणीय है और ऐसे योगदानों के द्वारा ही शिक्षा को एक नया आयाम मिलता है। बाबू शिवनाथ अग्रवाल (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय, मथुरा के प्राचार्य प्रोफेसर ललित मोहन शर्मा ने भी डॉ ममता रानी कौशिक को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे हीं नित नये झंडे गाड़ते रहें। डॉक्टर ममता रानी कौशिक को किशोर रमण (स्नातकोत्तर) महाविद्यालय, मथुरा के कई वरिष्ठ प्राध्यापकों प्रोफेसर राजेश अग्रवाल, डॉ.राजेश गौतम डॉ. उमेश शर्मा, डॉ. राजेश सारस्वत, डॉ. रामदत्त मिश्रा, डॉ अजय कुमार उपाध्याय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ. नवीन अग्रवाल, एन.सी.सी. प्रभारी लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक ने इस अवसर पर हार्दिक बधाई दी।

# सुहेलदेव पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

**मथुरा।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का स्थापना दिवस ओम नगर स्थित एक स्थानीय होटल में हर्षोल्लास के साथ जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने धूमधाम के साथ मनाया इस मौके पर प्रमुख पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में केक काटकर मनाया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अलीगढ़ गजेंद्र सिंह हरिओम वर्मा अध्यक्ष पांछ मंचाल ने संयुक्त रूप से पार्टी की रीति नीति बताकर आगामी चुनाव में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी दलित पिछड़ों अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी के लिए संघर्ष कर सच्चे हितैषी होने की भूमिका निभा रही है।

# उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** पंचायतीराज विभाग मथुरा के द्वारा जिलाधिकारी महोदय मथुरा की अध्यक्षता में दिनांक 27 अक्टूबर को जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों को विभिन्न विभागों की शासकीय योजनाओं से अद्यतन कराये जाने हेतु एक उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बी.एस.ए. इंजीनियरिंग कॉलेज मथुरा के ऑडिटॉरियम में दो पालियों में दिनांक 27 अक्टूबर 2023 को किया गया, जिसमें विकास खण्ड नौहझील, छाता, नन्दगांव, गोवर्धन एवं मांट मथुरा, राया, बल्देव, चौमुहां एवं फरह द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी मथुरा, जिला कृषि अधिकारी, मथुरा, जिला समाज कल्याण अधिकारी मथुरा, जिला पंचायतराज अधिकारी मथुरा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मथुरा, सहायक श्रमायुक्त, मथुरा, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी मथुरा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा, जिला कार्यक्रम अधिकारी (आई.सी.डी.एस.) मथुरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ग्रामीण मथुरा समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं.) के साथ-साथ समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यशाला में सम्बन्धित विभागों के द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के सम्बन्ध में प्रधानगणों को विस्तृत जानकारी दी गयी।

# संयुक्त प्रेस क्लब की भरथना इकाई का गठन

## नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने पत्रकार हितों व अधिकारों की रक्षा करने का लिया संकल्प

- शाकिर अली अध्यक्ष व प्रमोद गुप्ता महामंत्री बने

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** संयुक्त प्रेस क्लब भरथना तहसील इकाई का वरिष्ठ पत्रकार शाकिर अली को अध्यक्ष व प्रमोद गुप्ता को महामंत्री बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तहसील इकाई का गठन किया गया साथ ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पत्रकार हितों व अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

नगर के मोहल्ला ब्रजराज नगर में संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के संस्थापक अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन व महामंत्री सुधीर मिश्रा सहित वरिष्ठ पदाधिकारियो के दिशा निर्देश पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार शाकिर अली को अध्यक्ष व प्रमोद गुप्ता को महामंत्री मनोनीत किया गया। नवमनोनीत पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा है कि संगठन के माध्यम से पत्रकारों के हित का ख्याल रखेंगे, समस्याओं के निवारण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। पत्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सामाजिक व जागरूक कार्यक्रम से संगठन को मजबूत बनाएंगे। बैठक में सर्व सम्मति से कोषाध्यक्ष ऋषि यादव, उपाध्यक्ष संजय शुक्ला सुबोध श्रीवास्तव, मंत्री गौरव गुप्ता, सूरज कुमार, संगठन मंत्री संदीप पाल, सुमित पोरवाल, लीगल एडवाइजर सुबोध यादव एड.समेत सदस्य संजू कश्यप, जीशान अख्तर सोनू शर्मा, अजीम शानु को मनोनीत किया गया।

# कम पानी पीने से शरीर में बढ़ सकता है यूरिक एसिड

यूरिक एसिड एक तरह का कार्बनिक पदार्थ होता है। जो शरीर में अपशिष्ट के रूप में पाया जाता है। यूरिक एसिड को किडनी फिल्टर कर शरीर से बाहर निकालने का काम करती है। लेकिन जब शरीर में इसकी अधिकता बढ़ जाती है। तो शरीर के जोड़ों में दर्द की समस्या होने लगती है।

यूरिक एसिड एक तरह का कार्बनिक पदार्थ होता है। जो शरीर में अपशिष्ट के रूप में पाया जाता है। यूरिक एसिड को किडनी फिल्टर कर शरीर से बाहर निकालने का काम करती है। लेकिन जब शरीर में इसकी अधिकता बढ़ जाती है। तो शरीर के जोड़ों में दर्द की समस्या होने लगती है। सर्दियों के मौसम में अक्सर हम कम पानी पीते हैं। जिससे शरीर में इसकी मात्रा बढ़ने की आशंका रहती है।

वहीं जिन लोगों को आर्थराइटिस या जोड़ों में दर्द की समस्या पहले से होती है। उनमें यह समस्या पानी कम पीने के कारण अधिक बढ़ जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो इससे बचाव के लिए हमें अपनी डेली लाइफस्टाइल और डाइट में बदलाव करने की जरूरत होती है। सही लाइफस्टाइल का चुनाव कर इस समस्या से बचा जा सकता है।

मौसमी चीजें अधिक खाए

इस समस्या से बचने के लिए गाजर, खीरा, किन्नू, संतरा और अन्य हरे पत्तेदार सब्जियों आदि का सेवन कर सकते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। इन चीजों का सेवन करने से यह शरीर को डिटॉक्स कर यूरिक एसिड को बाहर निकालने का काम करते हैं। इसके साथ ही दही और दाल का सेवन कम करना चाहिए। इसके साथ ही आपको अपने डेली रूटीन में व्यायाम को भी शामिल करना चाहिए। इससे यूरिक एसिड कंट्रोल में रहता है। इसलिए हर व्यक्ति को रोजाना 250 ग्राम की मात्रा में हरी सब्जी का सेवन करना चाहिए। साथ ही मौसमी फल को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए।

आपको बता दें कि यूरिक एसिड का सीधा कनेक्शन सीधा पानी से है। वहीं पानी की कमी होने से शरीर में तेजी से यूरिक एसिड बढ़ने लगता है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी शरीर के लिए एकमात्र सबसे कारगर डिटॉक्सिफाइंग एजेंट है। डो प्यूरिन को मल-मूत्र के द्वारा बाहर निकाल देता है। लेकिन शरीर में पानी की कमी होने से शरीर में गंदगी जमा होने लगती है। इसलिए आगे चलकर यह गाउट की समस्या बन जाते हैं।

अगर आप यूरिक एसिड की समस्या से जूझ रहे हैं। तो रोजाना कम से कम 10 से 12 गिलास पानी पीना चाहिए। इसलिए प्रयास करें कि पूरे दिन में ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। ज्यादा से ज्यादा पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन बाहर निकल जाता है। लेकिन जब आप पर्याप्त मात्रा में पानी पीते हैं, तो धीरे-धीरे यह समस्या कंट्रोल होने लगेगी।

# इंटिमेट हाइजीन को नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी, इन बातों का रखें खास याल

बीमारियों से बचने के लिए पर्सनल हाइजीन का होना भी बहुत जरूरी होता है। क्योंकि अनहेल्दी पर्सनल हाइजीन से यूटीआई और फंगल इंफेक्शन जैसी कई बीमारियां होने की संभावनाएं होती हैं। बता दें कि पीरियड्स की तरह ही लोग पर्सनल हाइजीन के बारे में भी लोग खुलकर बात नहीं करते हैं।

बीमारियों से बचने के लिए पर्सनल हाइजीन का होना भी बहुत जरूरी होता है। क्योंकि अनहेल्दी पर्सनल हाइजीन से यूटीआई और फंगल इंफेक्शन जैसी कई बीमारियां होने की संभावनाएं होती हैं। बता दें कि पीरियड्स की तरह ही लोग पर्सनल हाइजीन के बारे में भी लोग खुलकर बात नहीं करते हैं। वहीं आज के समय में भी कई महिलाएं पर्सनल हाइजीन पर अपने विचार रखने से परहेज करती हैं। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो जननांगों को साफ रखने और प्रजनन पथ को स्वस्थ रखने के लिए योनि की स्वच्छता के बारे में जानकारी होना बहुत जरूरी है।

बता दें कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि आप किस उम्र के हैं। पर्सनल हाइजीन सभी को रखना चाहिए। जिसके कुछ बुनियादी नियम भी होते हैं। जिसके बारे में हर महिला को पता होना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि यह आपके पूरे स्वास्थ्य को विनयमित करने में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन इसके उलट अगर आपने जननांग की साफ-सफाई पर ध्यान नहीं देते हैं तो यह प्रजनन स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ ही जननांग स्वास्थ्य को भी कई तरह से नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि पर्सनल हाइजीन के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और क्या गलती करने से बचना चाहिए।

***अंडरगारमेंट का सही चुनाव***

अंडरगारमेंट खरीदने के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि इसकी फिटिंग थोड़ा सा ढीली होनी चाहिए। साथ ही इसका फैब्रिक भी कॉटन का होना चाहिए। ऐसा करने से ना सिर्फ आपकी त्वचा होने वाली घुटन से बच जाएगी और संक्रमण के विकास को जोखिम को कम करता है।

***कीगल एक्सरसाइज***

कीगल एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो ना सिर्फ पेल्विक फ्लोर की मसल्स को मजबूत करता है। इसके अलावा इस एक्सरसाइज को करने से यौन स्वास्थ्य भी बेहतर बनता है। आप किसी भी हेल्थ एक्सपर्ट्स से इसके बारे में चर्चा कर कुछ उपाय कर सकती हैं।

***आगे से पीछे की ओर पोछें***

सुविधाओं का इस्तेमाल करने बा आप संक्रमण को दूर करने के लिए आप जिस दिशा में पोंछते हैं, वह अहम हैं। विशेषज्ञ सुरक्षा और प्रभावशीलता के लिए हमेशा आगे से पीछे की तरफ पोंछने की सलाह देते हैं।

***पीरियड्स के दौरान रखें हाइजीन***

पीरियड्स के दौरान योनि के आसपास के क्षेत्र को कई बार धोना चाहिए। दरअसल, मासिक धर्म में योनि की साफ-सफाई की बेहद जरूरत होती है। इसलिए संभव हो तो दिन में कम से कम दो बार इस क्षेत्र को गरम पानी से धोएं। इससे आप तरोताजा और स्वच्छ महसूस करेंगे।

***इंटिमेट हेल्थ को बनाए रखने के लिए ना करें ये काम***

योनी की साफ-सफाई के लिए नियमित रूप से Duche का इस्तेमाल ना करें। इससे आपका पीएच लेवल प्रभावित हो सकता है। साथ ही यह अम्लता के स्तर को नुकसान भी पहुंचा सकता है। जिसके कारण आप कई तरह के रोगाणुओं के संपर्क में आते हैं। जो आपके स्वास्थय को स्थिति और UTI जैसे संक्रमण के लिए जिम्मेदार हो सकता है।

# जीभ पर नजर आएं काले धब्बे तो ना करें अनदेखा, इन बीमारियों की ओर हो सकता है संकेत

जीभ ना सिर्फ खाने के स्वाद बताती है, बल्कि जीभ के रंग के आधार पर भी आप यह जान सकते हैं कि आपका स्वास्थ्य कैसा है। बता दें कि जीभ पर दिखने वाले काले निशान कई बार किसी बीमारी का संकेत हो सकते हैं। ऐसे में इन्हें अनदेखा करने की गलती नहीं करनी चाहिए।

जीभ ना सिर्फ खाने के स्वाद बताती है, बल्कि जीभ के रंग के आधार पर भी आप यह जान सकते हैं कि आपका स्वास्थ्य कैसा है। बता दें कि जीभ पर दिखने वाले काले निशान कई बार किसी बीमारी का संकेत हो सकते हैं। ऐसे में इन्हें अनदेखा करने की गलती नहीं करनी चाहिए।

अगर आपकी जीभ पर काले धब्बे नजर आ रहे हैं। तो आपके शरीर में खून की कमी या फिर डायबिटीज जैसी बीमारियां हो सकती हैं। खून की आपूर्ति? ठीक ढंग से शरीर में न हो पाने के कारण भी जीभ में काले धब्बे नजर आते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि जीभ में काले धब्बे की समस्या को दूर करने के लिए आप कौन से उपाय अपना सकते हैं।

***मुंह की सफाई***

बता दें कि मुंह की गंदगी के कारण भी काले धब्बे नजर आ सकते हैं। इन्हें दूर करने के लिए मुंह को अच्छे से साफ करें। जीभ और दांतों पर लगी गंदगी को साफ करें। दिन में 2 बार ब्रश करें और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन जरूर करें। वहीं इन काले धब्बों की समस्या से बचने के लिए आप रात को मीठी चीजों का सेवन ना करें, क्योंकि इससे मुंह में बैक्टीरिया बढ़ सकती है।

***लौंग के पानी से गरारे***

हर घर में लौंग का इस्तेमाल किया जाता है। लौंग ओरल हेल्थ के लिए लाभकारी मानी जाती है। लौंग की मदद से जीभ में नजर आने वाले काले धब्बों से छुटकारा पा सकते हैं। लौंग को पानी में उबाल लें और पानी गुनगुना होने पर इस पानी से गरारे करें। इस उपाय को करने से जीभ पर नजर आने वाले काले धब्बे खत्म हो जाएंगे। इसके अलावा आप इन धब्बों से छुटकारा पाने के लिए दालचीनी के पानी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

***एलोवेरा का इस्तेमाल***

एलोवेरा की मदद से आप जीभ के काले धब्बों से निजात पा सकते हैं। इसलिए इन धब्बों से छुटकारा पाने के लिए आप एलोवेरा का ताजा जेल निकालकर जीभ के काले धब्बों पर लगाएं। आप इसके लिए एलोवेरा के जूस का सेवन कर सकते हैं। इन धब्बों को हटाने के लिए आप अनानास का इस्तेमाल कर सकते हैं। क्योंकि अनानास में ब्रोमलेन इंजाइम पाया जाता है, जो जीभ के डेड सेल्स को हटाने में मदद करता है।

***नीम का इस्तेमाल***

नीम में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, इससे आप बैक्टीरियल इंफेक्शन से छुटकारा पा सकते हैं। ओरल हेल्थ के लिए नीम का इस्तेमाल कई तरीकों से इस्तेमाल किया जाता है। जीभ के काले धब्बों को हटाने के लिए नीम की पत्तियों को उबाल लें। फिर हल्के गुनगुने पानी से कुल्ला करें। क्योंकि जीभ में काले धब्बे की वजह से बैक्टीरियल इंफेक्शन भी हो सकता है।

***लहसुन का इस्तेमाल***

आप जीभ के काले धब्बों से छुटकारा पाने के लिए लहसुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। जीभ पर हल्के हाथ से लहसुन के एक छोटे टुकड़े को रगड़ें। इस उपाय को करने से आप जीभ पर नजर आने वाले काले धब्बों से निजात मिल जाएगा।

# गलत तरीके से कम करेंगे वजन, तो होंगे ये नुकसान

अगर गलत तरीके से वेट लॉस किया जाता है तो इसका असर स्किन और बालों पर भी देखने को मिलता है। हो सकता है कि इसके कारण आपके बाल बहुत तेजी से झड़ने लगे या फिर आपको स्कैल्प पर पैच दिखाई दे।

वजन कम करना एक टाइम टेकिंग प्रोसेस है। लेकिन आज के समय में किसी भी व्यक्ति के पास पेशेंस नहीं है और इसलिए वे जल्द से जल्द अपना वजन कम करना चाहते हैं। अमूमन लोग एक महीने में पांच-दस किलो या उससे भी ज्यादा वजन कम करने की जुगत में रहते हैं और इसके लिए कोई भी तरीका अपनाने को तैयार हो जाते हैं।

गोलियों से लेकर पाउडर और क्रैश डाइटिंग आदि से शायद आपका वजन तेजी से कम हो जाए, लेकिन इसे सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। अमूमन हम हेल्दी लाइफ जीने के लिए वजन कम करना चाहते हैं, लेकिन अगर तरीका गलत हो तो इससे रिवर्स इफेक्ट हो सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि गलत तरीके से वजन कम करने से आपको क्या-क्या नुकसान उठाने पड़ सकते हैं

***हरदम थकान रहना***

जब आप तेजी से वजन कम करना चाहते हैं और इसके लिए क्रैश डाइटिंग करते हैं तो इससे आपके शरीर को वह पोषण नहीं मिल पाता है। जिसके कारण आपको हमेशा ही थकान या सुस्ती महसूस होती है। यहां तक कि इसके कारण आपके लिए अपने डेली रूटीन को फॉलो करना भी काफी मुश्किल हो जाता है।

***ईटिंग डिसऑर्डर होना***

जब हम कम समय में अच्छा वेट लॉस चाहते हैं तो ऐसे में हम गलत ईटिंग प्रैक्टिस करना शुरू कर देते हैं। लेकिन कुछ समय के बाद यह हमारी आदत में शुमार हो जाता है। यह देखा जाता है कि ऐसे लोग दोबारा वजन बढ़ने को लेकर काफी कॉन्शियस हो जाते हैं और इसलिए उन्हें कई तरह के ईटिंग डिसऑर्डर जैसे एनोरेक्सिया नर्वोसा या बुलिमिया आदि की समस्या का सामना करना पड़ता है।

***बहुत अधिक बाल झड़ना***

अगर गलत तरीके से वेट लॉस किया जाता है तो इसका असर स्किन और बालों पर भी देखने को मिलता है। हो सकता है कि इसके कारण आपके बाल बहुत तेजी से झड़ने लगे या फिर आपको स्कैल्प पर पैच दिखाई दे। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि क्रैश डाइट में प्रोटीन, विटामिन, आयरन और जिंक जैसे पोषक तत्वों की कमी होती है, जो बालों के विकास के लिए आवश्यक हैं। ऐसे में बालों के रोम कमजोर हो जाएंगे और बाल झड़ने लगेंगे।

***पहले से भी ज्यादा वजन बढ़ जाना***

गलत तरीके से वजन कम करने का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि इससे आपका वजन पहले से भी अधिक तेजी से बढ़ने लगता है। दरअसल, क्रैश डाइट या फिर फैट बर्निंग पिल्स केवल कुछ वक्त के लिए ही काम करती हैं और फिर जब आप उन गोलियों को बंद कर देती हैं तो इससे वजन डबल स्पीड से बढ़ने लगता है।

# डिलीवरी के बाद 40 दिनों तक मां ऐसे रखें अपना ख्याल, शरीर को नहीं होगी ज्यादा परेशानी

डिलीवरी के बाद 40 दिनों तक मां और बच्चे की गहन देखभाल की जाती थी। लेकिन आजकल की बिजी लाइफस्टाइल में अधिकतर माएं सुपर मॉम बनना चाहती हैं। ऐसे में जरूरी है कि पोस्ट डिलीवरी के बाद आप अपनी केयर पर भी ध्यान दें।

हर महिला के लिए मां बनना दुनिया का सबसे खूबसूरत अनुभव होता है। इस प्रक्रिया में महिला के शरीर ने काफी कुछ बर्दाश्त किया होता है। लेकिन बच्चे के जन्म मां का पूरा ध्यान खुद से हटकर बच्चे के लिए शिफ्ट हो जाता है। इस दौरान डिलीवरी के बाद किसी भी महिला को खुद का ध्यान रखने में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

आपको बच्चे के साथ-साथ खुद पर भी ध्यान देना चाहिए। इसीलिए डिलीवरी के बाद 40 दिनों तक मां और बच्चे की गहन देखभाल की जाती थी। लेकिन आजकल की बिजी लाइफस्टाइल में अधिकतर माएं सुपर मॉम बनना चाहती हैं। ऐसे में जरूरी है कि पोस्ट डिलीवरी के बाद आप अपनी केयर पर भी ध्यान दें। आज इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह के पोस्ट डिलीवरी के बाद 40 दिन महिलाएं अपना ध्यान रख सकती हैं।

***न बनें सुपर वूमेन***

डिलीवरी के बाद महिलाओं के शरीर में कई बदलाव आते हैं। इन बदलावों का कई बार आपकी सेहत पर भी बुरा असर पड़ सकता है। वहीं जो महिलाएं पहली बार मां बनी होती हैं। उन्हें इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती है कि डिलीवरी के बाद उन्हें किस तरह से अपना ख्याल रखना है, क्या करना है, क्या खाना है और किस तरह की एक्सरसाइज करनी चाहिए।

***डाइट पर दें ध्यान***

डिलीवरी के बाद मां के शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। वहीं मां बच्चे को दूध भी पिलाती हैं, ऐसे में महिलाओं को अपनी डाइट का खास ख्याल रखना चाहिए। इस दौरान डाइट में प्रोटीन और कैल्शियम वाली चीजों को शामिल करना चाहिए। वहीं डॉक्टर द्वारा दी गई सप्लीमेंट्स भी समय-समय पर लेती रहें। ऐसा नहीं करने पर आपका शरीर कमजोर हो सकता है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन जरूर करें।

***आराम है जरूरी***

किसी भी महिला के लिए एक बच्चे को जन्म देना सबसे कठिन काम है। डिलीवरी के बाद पहले सप्ताह में भरपूर आराम करना चाहिए। इसलिए जब भी आपका बच्चा सो जाए तो आप भी उस दौरान आराम करें या फिर नींद लेने की कोशिश करें। यह आपको जल्दी ठीक होने में मदद करेगा।

***ना उठाएं भारी सामान***

डिलीवरी के बाद बच्चे के वजन से ज्यादा भारी सामान उठाने से बचना चाहिए। अगर आपकी सी-सेक्शन में डिलीवरी हुई तो आपके लिए सबसे अहम है कि आप भारी सामान ना उठाएं। क्योंकि ज्यादा भारी सामान उठाने से आपके पेट पर जोर पड़ सकता है।

***हाइजीन का रखें खास ख्याल***

आपको भले ही यह एक छोटी सी बात लगे, लेकिन आप बार-बार अपने हाथों को धोती रहें। इस दौरान हाइजीन का विशेष ध्यान रखना जरूरी होता है। फिर चाहे बाथरूम जाने के बाद, बच्चे का डायपर बदलने के बाद या फिर बच्चे को दूध पिलाने से पहले भी अपने हाथों को धोना ना भूलें।

***ज्यादा सीढ़ियां ना चढ़ें***

डिलीवरी होने के पहले सप्ताह में सीढ़ियां चढ़ना बिलकुल इग्नोर करें। हांलाकि बाद में रोजाना सीढ़ियां चढ़ने व उतरने की संख्या को सीमित रखना चाहिए। क्योंकि किसी भी तरह की फिजिकल एक्टिविटी या फिर प्रेशर आपकी रिकवरी को धीमा कर सकता है।

***बच्चे की ना करें हाइपर केयर***

डिलीवरी के कुछ हफ्तों तक खुद का और बच्चे का शेड्यूल और जरूरतों को सीखना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में जरूरी नहीं है कि आप बच्चे को हर दिन नहलाएं। बच्चे को रोजाना नहलाने की बजाय आप गीले कपड़े से भी उसका चेहरा, हाथ और डायपर क्षेत्र रोजाना साफ कर सकती हैं। वहीं ऐसा करने से आप का समय भी बचेगा।

***सीमित रखें लोगों से मिलना***

डिलीवरी के बाद लोग आपके पास आएंगे आपके बच्चे से मिलना चाहेंगे। ऐसे में डिलीवरी के कुछ सप्ताह के लिए लोगों का मिलना-जुलना सीमित कर दें। क्योंकि इस दौरान आपको अपने नए बच्चे के नए जीवन के साथ तालमेल बिठाना होता है। ऐसे में लोगों का अधिक मिलना-जुलना आपको प्रभावित कर सकता है।

***सेक्स करने से बचें***

डिलीवरी के बाद से अपनी पहली चेकअप अपॉइंटमेंट के बाद तक किसी भी तरह के सेक्स से बचना चाहिए। क्योंकि बच्चे के जन्म के बाद किसी भी महिला के शरीर को ठीक होने के लिए समय की आवश्यकता होती है। इसलिए सेक्स करने के लिए कुछ सप्ताह का इंतजार करना भी शरीर के आराम का एक प्रोसेस होता है।

# नाखून और मसूड़े भी बताते हैं आपकी सेहत का राज

आमतौर पर हेल्दी नाखून गुलाबी दिखते हैं और टिप्स के पास कर्व होता है। लेकिन जब नाखूनों का रंग, टेक्सचर या शेप में बदलाव होने लगता है। तो यह आपके शरीर में न्यूट्रिशन की कमी बताता है। इसी तरह हमारे मसूड़ों का स्वस्थ होना जरूरी होता है।

आमतौर पर हेल्दी नाखून गुलाबी दिखते हैं और टिप्स के पास कर्व होता है। लेकिन जब नाखूनों का रंग, टेक्सचर या शेप में बदलाव होने लगता है। तो यह आपके शरीर में न्यूट्रिशन की कमी बताता है। इन्फेक्शन और स्वास्थ्य से जुड़ी कुछ अन्य समस्याओं के शुरू होने पर नाखूनों पर भी असर पड़ता है। क्योंकि सही डाइट और विटामिन्स ना लेने पर भी नाखून सूखने और टूटने लगते हैं। नाखूनों की सेहत पर उम्र, मौसम, प्रेग्नेंसी, हाथ और पैरों की केयर भी असर डालती है।

जैसे नाखूनों की सेहत से आपकी सेहत का पता चलता है, वैसे ही हमारे मसूड़ों का स्वस्थ होना जरूरी होता है। हांलाकि मसूड़ों के बारे में चर्चा कम की जाती है। यही कारण है कि बहुत कम लोगों को हेल्दी गम्स के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मसूड़ों और नाखूनों का रंग हमारी सेहत के बारे में क्या कहता है। आप इनको पहचानकर पता लगा सकते हैं आप कितने स्वस्थ हैं।

***विटामिन की कमी का संकेत होना***

अगर आपके नाखूनों का शेप अजीब है और हर नाखून एक-दूसरे से अलग दिख रहा है। नाखूनों को कर्विंग अपोजिट डायरेक्शन में है। तो आपके शरीर में क्रॉनिक आयरन की कमी हो सकती है। वहीं नाखून टिप्स के पास से मुड़ा है तो आपको सांस से जुड़ी या फिर दिल से जुड़ी कोई बीमारी हो सकती है। वहीं नाखून जड़ से ऊपर उठे हुए हैं और शेप नॉर्मल से अलग दिख रहा है, तो यह सांस की बीमारी का भी संकेत होता है।

***बार-बार टूर रहे नाखून***

अगर आपके नाखून बार-बार टूट जाते हैं, तो आपको ओमेगा-3 फैटी एसिड्स से भरपूर फूड्स जैसे बादाम, नट्स, सूरजमुखी के बीज, अलसी के बीच और अखरोट आदि का सेवन करना चाहिए। इससे आपके शरीर का मॉइश्चर लेवस सही रहेगा।

अगर पीले दिखे नाखून

अगर आपके नाखूनों का रंग धीरे-धीरे पीला पड़ रहा है, तो यह शरीर में होने वाली कई समस्याओं की ओर संकेत हो सकता है। इस तरह के नाखून होने पर आपको सांस की समस्या, डायबिटीज और लिवर प्रॉब्लम की समस्या हो सकती है। इसके अलावा अगर नाखूनों में पीले स्पॉट्स पड़ रहे हैं, तो यह सोराइसिस या फंगस का संकेत भी हो सकता है।

***लाल गम्स***

आमतौर पर लाल मसूड़े सूजे हुए दिखाई देते हैं और काफी संवेदनशील होते हैं। जब मसूड़े लाल हो जाते हैं, तो ब्रश या फ्लॉसिंग करने पर उनसे खून आने लगता है। बता दें कि यह रियोडोंटल बीमारी का एक अचूक लक्षण है। इस संक्रमण के होने से मसूड़ों में सूजन आ जाती है। वहीं अगर इस समस्या का समय से इलाज नहीं किया जाए तो यह पीरियडोंटाइटिस में विकसित हो सकता है।

***डार्क मसूड़े***

अगर आपके मसूड़ों का रंग हल्का या गहरा भूरा होता है, तो इसके दो कारण हो सकते हैं। पहला हो सकता है कि आप धूप में ज्यादा रहते हैं। इसलिए शरीर के बाकी हिस्सों की तरह ही मसूड़ों को भी डार्क कर देता है। वहीं दूसरा कारण है कि तंबाकू में मौजूद निकोटीन से भी मसूड़ों का रंग खराब हो जाता है। इसे स्मोकर्स मेलानोसिस के नाम से जाना जाता है। ऐसी समस्या अधिकतर उन लोगों में पाई जाती है, जिनको तंबाकू या धूम्रपान करने की आदत होती है।

***सफेद या पीले मसूड़े***

अगर आपके मसूड़ों में पीलापन है, तो समझ जाना चाहिए कि इनमें सूजन की शुरूआत होने लगी और उनमें प्लाक बनना शुरू हो गया। मसूड़ों के सफेद या पीले होने का अन्य कारण यह भी हो सकता है आपके शरीर में आयरन की कमी हो रही है। सफेद धब्बेदार मसूड़े मुंह के घावों या नासूर घावों की वजह से हो सकते हैं। इसलिए मसूड़ों का सामान्य रंग नजर नहीं आने पर फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

# भाजपा की मध्य प्रदेश के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**शामिल**

**रेड्डी ने पिछले साल अगस्त में कांग्रेस और मुनुगोडे से विधायक पद छोड़ दिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे।**

क्रमोदी-जेपी नड्डा शामिल

**नई दिल्ली।** असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा के खिलाफ कांग्रेस ने सांप्रदायिक बयानबाजी का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की तो चुनाव आयोग ने असम सीएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

तेलंगाना विधानसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले कोमाटिरेड्डी राज गोपाल रेड्डी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने के एक साल से अधिक समय बाद कांग्रेस में लौट आये हैं। रेड्डी ने पिछले साल अगस्त में कांग्रेस और मुनुगोडे से विधायक पद छोड़ दिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने भाजपा के टिकट पर फिर से चुनाव की मांग की लेकिन बीआरएस उम्मीदवार के प्रभाकर रेड्डी से हार गए। तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी में पूर्व मंत्री मोत्कुपल्ली नरसिम्हुलु, पूर्व सांसद कोमाटिरेड्डी राज गोपाल रेड्डी, पूर्व विधायक येनुगु रविंदर रेड्डी, पूर्व एमएलसी नेथी विद्यासागर, पूर्व एमएलसी संतोष कुमार, पूर्व एमएलसी अकुला ललिता, पूर्व एमएलसी कपिलवई दिलीप कुमार और नीलम मधु कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस ने दावा किया कि भ्रष्ट बीआरएस शासन को लोगों ने खारिज कर दिया है। तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा ताबड़तोड़ रैली कर रही है। वहीं कई वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री चुनावी दौरे पर हैं। इसी बीच केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, एआईएमआईएम कांग्रेस और बीआरएस के लिए ए-टीम है। कांग्रेस और बीआरएस अवसरवादी है। हाल ही में मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने कहा था कि अगर कांग्रेस दिल्ली में जीतती है, तो वह सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आज वे भाजपा की आलोचना के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भाजपा किसी की बी-टीम नहीं, हम तो सिर्फ तेलंगाना लोगों की टीम हैं।

भाजपा ने मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने विजन डॉक्यूमेंट 2023 जारी किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इस दौरान मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा, कई राजनीतिक दल अपने विजन डॉक्यूमेंट, अपने मिशन डॉक्यूमेंट, अपने घोषणापत्र के साथ सामने आते हैं, लेकिन हम उन्हें महज एक कागज का टुकड़ा मात्र मानते हैं। क्योंकि वे इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि वे इसे आगे बढ़ाएंगे या नहीं। लेकिन जब भाजपा एक विजन डॉक्यूमेंट लाती है तो यह एक अच्छी तरह से शोध किया गया दस्तावेज है। यह एक ऐसा दस्तावेज है जो हमेशा कार्य करता है।

मध्य प्रदेश आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। 40 स्टार प्रचारकों में पीएम मोदी, भाजपा अध्यक्षजेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा और अन्य नेताओं को स्टार प्रचारक के रूप में नामित किया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तेलंगाना में चुनावी दौरे पर हैं। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और बीआरएस पर जमकर हमला बोला। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा, 30 नवंबर को तेलंगाना में चुनाव हैं। कांग्रेस और बीआरएस तेलंगाना का विकास नहीं कर सकती। केवल पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही तेलंगाना का विकास कर सकती है।

# आईएफएस अधिकारी वाणी सर्राजु राव इटली में भारत की अगली राजदूत नियुक्त

**नियुक्त**

**भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की अधिकारी वाणी सर्राजू राव को इटली में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया**

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की अधिकारी वाणी सर्राजू राव को इटली में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। अभी वह विदेश मंत्रालय (एमईए) में अतिरिक्त सचिव के पद पर हैं। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की अधिकारी वाणी सर्राजू राव को इटली में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। अभी वह विदेश मंत्रालय (एमईए) में अतिरिक्त सचिव के पद पर हैं। एमईए ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उम्मीद है कि वह जल्द ही कार्यभार संभालेंगी।

वाणी सर्राजु राव 1994 बैच की आईएफएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह फिनलैंड और एस्तोनिया में भी भारत के राजदूत के रूप में भी काम कर चुकी हैं। राव इससे पहले संयुक्त सचिव (प्रवासी भारतीय मामले) के रूप में भी काम कर चुकी हैं और भारतीय प्रवासियों के साथ जुड़ाव के लिए कई कार्यक्रमों और पहलों की मेजबानी कर चुकीं हैं। साथ-साथ जनवरी 2015 से जुलाई 2017 तक वह इंडिया डेवलपमेंट फाउंडेशन ऑफ ओवरसीज इंडियंस (आईडीएफ-ओआई) की सीईओ भी रहीं। आईडीएफ-ओआई भारत में प्रमुख कार्यक्रमों और सामाजिक व विकास परियोजनाओं के लिए भारतीय प्रवासियों से सहयोग की सुविधा प्रदान करता है। वाणी सर्राजु राव ने 2011 से 2014 तक तेल अवीव (इस्राइल) में भारतीय दूतावास में मिशन की उप प्रमुख और वाणिज्यिक शाखा की प्रमुख के रूप में काम किया। उनकी पहली नियुक्ति मेक्सिको सिटी में भारतीय दूतावास में हुई थी।

# संजय सिंह की मुश्किलें कम होने के आसार नहीं आप की लोकसभा तैयारियों को लगेगा बड़ा झटका

**सुनवाई**

**संजय सिंह को जमानत न मिलने से केवल उनकी ही मुश्किलें नहीं बढ़ी हैं, बल्कि इससे आम आदमी पार्टी की लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर भी असर पड़ रहा है।**

**नई दिल्ली।** संजय सिंह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक बार फिर संजय सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया है। उनके मामले पर 10 नवंबर को फिर सुनवाई होगी। संजय सिंह के मामले की सुनवाई के पूर्व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर जमकर नारेबाजी की और भाजपा पर राजनीतिक बदले के लिए संजय सिंह पर कार्रवाई किये जाने का आरोप लगाया। लेकिन उनकी इन कोशिशों का कोई असर नहीं हुआ और एक बार फिर उनको जमानत नहीं मिल सकी। इसके पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने भी संजय सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया था।

संजय सिंह को जमानत न मिलने से केवल उनकी ही मुश्किलें नहीं बढ़ी हैं, बल्कि इससे आम आदमी पार्टी की लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर भी असर पड़ रहा है। संजय सिंह मनीष सिसोदिया के जेल जाने के बाद वे अरविंद केजरीवाल के सबसे खास सहयोगी बनकर उभरे थे। वे न केवल केजरीवाल के साथ आम आदमी पार्टी की ओर से सभी महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा ले रहे थे, बल्कि इंडिया गठबंधन में अन्य सहयोगी दलों से तालमेल बैठाने में भी भूमिका निभा रहे थे। लेकिन संजय सिंह के लगातार जेल में रहने से आम आदमी पार्टी की इन तैयारियों को झटका लगा है।

**पीएम मोदी पर हमला**

पिछली सुनवाई के दौरान संजय सिंह ने अदालत के सामने आरोप लगाया था कि उन्हें राजनीतिक कारणों से परेशान किया जा रहा है। अदालत ने उनकी इस टिप्पणी पर कड़ा रुख अपनाया और कहा कि वे अदालत में राजनीतिक बयानबाजी न करें। अन्यथा अगली बार से उन्हें ऑनलाइन माध्यम से ही पेश होने के लिए कहा जायेगा। लेकिन आज जब संजय सिंह अदालत में पेशी के लिए आये, उन्होंने एक बार फिर राजनीतिक हमला किया। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा नेताओं की जांच हो जाये, तो उन्हें आजीवन जेल में रहना पड़ जाए।

# मनरेगा के 2,696 करोड़ रुपये जारी करने की मांग

## मुख्यमंत्री स्टालिन का केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से आग्रह

**चेन्नई।** मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा, यह पैसा मनरेगा के तहत श्रमिकों की मजदूरी देनदारी थी, जो 20 अक्तूबर तक जमा हो गया था। इसके अलावा, उन्होंने अकुशल श्रमिकों के लिए नियमित रूप से अतिरिक्त धनराशि जारी करने की मांग की।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के तहत राज्य में श्रमिकों के लिए 2,696.77 करोड़ रुपये की तत्काल जारी करने के लिए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से हस्तक्षेप की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा, यह पैसा मनरेगा के तहत श्रमिकों की मजदूरी देनदारी थी, जो 20 अक्तूबर तक जमा हो गया था। इसके अलावा, उन्होंने अकुशल श्रमिकों के लिए नियमित रूप से अतिरिक्त धनराशि जारी करने की मांग की।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री को संबोधित एक पत्र में कहा, मैं इस संबंध में आपके व्यक्तिगत हस्तक्षेप की आशा करता हूं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान इस वर्ष 19 जुलाई तक अकुशल श्रमिकों के वेतन हेतु भारत सरकार द्वारा 4,903.25 करोड़ रुपये जारी किये गये। इसके बाद, 25 सितंबर को अकुशल मजदूरी के भुगतान के लिए लगभग 1,755.43 करोड़ रुपये मंजूर किए गए।

हालांकि, स्वीकृत राशि में से केवल 418.23 करोड़ रुपये आंशिक रूप से जारी किए गए प्रतीत होते हैं, जिससे 1,337.20 करोड़ रुपये की शेष राशि श्रमिकों के खातों में जमा की जानी बाकी है। इसके अलावा, बाद के हफ्तों के वेतन के लिए 1,359.57 करोड़ रुपये की देनदारी भी जारी नहीं की गई। स्टालिन ने पत्र में कहा, 20 अक्तूबर तक तमिलनाडु के श्रमिकों के लिए वेतन देनदारी 2,696.77 करोड़ रुपये हो गई है।

### ओमान के विदेश मंत्री अल्बुसैदी और जयशंकर के बीच बातचीत

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे हमास-इस्राइल युद्ध को लेकर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ओमानी समकक्ष बद्र अलबुसैदी ने बात की। इसकी जानकारी ओमानी विदेश मंत्री अल्बुसैदी ने सोशल मीडिया साइट पर पोस्ट कर दी। अपने पोस्ट में लिखते हुए उन्होंने कहा, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने इस दौरान गाजा में तत्काल युद्धविराम की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। अलबुसैदी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना सभी का दायित्व है। वहीं विदेश मंत्री जयशंकर ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, ओमानी विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई। साथ ही पश्चिम एशिया में संकट पर विचारों का आदान- प्रदान किया।

बता दें बड़ी संख्या में अरब देश हमास और इस्राइलके बीच युद्धविराम की वकालत कर रहे हैं।

### चीन अपनी चालों से नहीं आ रहा बाज

**वाशिंगटन।** चीन की हरकतें किसी से छिपी नहीं है। वह आए दिन दक्षिण चीन सागर के ऊपर अमेरिकी विमानों से भिड़ने की कोशिश करता रहता है। दक्षिण चीन सागर में क्षेत्राधिकार को लेकर दोनों देशों के बीच विवाद लगातार बना हुआ है। इस बीच, अमेरिका ने दावा किया है कि चीन ने दक्षिण चीन सागर में रूटीन ऑपरेशन कर रहे अमेरिकी वायुसेना के क्र52 विमान को गलत तरीके से रोकने की कोशिश की।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा किया है। साथ ही बताया कि चीन के जे-11 विमान के पायलट ने 24 अक्तूबर को अमेरिकी वायुसेना के विमान को गैरपेशेवर तरीके से रोकने की कोशिश की थी। चीन के विमान की रफ्तार बहुत तेज थी। एक समय पर दोनों विमानों के बीच की दूसरी महज 10 फीट थी, जिससे विमानों के आपस में टकराने का खतरा बन गया था।

# फलस्तीनी मृतकों का आंकड़ा 7000 पार

**हमला**

**आईडीएफ ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में हमास के 250 से अधिक ठिकानों पर भी हमला किया।**

**तेल अवीव।** इस्राइल ने टैंकों व सैन्य टुकड़ियों के साथ बुधवार रात गाजा में हमास के ठिकानों पर सीमित जमीनी हमला किया। इस्राइली सेना के प्रवक्ता के मुताबिक, कई आतंकी ठिकाने निशाना बनाए हैं। इसे बड़े पैमाने पर जमीनी हमला शुरू करने की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

हमास के पश्चिमी खान यूनिस बटालियन के कमांडर मदथ मुबशर को गुरुवार रात इस्राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के हवाई हमले में मार गिराया गया। इस्राइल रक्षा बलों ने बताया, लगातार दूसरी रात, इस्राइली सैनिकों ने गाजा के अंदर लक्षित हमले किए, जिससे उन्हें हमास के खिलाफ संघर्ष में अगले चरण की तैयारी के लिए तैयार किया गया। बता दें कि आईडीएफ ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में हमास के 250 से अधिक ठिकानों पर भी हमला किया।

करीब 21 दिन पहले हमास ने इस्राइल पर अंधाधुंध रॉकेट हमले किए। 7 अक्तूबर की इस घटना के बाद दक्षिणी इस्राइल में खूनी संघर्ष हो रहा है। हमास की घुसपैठ के जवाब में इस्राइल ने विनाशकारी हवाई हमले किए हैं। सैन्य कार्रवाई के बीच फलस्तीनी मरने वालों की संख्या 7,000 से अधिक हो गई है। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मरने वालों में 2,900 से अधिक नाबालिग और 1,500 से अधिक महिलाएं शामिल हैं। शुक्रवार शाम 5.30 बजे तक कुल आंकड़ा 7326 हो चुका है।

पश्चिम एशिया में इस्राइल-हमास युद्ध के बीच अमेरिकी सैनिकों पर हमलों के जवाब में सीरिया में एयरस्ट्राइक की खबरें सामने आई हैं। खबरों के अनुसार, अमेरिकी लड़ाकू विमानों की कार्रवाई पर पेंटागन ने कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार तड़के पूर्वी सीरिया में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े दो स्थानों पर हवाई हमले किए। अमेरिका के अनुसार, सीरिया में हमले पिछले सप्ताह की शुरुआत में इस क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और कर्मियों के खिलाफ ड्रोन और मिसाइल हमलों के जवाब में किया गया। अमेरिका ने कहा, सीरिया में हमले नाजुक संतुलन बनाए रखने के बाइडन प्रशासन के दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ओमानी समकक्ष बद्र अल्बुसैदी से बात की। दोनों ने पश्चिम एशिया में चल रहे संकट पर चर्चा की। बता दें कि 7 अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने इस्राइली शहरों पर अभूतपूर्व हमले किए थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर एक पोस्ट में, अल्बुसैदी ने कहा उन्होंने गाजा में तत्काल युद्धविराम की जरूरत पर बल दिया। विदेश मंत्री ने बातचीत को अच्छी बताया। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ओमानी विदेश मंत्री बद्र अल्बुसैदी के साथ अच्छी बातचीत हुई।

# अगर सत्ता में आई कांग्रेस तो खत्म कर देगी कल्याणकारी योजनाएं, केसीआर ने मतदाताओं को किया आगाह

**हैदराबाद।** केसीआर ने शुक्रवार को मतदाताओं को आगाह करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस तीस नवंबर को राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता में आई तो रायतु बंधु और किसानों को मुफ्त बिजली जैसी कल्याणकारी योजनाओं को खत्म कर देगी।

तेलंगाना के मुख्यंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने शुक्रवार को मतदाताओं को चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस तीस नवंबर को राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता में आई तो रायतु बंधु और किसानों को मुफ्त बिजली जैसी कल्याणकारी योजनाओं को खत्म कर देगी। यहां एक रैली में राव ने कहा, प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एम एस स्वामीनाथन जैसे लोगों और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों ने भी किसानों के लिए निवेश सहायता योजना रायतु बंधु की तारीफ की थी।

केसीआर ने देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी पर आरोप लगाया, कांग्रेस नेता उत्तम कुमार रेड्डी कहते

हैं कि रायतु बंधु जनता के पैसे की बर्बादी है। एक अन्य नेता (मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष) कहते हैं कि किसानों के लिए तीन घंटे की बिजली पर्याप्त है। अगर कांग्रेस (चुनावों में) जीतती है, तो वह रायतु बंधु को राम-राम कहेंगे और दलित बंधु को जय भीम। लोगों को तय करना चाहिए कि वे किसी तरह की स्थिति में होंगे।

यह दावा करते हुए कि वह ही देश में पहली बार दलित बंधु जैसी योजना लेकर आए, केसीआर ने कहा कि वह चुनाव के लिए कोई वादा नहीं कर रहे हैं, लेकिन जनता को धन वितरित करना चाहते हैं। राव ने पिछले दस वर्षों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रति वर्ष तीन करोड़ टन धान उत्पादन के साथ तेलंगाना पंजाब के बाद दूसरे नंबर पर है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बीआरएस राज्य में दोबारा सत्ता में आती है तो तेलंगाना के सभी 93 लाख बीपीएल परिवारों को बढ़िया चावल और स्वास्थ्य बीमा भी प्रदान किया जाएगा।

अलग तेलंगाना राज्य के आंदोलन के दौरान के संघर्ष के दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ मुट्ठीभर लोगों के साथ आंदोलन शुरू किया था। हालांकि, कई लोगों ने इस मुद्दे को

# वॉशिंगटन डीसी में हुई चीनी विदेश मंत्री वांग यी और एंटनी ब्लिंकन की मुलाकात

, इन अहम मुद्दों पर हुई बातचीत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच शुक्रवार को वॉशिंगटन डीसी में मुलाकात हुई। दोनों देशों के बीच बातचीत को बढ़ावा देने के लिहाज से दोनों नेताओं की यह मुलाकात अहम है। गौरतलब है कि इससे पहले एंटनी ब्लिंकन ने बीजिंग का दौरा किया था। अमेरिकी सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि बैठक में दोनों नेताओं का फोकस द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों से जिम्मेदारी से निपटने पर रहा। साथ ही उन क्षेत्रों की भी पहचान करने की कोशिश की गई, जहां दोनों देश सहयोग कर सकते हैं।

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान में कहा कि विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी की आज वॉशिंगटन में आगवानी की। दोनों देशों के बीच बातचीत जारी रखने की कोशिशों के तहत एंटनी ब्लिंकन के बीजिंग दौरे के जवाब में यह दौरा हो रहा है। अमेरिका ने चीन के पूर्व पीएम ली केकियांग के निधन पर दुख भी जताया। इससे पहले जून में एंटनी ब्लिंकन ने बीजिंग का दौरा किया था।

वॉशिंगटन डीसी में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने भी वांग यी से मुलाकात की। वांग यी तीन दिवसीय दौरे पर अमेरिका आए हैं। वांग यी के इस दौरे से अमेरिका और चीन के रिश्तों में कुछ गर्माहट आने की उम्मीद है। बता दें कि दोनों देशों के बीच 2018 से व्यापार को लेकर खींचतान चल रही है। बीते दिनों जासूसी विवाद के चलते भी दोनों देशों के रिश्ते बिगड़ गए थे।

# इस्राइल-हमास युद्ध से पश्चिम एशिया में बिगड़ सकते हैं हालात

## अमेरिका ने तैनात किए 900 सैनिक

**वॉशिंगटन।** सैनिकों के साथ ही एयर डिफेंस के लिए फोर्ट ब्लिस टेक्सास से थाड सिस्टम (टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस बैटरी), फोर्ट सिल ओकलाहामा से पैट्रियट बैट्रीज और फोर्ट लिबर्टी, नॉर्थ कैरोलिना से पैट्रियट और अवेंजर्स बैट्रीज की ब्रिगेड भी तैनात की जा रही है।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस्राइल-हमास युद्ध के बीच करीब 900 अमेरिकी सैनिक पश्चिम एशिया में तैनात कर दिए हैं या फिर उन्हें तैनात किया जा रहा है। पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने कहा कि सैनिकों के साथ ही एयर डिफेंस के लिए फोर्ट ब्लिस टेक्सास से थाड सिस्टम (टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस बैटरी), फोर्ट सिल ओकलाहामा से पैट्रियट बैट्रीज और फोर्ट लिबर्टी, नॉर्थ कैरोलिना से पैट्रियट और अवेंजर्स बैट्रीज की ब्रिगेड भी तैनात की जा रही है।

पैट राइडर ने हालांकि इस बात का खुलासा नहीं किया कि अमेरिकी सैनिकों की पश्चिम एशिया में किस जगह तैनाती की जाएगी लेकिन उन्होंने साफ किया कि ये सैनिक इस्राइल नहीं भेजे गए हैं बल्कि पश्चिम एशिया में पहले से मौजूद अमेरिकी सेना की सुरक्षा को मजबूत करने के लिहाज से इन सैनिकों की तैनाती हो रही है। पेंटागन अधिकारी ने बताया कि 17 अक्तूबर से 26 अक्तूबर के बीच अमेरिका और इसके सहयोगी बलों पर कम से कम 12 बार इराक से, चार बार सीरिया से हमले हुए हैं। इनमें ड्रोन और रॉकेट हमले शामिल हैं। पेंटागन की तरफ से ये भी कहा गया कि अमेरिका, इस्राइल को दो आयरन डोम सिस्टम उपलब्ध कराने की तैयारी कर रहा है ताकि इस्राइल की सुरक्षा क्षमता को बढ़ाया जा सके। बता दें कि पेंटागन ने हाल ही में करीब दो हजार अमेरिकी सैनिकों को पश्चिम एशिया में तैनात करने की तैयारी की हुई है।

आतंकी संगठन हमास ने गुरुवार को दावा किया है कि गाजा पट्टी पर इस्राइली हमले के बाद से अगवा किए गए इस्राइली लोगों में से कम से कम 50 को मौत के घाट उतार दिया गया है। हालांकि अभी तक हमास के इस दावे की पुष्टि नहीं हुई है। हमास की सैन्य ब्रिगेड अल-कस्साम ब्रिगेड ने टेलीग्राम चैनल पर बयान जारी कर यह दावा किया है।

# जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में भारी बवाल

**दो मत पेटी लेकर भागे वकील, मतदान निरस्त**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में फर्जी मतदान को लेकर वकीलों ने बवाल कर दिया। इस दौरान कुछ वकील दो मतपेटियों को लेकर भाग गए। इसके बाद चुनाव निरस्त कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा फर्जी मतदान करने को लेकर जिला अधिवक्ता संघ का मतदान शाम पौने चार बजे रुक गया था। अधिवक्ताओं ने फर्जी वोटिंग होने पर नाराजगी जताई और फर्जी मतदान होने पर आपत्ति जताई। इस दौरान कुछ अधिवक्ताओं ने फर्जी मतदान करने वाले की पिटाई की। साथ ही प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

जिला अधिवक्ता संघ में कुल 5931 सदस्य मतदाता है। मतों की गिनती 30 अक्टूबर को संगम सभागार कलेक्ट्रेट परिसर में एडीएम सिटी एवं एल्डर कमेटी के सदस्यों के देखरेख में संपन्न होगी ,दोपहर बाद परिणाम घोषित हो सकेंगे। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन एवं सदस्य देवेंद्र मिश्र नगरहा ने सभी मतदाताओं के द्वारा अपने अधिकार का सदुपयोग करने की अपील की है।

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में सख्त हिदायत दी गई थी कि जो भी सदस्य अधिवक्ता की ड्रेस में नहीं होगा उसके पास यूपी युक्त बार काउंसिल द्वारा जारी पहचान पत्र नहीं होगा विकल्प के रूप में पंजीकरण प्रमाण पत्र नहीं होगा उसे मतदान स्थल पर प्रवेश ही नहीं करने दिया जाएगा तमाम लोगों ने बिना कार्ड के प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे उन्हें प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया गया।

शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए सुबह 9 बजे से वोटिंग हो रही थी। इस चुनाव में 122 अधिवक्ता प्रत्याशी मैदान में थे। यह चुनाव चुनाव इलाहाबाद हाईकोर्ट की ओर से नियुक्त एडीएम सिटी तथा एल्डर कमेटी के सदस्यों की देखरेख में चल रही थी। अचानक साढ़े चार बजे कुछ वकीलों ने फर्जी मतदान को लेकर बवाल शुरू कर दिया। कुछ वकील दो मतपेटी लेकर भाग गए।

चुनाव के लिए कचहरी की तरफ यातायात प्रतिबंधित रहा। आज सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कचहरी की ओर से सिर्फ वकीलों और पुलिस व प्रशासन के वाहनों को जाने दिया जा रहा था। बाकी अन्य वाहनों को लक्ष्मी चौराहा, जगराम चौराहा व कचहरी टेंपो स्टैंड चौराहे के पास रोका गया। वकीलों अपने वाहन पुलिस कार्यालय के सामने जिला अधिवक्ता संघ की पार्किंग में खड़ी की।

# महापौर ने गोलघर व्यापार मंडल रोशनी कमेटी के पदाधिकारी को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** गोलघर व्यापार मंडल के द्वारा सम्मान समारोह हटिया पुलिस बूथ चौराहे पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने गोलघर व्यापार मंडल के द्वारा दशहरे पर पंचक्रोशी मार्ग एवं हटिया पुलिस बूथ चौराहा मुट्ठीगंज में दशहरे के अवसर पर रोशनी की सजावट को लेकर गोलघर व्यापार मंडल की सभी पदाधिकारी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दशहरे की शान प्रयागराज की रोशनी कमेटियों के द्वारा बरकरार है। वास्तव में रोशनी कमेटियों के द्वारा दशहरे में की गई सजावट की रोशनी में प्रभु श्री राम जी की मर्यादा झलकती हुई दिखाई देती है।

इस अवसर पर गोलघर व्यापार मंडल के संरक्षक सुशील कुमार गुप्ता बच्चा ने आए हुए अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संतोष कुमार अग्रहरि ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उमेश चंद्र केसरवानी राजे श राजे श केसरवानी पूर्व पार्षद सादिक लड्डू, पार्षद मुकेश लारा, रमेश चंद्र केसरवानी, ओम प्रकाश अग्रहरि, सुमित केसरवानी, अभिलाष केसरवानी, समस्त व्यापार मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समेंदा मेला महोत्सव पर रामायण का मंचन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** समेंदा मेला महोत्सव 2023 में मनन पाण्डेय व सह कलाकारों द्वारा रामायण का मंचन किया गया जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। शशि प्रकाश सिंह '' मुन्ना'' समेंदा जो मेला आयोजक हैं उन्होंने सन् व यर्थाथ गीता मर्मज्ञ श्री राममिलन सिहं जी द्वारा व रामकथावाचक द्वारा पूजन के साथ शुभारम्भ किया गया। समेंदा क्षेत्र का एक पूरातन व पारम्परिक मेला है जो सदियों से लगता आ रहा है। इसमें लगभग 10 हजार की संख्या में मेलार्थि आते हैं। कार्यक्रम के दौरान आने वाले मेहमानों को यर्थात गीता देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रामायण की प्रस्तुती करने वाले अद्भुत कलाकारी को शिल्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण पाल लालगंज जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह व सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव एवं बसपा जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ पवन कुमार सिंह अध्यक्ष लोकदायित्व संत राममिलन सिंह ने किया मेले में तमाम दुकानें, झूलें, साजो समान बच्चों का खेल कूद की दुकानें लगे हुए थें जिसका क्षेत्रीय जनता ने भरपूर आनन्द लिया।

# राजघराने की 34वीं पीढ़ी: आज भी बरक़रार है दशहरे पर नजराने की परंपरा

**365 गांवों की जनता राजा के दर्शन के लिए दशहरा पर होती है इकट्ठा**

**आम जनता अपने राजा को पेश करती है नजराना**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जनपद मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर शंकरगढ़ में एक ऐसा राजरानी है जिसमे 34 पीढ़ी से चली आ रही इस राजघराने में दशहरे पर नजराने एवं राजगद्दी तथा शस्त्र पूजन की परंपरा आज भी बरकरार है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद के यमुनानगर के उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित शंकरगढ़ राजघराना जो पहले कसौटा राजघराने के नाम से जाना जाता था। ये बहुत पुराना राजघराना माना जाता है। शंकरगढ़ राजघराना जो कि रीवा रियासत का एक परिवार है। ये राजघराना महाराजा व्याघ्रदेव के वंशज है। जिन्हें बघेल राजा कहा जाता है।महाराजा व्याघ्रदेव नाम से राजपूत का बघेल खानदान कहा जाता है। महाराजा व्याघ्रदेव के पांच पुत्र हुए जिसमे सबसे छोटे पुत्र कैधरदेव को कसौटा का राजा बनाया गया जो अब शंकरगढ़ के नाम से जाना जाता है। इसी राजघराने के 34 वीं पीढ़ी के राजा महेंद्र प्रताप सिंह शंकरगढ़ की जनता के सह एवं प्यार को देखते हुए अपने पूर्वजों की इस परंपरा को बरकरार रखा है। आपको बता दे पूरे देश में राजतंत्र समाप्त हो गया जिसकेजमॉ साथ सभी राजाओं वाली परंपरा भी समाप्त हो गई लेकिन 34 पीढ़ी से दशहरे पर होने वाली परंपरा आज भी कायम है। परंपरा के अनुसार दशहरे के दिन सुबह राजघराने के प्रतीक चिन्ह झंडे की पूजा होती है। इसके बाद राजगद्दी एवं शस्त्र पूजन होता है। इसके उपरांत रात्रि को राजा अपने राजसी पहनावे में आकर जनता के बीच रूबरू होकर मिलते है। परंपरा के अनुसार 34 वें राजा महेंद्र प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के 385 गांव से आए हुए जनता को संबोधित करते हैं। कसौटा क्षेत्र की जनता आज भी इनको अपना राजा मानते हुए पुराने परम्परा के अनुसार नजराना पेश करती है। परम्परा के अनुसार पहले राजा के खानदानी लोग नजराना पेश करते हैं उसके बाद क्षेत्र से आए हुए आम जनता अपने राजा को नजराने के तौर पर 11 रुपए या 21 रुपए पेश करती है। नजराना ग्रहण करने के बाद राजा द्वारा अपने हाथों से एक पान का बीड़ा दिया जाता है. पान देना इस पर्व पर शुभ माना जाता है। इस मौके पर राजघराने के सभी सदस्य वा स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# ज्यादा से ज्यादा लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जायें: डीएम

**भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ**

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विशाल भारद्वाज ने आज शिब्ली नेशनल डिग्री कालेज आजमगढ़ में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिनांक 01 जनवरी 2024 को जो लोग 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए और जो मतदाता सूची में अन्य आवश्यक संशोधन करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष पुनरीक्षण का कार्यक्रम आज से प्रारंभ किया है। जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों से अपील किया कि यदि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, या उसमें कोई संशोधन करना चाहते हैं, वह संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं अथवा जो ऑनलाइन पोर्टल है, उसके माध्यम से भी संशोधन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी विद्यार्थी जिन्होने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उन सभी विद्यार्थियों का वोटर लिस्ट में नाम होना चाहिए। उन्होने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से भी पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। यह अभियान इसलिए चलाया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य है, हमारी पहचान डेमोक्रेसी से है, इस देश का कोई भी नागरिक किसी भी पद पर जाने की इच्छा रख सकता है तथा उसके सपने देख सकता है, चाहे वह ग्राम पंचायत का एक ग्राम प्रधान हो, चाहे एक गणराज्य के प्रथम नागरिक के रूप में राष्ट्रपति हों, हर व्यक्ति को यह अधिकार है कि वह किसी भी पद पर पहुंचने का सपना देख सके और यह तभी संभव है जब हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था संविधान में जैसी परिकल्पित की गई है, वैसी चले। उन्होने कहा कि जब हमारा नाम मतदाता सूची में सम्मिलित रहेगा, तभी हम अपने हिसाब से सोच समझ कर अच्छे व्यक्ति का चुनाव करके अपने देश को चलाने के लिए सरकार का चयन अपने वोट के माध्यम से कर सकेंगे, इसके लिए आधिकाधिक संख्या में अपना नाम वोटर लिस्ट में सम्मिलित कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि हर वह व्यक्ति जो 18 वर्ष के ऊपर हैं, उसका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए तथा ऐसे व्यक्ति जो किन्हीं कारणों से मतदाता सूची में नहीं है, या उनकी मृत्यु हो गई है अथवा उनका नाम एक से अधिक जगहों पर हो या जिस जगह पर उनका नाम मतदाता सूची में है, वह उस जगह पर नहीं रहते हैं, उनका हमें शुद्ध करना है और इसमें बहुत बड़ी भूमिका हमारे बूथ लेवल ऑफिसर्स की है। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में जब आपका नाम दर्ज होता है तो आपको एक पहचान मिलती है, एपिक कार्ड का अनेक स्थानों पर उपयोग किया जा सकता है। उन्होने बताया कि आयोग द्वारा विशेष अभियान की तिथियां 4-5 नवम्बर, 25-26 नवम्बर एवं 2-3 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गयी हैं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा छात्र/छात्राओं को मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 का वितरण किया गया।

## दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए 5 दिवसीय अभियान

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ अनुराग आर्य द्वारा मुख्य सड़कों व हाईवे के किनारे वाहनों के बेतरतीब पार्किंग करने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से 5 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जनपद के समस्त थानाक्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे वाहनों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानाक्षेत्रों के 73 स्थानों पर कुल 449 वाहनों को चेक किया गया तथा अवैध रुप से सड़क के किनारे खडे कुल 64 वाहनों का अधिकतम धनराशि से चालान किया गया। जिसमें थाना गम्भीरपुर से 18, मुबारकपुर से 16, निजामाबाद से 12, देवगांव से 07, कन्धरापुर से 04, जहानागंज से 02, बरदह से 02 तथा थाना फूलपुर से 01 वाहन का चालान किया गया है।

# ऑनलाइन गेम में पैसा हारने के बाद छात्र ने की आत्महत्या

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जॉर्ज टाउन थाना अंतर्गत प्रतियोगी छात्र ने कमरे के अंदर दुपट्टे के सहारे फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजीपुर के मौदहा खानपुर निवासी हरिशंकर का 25 वर्षीय पुत्र बालेंद्र प्रयागराज में हासिमपुर रोड पर किराए का कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता था। कुछ दिनों से बड़ी बहन वंदना अपने बेटे के साथ बालेन्द्र के पास रह रही थी। आज दोपहर खाना खाने के बाद सभी सो गए जब वंदना सोकर उठी तो देखा कि बालेन्द्र ने उसकी दुपट्टा से फांसी लगाकर कमरे में आत्महत्या कर ली। भाई को फंदे पर लटकता देख वंदना ने चिल्लाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। उसे लेकर एसआरएन अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार बालेंद्र ऑनलाइन गेम में काफी पैसा हार चुका था जिसको लेकर इसने इतना बड़ा कदम उठाया है।

# ब्लॉक मुख्यालय सठियांव से मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा जनपद मुख्यालय को रवाना

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर/आजमगढ़।** अज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश के तहत बृहस्पतिवार को कलश यात्रा सुसज्जित वाहन में रवाना हुई। कलश यात्रा में अधिकारी व कर्मचारी के साथ भाजपा नेताओं ने भाग लिया। पूरे विकास खण्ड से एकत्रित मांटी व चावल का मिश्रण कलश में भरकर जनपद मुख्यालय हरिऔध कला भवन के आकर्षक ढंग से यात्रा को सजाकर यहां से रवाना किया गया। भारत सरकार के आदेश के अनुपालन में आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी मांटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन हुआ। खण्ड विकास क्षेत्र सठियांव के सभी ग्राम पंचायतों से एकत्रित मांटी व अक्षत के रूप में चावल का मिश्रण से एक कलश तैयार किया गया। इस कलश को आकर्षक ढंग से सजा कर वाहन पर लाउडस्पीकर के साथ भव्य कलश यात्रा सठियांव क्षेत्र पंचायत कार्यालय के परिसर से निकली। इस कलश यात्रा में खंड विकास क्षेत्र सठियांव की खण्ड विकास अधिकारी कविता तिवारी के नेतृत्व में अधिकारी व कर्मचारी और भाजपा के नेता बढ़ चढ़ कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय नजर आये। राष्ट्र भक्ति के नारों व गीत से पूरा परिसर गूंज उठा। कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में मुबारकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार एवं सठियांव चौकी प्रभारी रत्नेश कुमार दुबे पुलिस बल के साथ भ्रमण करते नजर आये। इस अवसर पर बीडीओ कविता तिवारी, ब्लॉक प्रमुख पति अरबिंद सिंह, जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह, दुर्गेश सिंह, विभा बरनवाल, एडीओ पंचायत सुनिल मिश्रा, एपीओ निर्भय राय, धनंजय राय, राजू सिंह, विनोद यादव, अरबिंद सिंह, हरिकेश राय, अंगद चौहान, मनीष सिंह, कीर्तिका यादव, अक्षिता अस्थाना, राधेश्याम सिंह, रमेश लाल यादव, अंगद यादव, राम अवध चौहान, अमित राय, अवधेश कुमार, जितेंद्र कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## भारतीय भाषा उत्सव के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह आज

**प्रयागराज।** मानव गौ सेवा संस्थान व भाषा संस्थान- भाषा विभाग उ0प्र0 शासन के संयुक्त तत्वावधान में कल 28 अक्टूबर शनिवार को 1 बजे दिन में भारतीय भाषा उत्सव के उपलक्ष्य में हिन्दुस्तानी एकेडमी सिविल लाइंस में कवि सम्मेलन व समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले योद्धाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेव0बिशप मोरिस एडगर डैन बिशप डायोसिस ऑफ लखनऊ, विशिष्ट अतिथि अरुण मोसेस प्रधानाचार्य ईसीसी, शीतला प्रसाद पाण्डेय ईसीसी, राकेश कुमार क्षत्रिय प्रधानाचार्य क्राईस्ट चर्च कॉलेज लखनऊ, क़मरुल हसन सिद्दीकी भू0पू0 एडिशनल एडवोकेट जनरल होंगे। आयोजक सैय्यद शफक़त अब्बास पाशा व के अनुसार कवि सम्मेलन का संचालन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त शायर व ऐंकर नजीब इलाहाबादी करेंगे।

# महर्षि वाल्मीकि वैदिक काल के महान ऋषियों में सम्मिलित हैं: डीएम

**महर्षि वाल्मीकि जी की जयन्ती को हर्षोल्लास के साथ शासन के मार्गनिर्देशों का अनुपालन करते हुए मनायी जायेगी**

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज ने बताया है कि महर्षि वाल्मीकि वैदिक काल के महान ऋषियों में सम्मिलित हैं। महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि के नाम से भी जाना जाता है, उनके द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध कालजयी कृति रामायण महाकाव्य सामाजिक, मानवीय एवं राष्ट्रीय मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा अपने ग्रंथ में वर्णित स्थल जिन्हें राम जानकी मार्ग, राम वन गमन मार्ग आदि के रूप में जाना जाता है। ऐसे लगभग 280 स्थल आज भी सम्पूर्ण भारत में विद्यमान हैं। उत्तर प्रदेश में राम जानकी मार्ग, राम वन गमन मार्ग के अन्तर्गत अनेक स्थल विद्यमान हैं, जहां पर भारतीय संस्कृति के मूल तत्व एवं मान्यताएं आज भी सुरक्षित हैं। ऐसे महान महर्षि वाल्मीकि जी की जयन्ती को हर्षोल्लास के साथ शासन के मार्गनिर्देशों का अनुपालन करते हुए मनायी जायेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 28 अक्टूबर, 2023 को महर्षि वाल्मीकि जयन्ती को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनपद में भव्य रूप से मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य वाल्मीकि रामायण में निहित सामाजिक, मानवीय एवं राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जन सामान्य को इससे जोड़ना है। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि से सम्बन्धित स्थलों/मंदिरों आदि पर दीप प्रज्ज्वलन/दीपदान के साथ-साथ अनवरत् 8, 12 अथवा 24 घंटे का वाल्मीकि रामायण का पाठ किये जाने के कार्यक्रम निर्धारित किये गये हैं। ग्रामीण/नगरीय क्षेत्रों में शासनादेश के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सुचारू व सफलतापूर्वक आयोजित कराये जाने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों हेतु एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 आजमगढ़ को शहरी (नगर पालिका/नगर पंचायत) परिक्षेत्र हेतु ओवर आल नोडल अधिकारी नामित करते हुए यह अपेक्षा की गयी है कि जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों, विकास खण्ड मुख्यालयों, ग्रामीण अंचलों, नगर निकाय परिक्षेत्र में उक्त कार्यक्रम को अपने कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके अन्तर्गत श्री राम व श्री हनुमान तथा रामायण से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों/मंदिरों का चयन करते हुए वहां पर भक्तिमय सांस्कृतिक आयोजन के साथ-साथ रामायण पाठ/भजन आदि के कार्यक्रम कराये जायें। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया है कि आपस में समन्वय स्थापित कर उक्त कार्यक्रम को भव्यता के साथ सम्पन्न करायें। उक्त आयोजन हेतु जनपद स्तर पर जिला विकास अधिकारी/प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# मुख्य सचिव ने की महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा

**महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत सभी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों को हर हाल में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से सितम्बर-2024 से पहले पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मुख्य सचिव उ0प्र0 दुर्गा शंकर मिश्र ने शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में महाकुम्भ-2025 की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव महोदन ने महाकुम्भ-2025 की तिथियों, संस्थाओं की संख्या, मेला क्षेत्रफल, सेक्टरों की संख्या, घाटों की लम्बाई, पार्किंग क्षेत्रफल, अनुमानित कल्पवासियों की संख्या एवं आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को उसी के अनुरूप अपने विभाग से सम्बंधित तैयारियां सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने निविदाओं से सम्बंधित प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है, जिससे कि कार्य को समय से प्रारम्भ कर समय से पूर्ण कराया जा सके। सभी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों की थर्ड पार्टी से जांच कराने व लगातार कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते रहने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। मुख्य सचिव ने एन0एच0ए0आई के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो भी प्रोजेक्ट महाकुम्भ-2025 से सम्बंधित हो, उसे हर हाल में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से सितम्बर-2024 से पहले पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। इसके लिए अभी से प्लान बनाकर कार्य किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को मिशन मोड में शीर्ष प्राथमिकता पर कराने तथा लगातार कार्य की मानीटरिंग करने के निर्देश दिए है। बैठक में कुम्भ मेला अधिकारी ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, पर्यटन विभाग, नगर विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों की जो योजनाएं व परियोजनाएं स्वीकृति हेतु लम्बित है, उसके स्वीकृति के लिए मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिस पर मुख्य सचिव महोदय ने जल्द से जल्द योजनाओं व परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान किए जाने के लिए कहा है। मुख्य सचिव ने बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारियों से महाकुम्भ मेला में सुरक्षा, ट्रैफिक व अन्य सम्बंधित कार्यों की तैयारियों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि आईसीसीसी स्थित कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर को और विस्तारित कर उसे पूरे शहर के साथ ही रेलवे से कनेक्ट किया जाये। इस अवसर पर प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, ए0डी0जी भानु भाष्कर, मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, आई0जी0 चन्द्र प्रकाश, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जश्न ग़ौसुलवारा अक़ीदत के साथ मनाया

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर/आजमगढ़।** स्थानीय कस्बे के मोहल्ला पूरारानी समौधी रोड स्थित मदरसा यतीमखाना इस्लामिया अशरफिया में जश्न ग़ौसुलवारा बड़े ही अक़ीदत के साथ मनाया गया इसी क्रम में मदरसा परिसर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को प्रातः साढ़े आठ बजे विश्व प्रसिद्ध सूफी हज़रत शेख अब्दुल क़ादिर जिलानी की याद में अक़ीदत व एहतराम के साथ संस्था के प्रबंधक डाक्टर जावेद क़मर एम बी बी एस की नेतृत्व में सैकड़ों इस्लामी परचम के साथ एक ऐतिहासिक जुलूस ग़ौसिया निकाला गया जोकि अपने परम्परागत मार्गों से गुज़रता हुआ मोहल्ला पूरारानी परती स्थित जामा मस्जिद हाँस बाबा के स्पीम पहुंचकर सलाम व दुआ के बाद सम्पन्न हुआ जुलूस ग़ौसिया में मुख्य रूप से क्षेत्र की प्रसिद्ध धार्मिक अंजुमन फैज़-ए-आम, अंजुमन बाग़-ए- रसूल, अंजुमन अज़ीज़ूल इस्लाम अज़ीज़ नगर, अंजुमन इज़हार-ए-हुसैनी पूरारानी, अंजुमन मज़हर-ए-हक़ अलीगर, अंजुमन मीलाद गरूप पुरानीबस्ती, अंजुमन नवाए हक़ इस्लामपूरा सहित आधा दर्जन से अधिक धार्मिक अंजुमनों ने नात ख्वानी व मनकबत ख्वानी का नज़राना पेश कर प्रसिद्ध सूफी शेख अब्दुल क़ादिर जिलानी अलैहिर्रहमा को मंज़ूम खिराजे अक़ीदत पेश किया। कार्यक्रम का संचालन रईस न्याज़ी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मास्टर तनवीर अहमद, मौलाना शरीफ अहमद, मास्टर सेराज अहमद, मास्टर अरमान अहमद, बशर मुबारकपुरी, सभासद सुलेमान, गुफरान नेता, जमालूद्दीन, हाजी मुहम्मद हाशिम, महमूद अख्तर नोमानी आदि लोग मौजूद रहे।

# दूरसंचार उद्योग में प्रतिभा मांग और आपूर्ति का अंतर वर्ष 2030 तक बढ़कर 3.8 गुना हो जाएगाः टीएसएससी ड्रॉप रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दूरसंचार क्षेत्र के लिए भारत के प्रमुख कौशल विकास संस्थान टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल (टीएसएससी) ने भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में रोजगार के अवसरों, मांग आपूर्ति के बीच अंतर, दूरसंचार का टेक्नोलॉजी क्षेत्र में सम्मिलन और विभिन्न रोजगार भूमिकाओं में भारत में संभावना का खाका पेश करते हुए ड्रॉप के साथ मिलकर टेलीकॉम टैलेंट इन 5जी एराःडिमांड सप्लाई स्किल गैप रिपोर्ट 2023-24 रिपोर्ट आज लांच की।इस रिपोर्ट को इंडिया मोबाइल कांग्रेस में अनलॉकिंग दि पावर ऑफ टेलीकॉमःस्किलिंग फॉर ए कनेक्टेड वर्ल्ड विषय पर एक पैनल में लांच किया गया जिसमें अतुल कुमार तिवारी, डाक्टर निर्मलजीत सिंह कलसी, पंकज महिंद्रू, प्रियंका आनंद, कार्स्टन एस. श्रोदर और टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ अरविंद बाली जैसे उद्योग के दिग्गज मौजूद रहे। इस रिपोर्ट में यह बात रेखांकित की गई है कि भारत वर्तमान में 24.1 लाख पेशेवरों की मांग आपूर्ति का अंतर दूरसंचार क्षेत्र में सामना कर रहा है और वर्ष 2030 तक इसके 3.8 गुना तक बढ़ने की संभावना है।इस रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि सबसे प्रमुख चुनौतियों में से एक चुनौती यह है कि अकादमिक आवश्यकता और उद्योग की मांग के बीच बेमेल की वजह से टेक्नोलॉजी क्षेत्र में कंप्यूटर साइंस, आईटी और गणित में स्नातक केवल 40 प्रतिशत लोग ही रोजगार के लायक हैं।

**रिपोर्ट**

**टीएसएससी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस में डिमांड सप्लाई गैप रिपोर्ट पेश की**



भारतीय दूरसंचार उद्योग में लगे लोगों की कुल संख्या वर्तमान में 1.159 करोड़ है जिसमें 29.5 लाख कॉरपोरेट प्रतिभा और 82.4 लाख ब्लू कॉलर नौकरियों में हैं। मांग आपूर्ति अंतर रिपोर्ट आगे इस बात को भी रेखांकित करती है कि शीर्ष सभी 15 स्ट्रीम्स में नेटवर्क ऑपरेशन और मेंटनेंस व प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग में सबसे अधिक कॉरपोरेट प्रतिभाएं हैं, जबकि नेटवर्क ऑपरेशन एवं मेनटेनेंस और सेल्स एवं डिस्ट्रीब्यूशन- सर्विस सेगमेंट में सबसे अधिक ब्लूकॉलर प्रतिभाएं हैं।

इस रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि भारत को वर्ष 2025 तक 5जी केंद्रित उद्योगों खासकर क्लाउड कंप्यूटिंग, रोबोट और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसे क्षेत्रों में 2.2 करोड़ कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी। भारत अकेला ऐसा देश है जहां टेक्नोलॉजी, मीडिया और दूरसंचार (टीएमटी) क्षेत्र में 2030 तक 13 लाख कर्मचारियों के साथ अधिशेष कुशल श्रमबल रहने की संभावना है।

कौशल विकास एवं उद्यम शीलता मंत्रालय के सचिव अतुल तिवारी ने कहा, जबरदस्त संभावनाओं से भरे इस दूरसंचार उद्योग को विशेष कौशल और सतत अद्यतन की जरूरत है। इस उद्योग को लगाकर हम नौकरी के दौरान प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप पर काम कर रहे हैं और नवीनतम मानकों के अनुरूप कौशल विकास के प्रयास कर रहे हैं। आगामी 6जी युग को देखते हुए हमारा ध्यान अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ हमारे कौशल विकास पर बना रहेगा जिससे दूरसंचार के भविष्य के लिए एक तैयार कार्यबल सुनिश्चित होगा।

इस रिपोर्ट को पेश करते हुए टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ अरविंद बाली ने कहा, दूरसंचार क्षेत्र भारत में तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है जिसकी कुल एफडीआई इनफ्लो में करीब 6.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी है और 2027 तक दुनियाभर में सभी 5जी सब्सक्रिप्शन में इसका योगदान 11 प्रतिशत रहने की संभावना है।

# आप्टिमस इन्फ्राकॉम ने ड्रोन विनिर्माण में कदम रखने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार विनिर्माण कंपनियों में से एक ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटे (ओआईएल) ने प्रौद्योगिकी तौर पर परिष्कृत, उच्च सटीक ड्रोन्स की लांचिंग के साथ मानवरहित प्रणालियों के क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की। इन ड्रोन की डिजाइन और विनिर्माण भारत में किया गया है। ड्रोन्स की इस विविध रेंज को इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 में पहली बार प्रदर्शित किया गया है। ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम द्वारा प्रदर्शित इन उत्पादों में एडवांस्ड सेंसर्स, सुरक्षित संचार प्रणाली और सख्त सुरक्षा के प्रोटोकॉल सहित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है।

ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम अपने इस नए डिवीजन ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स (ओयूएस) में 25 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

यह कंपनी मानवरहित एरियल व्हीकल (यूएवी) के अनुसंधान, विकास और विनिर्माण के मोर्चे पर आगे रहेगी क्योंकि ओयूएस,



ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स की विनिर्माण उत्कृष्टता से तालमेल बिठाते हुए भारत में अपनी तरह के पहले ड्रोन्स उपलब्ध कराने के लिए ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम की बाजार क्षमताओं का उपयोग करेगी।

इस कंपनी की ताजा पहल सरकार की मेक इन इंडिया पहल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम की तर्ज पर है जिसका लक्ष्य ऐसे देशज उत्पादों का निर्माण करना है जिनकी डिजाइन और विनिर्माण भारत में किया गया हो।

ओयूएस अत्याधुनिक ड्रोन की डिजाइन और विनिर्माण में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करेगी और ये ड्रोन रक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, लॉजिस्टिक्स, खनन, रेलवे और तेल एवं गैस सहित व्यापक उपयोग के क्षेत्रों की जरूरतें पूरी करेंगे। ड्रोन्स के लिए एप्लीकेशन के क्षेत्रों में परिसंपत्ति प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, डिलीवरी, मैपिंग एवं सर्वे और प्रिजिशन एग्रिकल्चर शामिल हैं।

ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड के चेयरमैन श्री अशोक के गुप्ता ने कहा, सभी के लिए टेक्नोलॉजी हमारा मार्गदर्शक प्रकाशस्तंभ रहा है जो हमें रास्ता दिखाता रहा है। ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स आज और आने वाले कल के लिए विश्वसनीय मानवरहित प्रणालियों की डिजाइन तैयार कर उनका विनिर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध है। जैसा कि डेटा की सुरक्षा एक बड़ी चिंता है, हम सरकार के दिशानिर्देशों के मुताबिक, लोकलाइजेशन पर और भरोसेमंद साझीदारों और स्थानों से पार्ट्स खरीदने पर ध्यान देते हैं। हमने टोपायलट, मोटर कंट्रोलर, जीएनएसएस रिसीवर और पावर मैनेजमेंट सिस्टम का पहले ही स्थानीयकरण कर लिया है। हम स्पेयर पार्ट्स और हमारे तैनात ड्रोन्स को अपग्रेड करने सहित रखरखाव, मरम्मत के लिए समग्र सहयोग भी उपलब्ध कराएंगे।

# टाटा मोटर्स की बेहद स्थानीय रणनीति ने उत्तर प्रदेश में Tiago.ev को लगातार सफलता दिलाना जारी रखा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) की लोकप्रियता बढ़ रही है, राज्य में ईवी को अपनाने की गति तेज करने में टियर-2 और टियर-3 शहरों का प्रमुख योगदान दिखाई दे रहा है। यह राज्य में गाज़ियाबाद, कानपुर, आगरा, वाराणसी, मेरठ आदि जैसे शहरों में ईवी की अधिकतम बिक्री से साबित होता है। यह अनुपात विभाजन एक उत्पाद के रूप में Tiago.ev की भारी सफलता का प्रमाण है, ईवी मार्केट के विकास के साथ-साथ अलग-अलग जगहों और तबकों के लोग इलेक्ट्रिक हैचबैक पर भरोसा कर रहे हैं। ईवी की संपूर्ण बिक्री में उत्तर प्रदेश का योगदान 7% है।

Tiago.ev टाटा मोटर्स की पहली इलेक्ट्रिक हैचबैक है जो भारत में बहुत जल्द स्थायी और पर्यावरण-हितैषी परिवहन का प्रतीक बन गया है। सस्ती कीमत, प्रभावशाली रेंज, और आधुनिक विशेषताओं के चलते यह ईवी गैर-मेट्रो क्षेत्रों में ग्राहकों की प्राथमिक पसंद बन गया है। आश्चर्यजनक रूप से यह देखा गया है कि Tiago.ev के खरीदारों में 24% से अधिक महिलायें हैं और यह आँकड़ा फोर-व्हीलर वाहनों के लिए उद्योग के सामान्य औसत से दोगुणा है। यह प्रवृत्ति ईवी की आधुनिक खूबियों और बेहतर आरामदायक होने के कारण लगातार मजबूत हो रही है, जो इसे एक आकर्षक मूल्य प्रस्ताव बनाती है।

**Tiago.ev की सफलता के प्रमुख कारण**

प्रभावशाली रेंज ~ 315 किलोमीटर की एमआईडीसी रेंज के साथ Tiago.ev ने इलेक्ट्रिक वाहनों की सीमित रेंज के बारे में चिंताओं को दूर किया है और इस कारण से यह गैर-मेट्रो क्षेत्रों में लंबी दूरी के आवागमन के लिए उपयुक्त है।

इको-फ्रेंडली पहल Tiago.ev स्वच्छ परिवहन और कम कार्बन उत्सर्जन के लिए सरकार के प्रोत्साहन के अनुरूप है। टियर-2 और टियर-3 के बाज़ार पर्यावरण संरक्षण के प्रति ठोस वचनबद्धता प्रदर्शित कर रहे हैं।

ड्राइव करने की आसानी यह कार दो ड्राइविंग मोड्स में आती है - सिटी और स्पोर्ट और प्रत्येक ड्राइव मोड में चार स्तरों की रिजेन सेटिंग्स है।

कम कीमत Tiago.ev को इसकी प्रतिस्पर्धी कीमत के कारण टियर-2 और टियर-3 बाज़ारों में हाथों-हाथ लिया गया है। TATA.ev ने ग्राहकों के व्यापक वर्गों के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की सुलभता सुनिश्चित की है।

चार्जिंग सुविधाओं का लगातार विकास इन बाज़ारों में चार्जिंग सुविधाओं के विस्तार से ईवी का स्वामित्व एक व्यावहारिक और सुविधाजनक विकल्प बन गया है। अब चार्जिंग केंद्र रणनीतिक स्थानों में उपलब्ध है और इससे सुनिश्चित हुआ है कि ड्राइवर अपने वाहन को आसानी से रिचार्ज कर सकते हैं।

# छह दिनों की गिरावट के बाद हरे निशान पर क्लोजिंग सेंसेक्स 635 अंक उछला, निफ्टी 19000 पार

**नई दिल्ली।** लगातार छह दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स 634.65 (1.00%) अंकों की बढ़त के साथ 63,782.80 जबकि निफ्टी 190.00 (1.01%) अंक मजबूत होकर 19,047.25 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार की चौतरफा खरीदारी में सरकारी बैंकिंग, ऑटो, फाइनेंशियल, मीडिया, IT और रियल्टी सेक्टर्स का सबसे अधिक योगदान रहा। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 901 अंक नीचे 63,148 पर बंद हुआ था। बजाज फिनसर्व ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए। इन नतीजों के मुताबिक, कंपनी की नेट इंटरेस्ट इनकम सालाना आधार पर 8641 करोड़ रुपए हो गई है। इससे पहले, आए नतीजों में यह 6767 करोड़ रुपये थी। तिमाही दर तिमाही आधार पर दूसरी तिमाही में बजाज फिनसर्व का ग्रॉस NPA 0.87 फीसदी से बढ़कर 0.91 फीसदी पर रहा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय आम के निर्यात में 19 प्रतिशत की वृद्धि करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय और एपीडा के सहयोग से भारतीय कृषि क्षेत्र के प्रयासों के परिणामस्वरूप चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों के दौरान आम के निर्यात में पर्याप्त वृद्धि हुई है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और सैफरन एयरक्राफ्ट इंजन ने वाणिज्यिक इंजनों के लिए रिंग फोर्जिंग विनिर्माण में औद्योगिक सहयोग विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एचएएल समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में बेंगलुरु में अपनी फाउंड्री और फोर्ज सुविधा में लीप (लीडिंग एज एविएशन प्रोपल्सन, एयरबस ए 320 नियो परिवार और बोइंग 737 मैक्स) इंजन फोर्जिंग का उत्पादन करेगा।

# नृत्य, संगीत और उत्सव का आनंद, कैंपस बीट्स ने अहमदाबाद के नवरात्रि में मचाई धूम

**अहमदाबाद।** नवरात्रि के दौरान हर तरफ खुशी और जश्न का माहौल देखने को मिलता है। इस नवरात्रि में, अमेज़ॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़ॅन मिनीटीवी ने टीन ड्रामा कैंपस बीट्स का दूसरा भाग लॉन्च किया। कैंपस बीट्स के पहले सीज़न को भारी सफलता मिली है। कैंपस बीट्स के दुसरे सीझन को लाँच करते हुए इस सीरिज के कलाकारों ने गरबा राजधानी, अहमदाबाद में आयोजित डांडिया में भाग लिया।

नवरात्रि के दौरान कैंपस बीट्स के लोकप्रिय कलाकार और निर्माता की टोली पालकी मल्होत्रा, शांतनु माहेश्वरी, श्रुति सिन्हा और तन्वी गडकरी अहमदाबाद पहुंचीं। ये सभी कलाकार अपने प्रशंसकों से मिलने के लिए उत्साहित थे। उन्होने अपने दौरे की शुरूआत नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम को प्रोत्साहित करके करने के साथ की। इसके बाद, उन्होंने शंकस डांडिया 2023 और मां शक्ति संध्या रास गरबा में भाग लिया।



इसके अतिरिक्त, उन्होंने अडालज बावड़ी और धीरूभाई अंबानी इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेशन एंड टेक्नोलॉजी जैसे उल्लेखनीय स्थानों का दौरा किया। इस दौरान इन सभीं को प्रशंसकों, छात्रों के साथ घुलते-मिलते, प्रमुख स्थानों पर रुकते और सभी के साथ थिरकते हुए देखा गया। । कुल मिलाकर, उन्होंने अहमदाबाद के लोगों के साथ नवरात्रि मनाने का भरपूर आनंद लिया।

दर्शकों को बांधे रखने वाली इस सीरीज में शांतनु माहेश्वरी, श्रुति सिन्हा, सहज सिंह चहल, तन्वी गडकरी, हर्ष डिंगवानी, तान्या भूषण, धनश्री यादव, तेरिया मगर, अदनान खान, रोहन पाल जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं. कैम्पस बीट्स अब अमेज़ॅन मिनीटीवी पर मुफ़्त देखी जा सकती है। अमेज़ॅन मिनीटीवी, अमेज़ॅन के शॉपिंग ऐप, फायर टीवी और प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

# मिनिस्ट्री ऑफ गुड सोल्स~ लखनऊ में चांदी के आभूषणों का स्वर्ग

**लखनऊ।** डीआरएस जेम्स एंड ज्वेल्स प्राइवेट लिमिटेड, आभूषण की दुनिया में एक प्रसिद्ध नाम, गर्व से अपना नवीनतम उद्यम 'मिनिस्ट्री ऑफ गुड सोल्स' (एमओजीएस)



प्रस्तुत करता है। चांदी के आभूषणों की खुदरा श्रृंखला के आकर्षण को फिर से परिभाषित करने के लिए समर्पित है। 35 वर्षों की विरासत के साथ, डीआरएस जेम्स एंड ज्वेल्स ने इस उद्योग में अपने अधिकृत रिटेलर नेटवर्क के माध्यम से लगातार असाधारण गुणवत्ता प्रदान की है और अब चांदी के आभूषणों की दुनिया में एक नई क्रांति लाने के लिए तैयार है।

एमओजीएस सिर्फ एक रिटेल आउटलेट ही नहीं है बल्कि चांदी के अनूठे आकर्षण की सराहना करने वाले कुछ समझदार व जागरूक लोगों की जरूरतों को पूरा करने की दृष्टि का प्रतीक भी है। ऐसी दुनिया जहां चांदी की सुंदरता को महत्व देने वालों और पारंपरिक सोने के प्रति आसक्त लोगों के बीच विभाजन स्पष्ट है, एमओजीएस यहां विशिष्ट शैलियों और क्षमा न करने वाले रवैये वाले व्यक्तियों को सशक्त व मजबूत बनाने के लिए है। अच्छी गुणवत्ता का मंत्रालय उन लोगों के लिए है, जो उज्ज्वल के बजाय सही विकल्प में विश्वास करते हैं, उनके लिए जो सतही चमक.दमक के बजाय पदार्थ को महत्व देते हैं।

जो बात एमओजीएस को औरों से अलग करती है, वह है इसकी गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण। पेश किए गए सभी चांदी के आभूषण शुद्ध 925 चांदी से बने हैं, जो स्थायित्व और शाश्वत सुंदरता दोनों सुनिश्चित करते हैं। ये चीजें न केवल दैनिक रूप से पहनने के लिए उपयुक्त हैं, बल्कि उन विशेष अवसरों के लिए भी खासा व बेहतरीन हैं जहां आप आभूषणों के साथ भीड़ में एक अलग ही पहचान बनाना चाहते हैं। यहां की प्रत्येक चीजें कला का एक बेहतरीन नमूना हैं, जिसे अपने ग्राहकों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, फैशन रुझानों की उभरती मांगों को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है।

**एमओजीएस जेम्स एंड ज्वेल्स प्राइवेट लिमिटेड के बारे में-.**

एमओजीएस आउटलेट आकार में छोटा हो सकता है किंतु यह विश्वसनीयता के मामले में बहुत बड़ा है। एमओजीएस की टीम बाजार में उपलब्ध सबसे शानदार चांदी के आभूषणों से ग्राहकों को प्रसन्न करने में गर्व महसूस करती है। स्टोर को चौथी पीढ़ी के जौहरी द्वारा पेशेवर रूप से प्रबंधित किया जाता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि गुणवत्ता और शिल्प कौशल की विरासत चमकती रहे। मिनिस्ट्री ऑफ गुड सोल्स सिर्फ एक आभूषण की दुकान नहीं है, बल्कि यह आपकी व्यक्तिगत स्टर्लिंग चांदी आभूषण कैबिनेट है, जो आत्मा से बात करने वाले उत्कृष्ट डिजाइनों की एक श्रृंखला पेश करती है। यह उद्यम ग्राहकों को समय की कसौटी पर खरे उतरने वाले असाधारण उत्पाद उपलब्ध कराने की डीआरएस जेम्स एंड ज्वेल्स प्राइवेट लिमिटेड की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। जो लोग चांदी की स्थायी सुंदरता में विश्वास करते हैं और अपनी शैली के साथ एक बयान देना चाहते हैं, उनके लिए मिनिस्ट्री ऑफ गुड सोल्स पसंदीदा स्थान है।

# शेयरधारकों ने ईशा, आकाश और अनंत की नियुक्ति को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के शेयरधारकों ने ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी को गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। कंपनी की एक नियामक फाइलिंग में कहा गया है कि ईशा अंबानी की नियुक्ति को 98.21 वोटों के साथ मंजूरी दी गई, जबकि आकाश अंबानी और अनंत अंबानी की नियुक्तियों को क्रमशः 98.06 और 92.75 वोटों के साथ मंजूरी दी गई।

अन्य बदलावों में नीता अंबानी एजीएम के दौरान की गई घोषणा के अनुसार पद छोड़ देंगी। वह रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन बनी रहेंगी। उस समय, कंपनी ने कहा था कि उसने ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी को तेल-से-दूरसंचार तक के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में नियुक्त किया है, जिसके लिए मतदान ऑनलाइन करने की बात कही गई थी।

रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन के रूप में, नीता अंबानी बोर्ड में स्थायी आमंत्रित के रूप में आरआईएल बोर्ड की सभी बैठकों में भाग लेंगी जिससे कंपनी उनकी सलाह का लाभ उठाती रहेगी।

कंपनी ने एक बयान में कहा, निदेशक मंडल ने नीता अंबानी का बोर्ड से इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया है और रिलायंस फाउंडेशन को भारत के लिए और अधिक प्रभाव डालने में सक्षम बनाने के लिए अपनी ऊर्जा और समय समर्पित करने के उनके फैसले का सम्मान किया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के टेलीकॉम डिवीजन, जियो इन्फोकॉमने आज 27 अक्टूबर को वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही यानी सितंबर तिमाही के नतीजे जारी किए। टेलीकॉम सेक्टर की दिग्गज कंपनी रिलायंस जियो ने दूसरी तिमाही में 5,058 करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन शुद्ध मुनाफा दर्ज किया। इसमें सालाना आधार पर भी वृद्धि हुई।

# रिलायंस लिमिट श्योर पे एज़ यू ड्राइवफ़ के साथ लेकर आया कार बीमा के लिए लचीला दृष्टिकोण

**लखनऊ।**भारत की प्रमुख जनरल इंश्योरेंस कंपनी, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (आरजीआईसीएल) ने रिलायंस लिमिट श्योर - पे एज़ यू ड्राइव की शुरुआत की है, जो कि ग्राहकों की जरूरतों और उपभोग की आदतों पर जोर देते हुए कार बीमा कवरेज के लिए एक लचीला दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह नई इनोवेटिव ऑफ़रिंग ग्राहकों को सशक्त बनाएगी और उन्हें अपने वाहन के खर्चों पर पूरी तरह से नियंत्रण देगी, जिससे वे अपनी खास जरूरतों के अनुसार पॉलिसी तैयार कर सकेंगे। रिलायंस लिमिट श्योर - पे एज़ यू ड्राइव एक पारंपरिक कार बीमा पॉलिसी की तरह ही व्यापक कवरेज प्रदान करती है, जो पूरा थर्ड पार्टी और ओन डेमेज कवरेज देती है, जहां ग्राहक अपनी इच्छा के अनुसार किलोमीटर स्लैब चुन सकते हैं, जो 2,500 किलोमीटर से शुरू होता है और 1,000 किलोमीटर की बढ़त तक एडजस्ट हो जाता है। यदि ग्राहक अपने लिए किलोमीटर कम लगते हैं, तो पॉलिसी वर्ष के दौरान कभी भी किलोमीटर को आसानी से बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा, प्रोडक्ट ऑप्टेड किलोमीटर प्लान समाप्त होने के बाद भी आग और चोरी से सुरक्षा के लिए थर्ड पार्टी कवरेज का बढ़ाता है। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के सीईओ श्री राकेश जैन ने इस प्रोडक्ट के महत्व पर जोर देते हुए कहा, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में, हमने रिलायंस लिमिट श्योर पे एज़ यू ड्राइव को नए युग के प्रोडक्ट के रूप में तैयार किया है जो बाजार में कम उपयोग किए गए वाहनों की सुरक्षा की अनसुनी मांग को पूरा करता है। इनोवेशन एक्सेलेंस के प्रति हमारा समर्पण इस यूसेज-बेस्ड प्रोडक्ट में झलकता है, जो पॉलिसीधारकों को उतना ही भुगतान करने की स्वतंत्रता देता है जितनी उन्हें आवश्यकता है।

# ISWAI द्वारा जारी एल्कोबेव इंडस्ट्री रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की सम्भावनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की वीना कुमारी मीना, प्रमुख सचिव (चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, आबकारी, आईसीडीएस लखनऊ) को भारतीय एल्कोहलिक बेवरेज इंडस्ट्री के आर्थिक मूल्यों पर आधारित अपनी विस्तृत रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करती है। इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, जो कि भारत में प्रीमियम एल्कोबेव सेक्टर की सर्वोच्च संस्था है, आज अपनी रिपोर्ट "Economic Value of the Indian Alcoholic Beverage Industry", माननीय श्रीमती वीना कुमारी मीना, प्रमुख सचिव (चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, आबकारी, आईसीडीएस लखनऊ), उत्तर प्रदेश सरकार को सहर्ष प्रस्तुत करती है। यह अभूतपूर्व सारगर्भित रिपोर्ट एल्कोबेव सेक्टर के अति महत्त्वपूर्ण पहलुओं और इस सेक्टर के सम्पूर्ण भारत एवं उत्तर प्रदेश में इसके आर्थिक योगदान को उजागर करती है।इस रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए ISWAI की सीईओ नीता कपूर ने बताया कि एल्कोबेव इंडस्ट्री देश का एवं समस्त राज्यों का आर्थिक इंजन है, अतः इस इंडस्ट्री के सभी हितधारकों का यह कर्तव्य बनता है कि वे हमारे एल्कोबेव सेक्टर के आर्थिक योगदान को एक पहचान देते हुए इसके महत्त्व को समझें। उन्होंने आगे बताया कि, हम वीना कुमारी मीना के अत्यंत आभारी हैं जिन्होंने अपना महत्वपूर्ण समय इस रिपोर्ट को उन्हें प्रस्तुत करने हेतु प्रदान किया।

**रिपोर्ट के कुछ मुख्य बिन्दु**

भारत में अल्कोहल उत्पादन, ई.एन.ए.(एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल) उत्पादन, इथेनॉल उत्पादन द्वारा अर्जित आबकारी राजस्व में उत्तर प्रदेश सर्वोच्च स्थान पर है। वर्ष 2022 में सात बिलियन लीटर से अधिक अल्कोहल उत्पादन करके उत्तर प्रदेश ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

उत्तर प्रदेश का आबकारी राजस्व लगातार बढ़ता जा रहा है, पिछले पांच वर्षों में यह राजस्व लगभग 140% की वृद्धि दर से वर्ष 2022 - 23 में रू 41,252 करोड़ पर पहुँच चुका है। वर्तमान वित्त वर्ष (2023 - 24) के लिए उत्तर प्रदेश ने रू 58,000 करोड़ आबकारी राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया है जोकि पिछले वित्त वर्ष से 40% ज्यादा है। चार - पांच वर्ष पूर्व जहाँ उत्तर प्रदेश की 61 डिस्टिलरिओं में से केवल 20 डिस्टिलरियाँ Potable Spirit बनाती थीं, वहीं वर्तमान में कुल 85 डिस्टिलरिओं में से 40 से अधिक डिस्टिलरियां Potable Spirit बना रही हैं।

# फ्लिपकार्ट होलसेल ने अपने सदस्यों के लिए शानदार डील्स और ऑफर्स के साथ दिवाली शॉपोत्सव 2023 शुरू किया

**लकी ड्रा ऑफर**

**किराना सदस्यों को लकी ड्रा ऑफर में नई महिंद्रा थार, मोबाइल फोन और सोने एवं चांदी के सिक्के जीतने का मौका मिलेगा।**

**बेंगलुरु।** भारत के होमग्रोन फ्लिपकार्ट ग्रुप के डिजिटल बी2बी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, फ्लिपकार्ट होलसेल ने अपने बी2बी ग्राहकों के लिए 25 अक्टूबर से दिवाली शॉपोत्सव शुरू किया, जो 12 नवंबर, 2023 तक चलेगा। यह वार्षिक सेल अपनी टैगलाइन 'बोलो फायदे की बोली' के साथ फ्लिपकार्ट के 26 स्टोर्स के अलावा फ्लिपकार्ट होलसेल ऐप पर भी उपलब्ध होगी।

दिवाली शॉपोत्सव में अपनी टैगलाइन के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में सीज़न की सबसे बड़ी डील मिलेंगी। इस साल का फोकस होम एवं किचन अप्लायंसेज़, गिफ़्टिंग एवं डेकोरेटिव समान की नई श्रेणियों पर होगा। त्योहारों की खुशी बढ़ाने के लिए इसमें हर रोज़ फ्लैश डील होंगी, जिनमें ब्रांड्स, सदस्यों को 1 रुपये में 2 किलो चीनी एवं कई अन्य वस्तुएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा, लकी ड्रा ऑफर में किराना सदस्य नई महिंद्रा थार, मोबाइल फोन, सोने और चांदी के सिक्कों सहित कई आकर्षक पुरस्कार भी जीत सकेंगे।

इस सेल में सदस्यों को विभिन्न आकर्षक ऑफ़रों में फेस्टिव स्पेशल डील, फ्लैश डील, पॉकेट फ्रेंडली डील, ब्लॉकबस्टर डील एवं कई अन्य आकर्षक डील्स इसके ऑनलाइन चैनल पर मिलेंगी।

फ्लिपकार्ट ग्रुप की सशक्त टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर की मदद से फ्लिपकार्ट होलसेल किराना और एमएसएमई का विकास संभव बना रहा है, जिससे पूरे परिवेश का सामूहिक विकास हो रहा है।

# विश्व कप के दौरान बेहतरीन नींद के लिए विराट Duroflex मैट्रेस पर ही सोते हैं

**नई दिल्ली।** विराट एक ऐसे क्रिकेट आइकॉन हैं जिनकी पूरी दुनिया में पहचान है। वे खेल के दौरान जैसी भी स्थिति हो उसके अनुसार अपने बैटिंग रणनीति को बदल लेने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन से एक अलग ही प्रतिष्ठा अर्जित की है। विश्व कप में ढेर सारी यात्राओं और लगातार बदलती जगहों के कारण अच्छी नींद लेने में बाधा आती है, इसलिए विराट ने Duroflex से अनुरोध किया है कि इन सभी अलग-अलग जगहों पर उनके लिए एक जैसी नींद सुनिश्चित करने में उनकी मदद करें। विराट फिटनेस और सेहत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं, एक और चीज जिसका वह अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए ध्यान रखते हैं- वह है 8 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद। विश्व कप चल रहा है और विराट उसकी तैयारी में जुटे हुए हैं, इसलिए उनकी पहली प्राथमिकता है-




गहरी, तरोताजा करने वाली नींद। Duroflex, भारत के सबसे बड़े स्लीप सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाले हैं। हम अपने ब्रांड एम्बेस्डर विराट कोहली को हर उस शहर में बैक मैजिक मैट्रेस उपलब्ध कराने में सहयोग कर रहे हैं, जहां वह रहते हैं, चाहे वह मैच के लिए हो या अभ्यास के लिए। उच्च-प्रदर्शन वाली जीवनशैली के लिए डिज़ाइन किया गया, इसका 5-ज़ोन पूरे शरीर को सहारा देकर मांसपेशियों को आराम देने में मदद करता है और इस समय चल रहे आईसीसी विश्व कप के दौरान ताजगी से भर देने वाली नींद की गारंटी देने के लिए उनकी पीठ को सहारा देता है। विराट की पसंद बैक मैजिक (फर्म मैट्रेस) Duroflex की ड्यूरोपेथिक रेंज के सबसे ज्यादा बिकने वाले मैट्रेस में से एक है। इस अवसर पर बोलते हुए, Duroflex के सीईओ मोहनराज जगन्निवासन ने कहा, विश्व कप से पूरे देश में उत्तेजना की लहर दौड़ जाती है, क्योंकि पूरा देश उस टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए एक हो जाता है जो अपना बेहतरीन देने के लिए अपना पूरा जोर लगा रही है। विराट के अनुरोध के जवाब में, हमें यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने में खुशी हो रही है कि इस हाई-ऑक्टेन टूर्नामेंट के दौरान हर शहर में उनके पास उनका भरोसेमंद Duroflex मैट्रेस हो। हमारी जिम्मेदारी उनके लिए बढ़िया, ऊर्जावान नींद की व्यवस्था करना है ताकि उनको मैदान पर अपने प्रदर्शन को मौके के अनुसार ढालने में मदद मिले। हम उनकी विश्व कप तैयारी का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहे हैं और एक सफल टूर्नामेंट के लिए टीम को अपनी शुभकामनाएं देते हैं।

पूरा देश विराट कोहली और टीम इंडिया के पीछे खड़ा है, Duroflex उनको भारी सफलता की शुभकामना देता है, साथ में एक अच्छी सेहतमंद नींद की भी कामना करता है।

# वोटर हेल्पलाइन कॉल सेंटर का डीएम ने किया उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा जनपद निर्वाचन कार्यालय स्थित वोटर हेल्पलाइन कॉल सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के दृष्टिगत विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची तथा पहचान पत्र से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायतें 05564-1950 पर कॉल करके दर्ज कराई जा सकती हैं, तथा दर्ज शिकायत पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 27 अक्टूबर 2023 से 9 दिसंबर 2023 तक विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान 2024 चलाया जाएगा जिसमें बीएलओ द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके युवक युवतियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मृतक का मतदाताओं का नाम सूची से हटाने, तथा मतदाताओं के नाम में किसी भी प्रकार की त्रुटि का सुधार एवं विस्थापित मतदाताओं का नाम वर्तमान निवास के आधार पर शिफ्ट करने संबंधित विभिन्न कार्यवाहियाँ की जाएंगी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराये जाने का कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 27.10.2023 को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया जायेगा। दावे और आपत्ति प्राप्त करने की अवधि दिनांक 27.10.2023 से 09. 12.2023 तक निर्धारित है। इस अवधि में दिनांक 04 व 05 नवम्बर 2023, 25 व 26 नवम्बर, 2023 तथा 02 व 03 दिसम्बर, 2023 को तथा दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण 26 दिसंबर को अभियान तिथियां निर्धारित है। मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 05.01.2024 को किया जायेगा। भावी मतदाताओं के साथ-साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण - 2024 का पूर्ण लाभ वर्तमान मतदाताओं को प्राप्त हो, इसके लिए आवश्यक है कि वर्तमान मतदाता, मतदाता सूची में ससमय अपना नाम चेक कर लें तथा तदानुसार अग्रिम अपेक्षित कार्यवाही करें।

## दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन आज

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जनपद में दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन कल शरद पूर्णिमा को हो रहा है। शनिवार को शरद पूर्णिमा के दिन दुर्गा प्रतिमाएं विभिन्न घाटों पर विसर्जित की जाएगी। जिसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। शारदीय नवरात्र से प्रारंभ होकर शरद पूर्णिमा तक चलने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव में जगह-जगह नगर और ग्रामीण अंचल में दुर्गा पूजा पंडाल सजाए गए 15 दिनों तक यह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कल शनिवार को दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन होगा दुर्गा प्रतिमाएं बड़े ही सम्मान के साथ गाजे बाजे के बीच विसर्जित की जाएगी। विसर्जन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बार शरद पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण लगने के कारण दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन ग्रहण काल में नहीं होगा। रामघाट ठेंगहा विकास समिति के अध्यक्ष अनुपम मिश्र ने कहा कि चंद्र ग्रहण काल में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं होगा ग्रहण के पूर्व दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित कर ली जाएगी या फिर मोक्ष काल के उपरांत दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। उन्होंने बताया कि घाट की साफ सफाई और मेला स्थल की साफ सफाई कर ली गई है विसर्जन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।समिति के प्रबंधक करुणेश चंद्र मिश्र सहित तमाम पदाधिकारी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर तल्लीन दिखाई दिए। वहीं मालती नदी पर महाराजपुर में भी विसर्जन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।विकासखंड भादर और मुसाफिरखाना स्थित गोमती नदी के तट पर विसर्जन स्थल को लेकर तैयारियां पूरी की गई है। बाजार शुकुल आदि क्षेत्र में भी दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर लगभग समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है। स्थानीय प्रशासन भी दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर सजग है जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इंतजाम किए जा रहे हैं।

## बाल यौन शोषण पर रोकथाम को कार्यक्रम आयोजित

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में समाधान अभियान की तरफ से बाल यौन शोषण पर रोकथाम के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समाधान की डायरेक्टर श्रीमती सौम्या उपस्थित रहीं। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती शीलम वाजपेयी ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का अभिनंदन करने के बाद समाधान अभियान के उद्देश्य, बच्चों के लिए सुरक्षा चक्र तथा समाधान अभियान की सफलता के बारे में बताया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती सौम्या ने कहा कि बाल यौन शोषण पर रोकथाम बेहद जरूरी है क्योंकि इसका अवसर व्यक्तित्व विकास पर पड़ता है। नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ डीएस अजीथा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में श्वेता अल्बर्ट, शुभम, अनामिका जायसवाल आदि का सक्रिय योगदान रहा।

## ड्रोन आधारित शिक्षा को बढ़ावा देगा महायोगी गोरखनाथ विवि

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** ड्रोन आधारित रोजगारपरक शिक्षा की अत्यधिक मांग को देखते हुए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर ने त्रिपक्षीय समझौता करार (एमओयू) किया है। इस एमओयू के जरिये नौजवानों को रोजगार और किसानों को कृषि से संबंधित गतिविधियों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। शुक्रवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, ड्रोनियर एविएशन प्राइवेट लिमिटेड एवं इंजीनियर अजय कुमार यादव के बीच रिमोट पायलट ट्रेनिंग और इससे संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों के आदान-प्रदान हेतु समझौता करार (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी ने कहा कि ड्रोन आधारित रोज़गारपरक शिक्षा की नित बढ़ती संभावना और पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसकी अनुपलब्धता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा यह कदम उठाया गया है। इस समझौता करार के माध्यम से पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों एवं कृषि से संबंधित नौजवानों को रोजगार का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। समझौता करार होने के दौरान कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव एवं एमओयू समन्वयक समन्वयक डॉ विमल कुमार दूबे आदि भी उपस्थित रहे।

## अमृत कलश यात्रा को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का जिले में भव्य आयोजन हुआ। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने हरी झण्डी दिखाकर अमृत कलश यात्रा को लखनऊ के लिये रवाना किया।

अमृत कलश यात्रा में नेहरू युवा केन्द्र और युवक मंगल दल के 27 युवा स्वयं सेवकों ने अमृत कलश लेकर जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ के नेतृत्व में बस द्वारा प्रस्थान किये। अमृत कलश यात्रा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र आराधना राज ने बताया कि जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जिले में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का ग्राम पंचायतों विकास खण्डों नगर पंचायतों नगर पालिका परिषद तथा जिला मुख्यालय में प्रशासन एवं विकास विभाग के सहयोग से सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। जिले के जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ अधिकारियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग मिला। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रवीणा शुक्ला जिला पर्यटन एवं सूचना अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## कार्यवाही न होने पर सीएम से मिलेगा मस्जिद कमेटी का प्रतिनिधिमंडल

मनव्वर रिज़वी

- सहजनवां की लुचुई मस्जिद का फर्जी रजिस्ट्रेशन का मामला
- बिना जांच किये मस्जिद का दूसरा रजिस्ट्रेशन करने वाले इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**गोरखपुर।** वक्फ बोर्ड के एक इंस्पेक्टर द्वारा एक ही मस्जिद का दोबारा रजिस्ट्रेशन करने के बाद मस्जिद की पहली कमेटी द्वारा मस्जिद में मीटिंग करके वक्फ इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई।

सहजनवां स्थित लूचूई मस्जिद का अभी हाल ही में ताजा मामला सामने आया है। यहाँ एक ही मस्जिद का दो बार वक्फ बोर्ड द्वारा रजिस्ट्रेशन कर दिया है गया। जिसको लेकर पुरानी कमेटी द्वारा वक्फ बोर्ड के कर्मचारी के खिलाफ लिखित शिकायत लखनऊ कार्यालय में दे दिया गया है। मीटिंग में कहा गया कि अगर इस मामले में जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इसकी शिकायत की जाएगी। उक्त बातें कमेटी का संचालन कर रहे जुबेर अहमद ने कहा की जब छह माह पहले वक्फ बोर्ड द्वारा बाकायदा जांचोपरांत मस्जिद का रजिस्ट्रेशन कर दिया गया है तो फिर उसी मस्जिद का दुबारा रजिस्ट्रेशन कैसे हो गया। इसमें कही न कही बोर्ड के कर्मचारी की मिली भगत का मामला है। कमेटी की बैठक में कमेटी के संरक्षक समी अहमद का कहना था की पिछले 20 वर्षों से मस्जिद का देख रेख हम करते चले आ रहे है। 2017 में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी मस्जिदों व धार्मिक स्थानों पर लगे लाउड स्पीकर को लेकर प्रशासन से अनुमति लेने का आदेश दिया गया था। जिसके बाद से हम लोग आपस में बैठक कर मस्जिद का कमेटी चयन किया और वक्फ बोर्ड में रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आवेदन किया गया। जिसके बाद वक्फ बोर्ड ने सार्टिफिकेट भी दे दिया है इसके बाद फिर इसी वक्फ का बोर्ड इंस्पेक्टर द्वारा बिना किसी जांच के दुबारा रजिस्ट्रेशन कर दिया गया। कमेटी का कहना है की अगर जल्द कार्यवाही नहीं हुआ तो कमेटी मजबूर होकर मुख्यमंत्री से मिलकर उक्त वक्फ़ इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्यवाही और तथाकथित नई कमेटी के खिलाफ कार्यवाही की मांग करेगी। इस दौरान प्रबंधक मोहम्मद इस्लाम, शाह आलम, रफीक अहमद, निजामुद्दीन, कासिम अली, सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## ड्रिल कंप्टीशन और जाने साइबर क्राइम से बचने का उपाय

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पिछले 22 अक्टूबर से चल रहे दस दिवसीय सयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-172 भोलाराम इंटर कालेज, सहजनवा में एनसीसी कैडेटो को छठवें दिन कैम्प कैमेंडेंड कर्नल सतीश कवर के नेतृत्व में ड्रिल कंप्टीशन संपन्न हुआ और साथ ही साथ सब इंस्पेक्टर साइबर क्राइम उपेंद्र कुमार सिंह द्वारा साइबर क्राइम से बचने के उपाय संबंधित कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इस अवसर पर सीओ कर्नल सतीश कुमार, एडम ऑफिसर कर्नल नरेन्द्र डागर, सेकेन्ड ऑफिसर अनिल कुमार गुप्ता, सेकेन्ड ऑफिसर भारत सिंह, थर्ड आफिसर सुर्य प्रताप सिह, ले. बंदिता त्रिपाठी, सूबेदार मेजर पवन कुमार, सूबेदार काशी लिम्बू एंव अन्य पी.आई स्टाफ मौजूद रहे।

## ग्रहण काल में नहीं होना चाहिए प्रतिमाओं का विसर्जन

**अमेठी।** श्री कालिका धाम के पीठाधीश्वर श्री महाराज का कहना है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्र ग्रहण लग रहा है जो रात्रि में 1:25 पर प्रारंभ होकर लगभग ढाई बजे तक रहेगा। चंद्र ग्रहण का सूतक 9 घंटे पूर्व प्रारंभ होता है अर्थात अपरान्ह 4:05 से शुरू होगा जो मोक्ष कल तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि में देवालय बंद रहते हैं देव प्रतिमाओं का स्पर्श नहीं किया जाना चाहिए। पूजन पाठ भी निषेध है। ऐसी स्थिति में दुर्गा पूजा के दौरान स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए श्रद्धालु या तो सूतक काल के पूर्व विसर्जित करें या फिर मोक्ष काल के उपरांत प्रतिमाओं का विसर्जन करें। ग्रहण काल के दौरान दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन उचित नहीं होगा। दुर्गा पूजा संचालन समिति के अध्यक्ष सोनू कसौधन ने कहा कि उनके कार्यक्रम में किसी प्रकार की फेर बदल नहीं की गई है उनका प्रयास होगा की नगर की प्रतिमाएं मोक्ष काल के उपरांत ही विसर्जित की जाए। ग्रामीण अंचल की प्रतिमाएं हो सकता है ग्रहण काल के पूर्व विसर्जित कर ली जाएगी।

## कलश यात्रा को किया गया रवाना

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संचालित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त प्रदेश की राजधानी लखनऊ व देश की राजधानी दिल्ली में 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 के मध्य आयोजित कलश यात्रा कार्यक्रम हेतु नेहरू युवा केन्द्र देवरिया (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) व युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग देवरिया से चयनित कुल 33 स्वयंसेवकों को शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नीतीश राय, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, परियोजना निदेशक अनिल सिंह व सहायक अभियंता लघु सिंचाई पंकज राय की उपस्थिति में बस से रवाना किया गया। इसके पूर्व मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के टीम लीडर देवव्रत पाण्डेय व उत्कर्ष मिश्र के नेतृत्व में कलश यात्रा का आयोजन भारत माता की जय, अलग भाषा अलग वेष - मेरी माटी मेरा देश का नारा लगाते हुए विकास भवन से जिलाधिकारी आवास तक किया गया। नोडल अधिकारी नीतीश राय ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम देश की माटी व वीरों का अभिनंदन करने का यह अभियान हम सभी के अंदर देश के प्रति सम्मान, स्वाभिमान एवं अमर वीर बलिदानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि का जज्बा पैदा करता है। उक्त अवसर मेरी माटी मेरा देश के टीम लीडर विकास कुमार यादव व नेहा राव सहित सभी स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

## श्री अन्न से लाभ बताने को हुआ रोड शो

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जनपद में संचालित उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को मिलेट्स श्री अन्न की खेती ज्वार बाजरा रागी कंगनी को दो सांवा चना कुटकी रामदाना एवं कट्टू को बढ़ावा देने श्री अन्न से होने वाले लाभ से संबंधित जनपद स्तरीय रोड शो का आयोजन किया गया। जिसे जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रोड शो में लगभग 560 दो पहिया वाहन एवं तीन प्रचार वाहन के माध्यम से कलेक्ट्रेट गौरीगंज से कृषि भवन ताला तक संपादित कराया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक एलबी यादव ने मिलेट्स के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मिलेट्स को सुपर फूड कहा जाता है क्योंकि इसमें पोषक तत्व अधिक मात्रा में होते हैं यह ज्यादातर ग्लूटेन फ्री होने के साथ-साथ विटामिन एंजाइम और इन सॉल्युबल फाइबर जैसे पोषक तत्व से भरपूर होते हैं इसके साथ ही इसमें बीटा कैरोटीन नियासिन विटामिन बी-6 फोलिक एसिड पोटैशियम मैग्नीशियम जस्ता जैसे खनिज लवण भी काफी मात्रा में पाए जाते हैं। उन्होंने इसकी उपयोगिता के संबंध में बताया कि श्री अन्न मानव स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए वरदान है इनके उपयोग से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है शरीर के सभी अंग में ऑक्सीजन आपूर्ति बढ़ती है मेटाबॉलिज्म ठीक रहता है फाइबर की मात्रा अधिक होने से पाचन में सहायता मिलती है डायबिटीज के मरीजों में ग्लूकोस लेवल बैलेंस बना रहता है ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है मिनरल कि उनमें पर्याप्त मात्रा होने के कारण हार्ट अटैक सर्दी जुकाम से बचाव रहता है श्री अन्न शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकलने में मदद करता है।

## दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** बेसिक परिषदीय विद्यालय इन्दुपुर में आज से प्रारम्भ दो दिवसीय स्व. रणजीत सिंह स्मारक कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह फीता काटने के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। कहा कि कबड्डी हमारे देश की प्राचीनतम खेल है, जिसे शारीरिक क्षमताओं मे विकास होता है तथा खिलाड़ियों में स्फूर्ती भी विकसित होती है। यह हमारे देश की परम्परागत खेल है। उन्होने खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि स्पर्धा हमें आगे बढने के लिए प्रेरित करता है। खेल का शुभारम्भ सीएस मेमोरियल एवं किसान इंटर कालेज बर्दगोनिया की छात्राओं के बीच खेला गया। शुभारम्भ के पूर्व जिलाधिकारी श्री सिंह ने स्व. रणजीत सिंह के प्रतिमा एवं इंदुपुर इंटर कालेज के संस्थापक प्रयागध्वज सिंह के मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया। खेल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, नपा अध्यक्ष अलका सिंह का स्वागत राजेश सिंह श्रीनेत्र, सुखारी सिंह, सीमा सिंह, एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधियों द्वारा अंगवस्त्र, बुके प्रदान कर तथा माला पहनाकर किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली ने जयराम सिंह पटेल, प्रकाश सिंह ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले नौ शिक्षकों को मिलेगा सम्मान कल

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2022-23 में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को कल 29 अक्टूबर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के तत्वाधान में लखनऊ के रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाले समारोह के लिए जनपद से 9 शिक्षकों का चयन हुआ है। जिला स्तर पर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में जिला स्तरीय टीम के विशेष प्रयास से जनपद में कुल 254 सीटों के सापेक्ष 251 सीटों पर बच्चों ने सफलता पाई है। इन सभी छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक बारह हजार रुपए प्रति वर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उक्त जानकारी जनपद के नोडल अधिकारी सत्यजीत द्विवेदी व सुनील सिंह ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि कुशीनगर जनपद से 9 शिक्षकों का चयन किया गया है। जिन्होंने विगत वर्ष राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में अपने विद्यालय से पांच या पांच से अधिक बच्चों का चयन करा कर सराहनीय कार्य किया है। जिसके क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय माधोपुर दुदही से अरविंद दुबे, कंपोजिट विद्यालय मदनपुर सुकरौली, खड्डा से विनय कुमार सिंह, कंपोजिट विद्यालय फर्द मुंडेरा मोतीचक से रामवीर सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुर बुजुर्ग पडरौना से बृजकिशोर कुमार, कंपोजिट विद्यालय दुर्गवलिया पडरौना से दीपक कुमार, कंपोजिट विद्यालय सुमही संतपट्टी सेवरही से रामू कुमार मद्धेशिया, कम्पोजिट विद्यालय बसडीला पांडे तमकुही से कृष्ण गोपाल चतुर्वेदी, उच्च प्राथमिक विद्यालय असना मोतीचक से पंकज कुमार श्रीवास्तव, कंपोजिट विद्यालय भटवलिया बनकट रामकोला से सूर्य प्रताप का चयन किया गया है। जिसमे सर्वाधिक चयन कम्पोजिट विद्यालय दुर्गवलिया से 10 तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय माधोपुर से 10 छात्रों का हुआ है।

## चार दारोगा समेत सात पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**कुशीनगर।** कर्तव्य, लापरवाही व शिथिलता बरतने के आरोप में एसपी धवल जयसवाल ने शुक्रवार की शाम चार दरोगा समेत कुल सात पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। इसमें एक हेड कांस्टेबल व दो पुलिसकर्मी भी शामिल है। एसपी के इस कार्यवाई से लापरवाह पुलिस कर्मियों में एक बार फिर हड़कंप मच गई। एसपी धवल जयसवाल ने प्रेस नोट जारी कर लापरवाह पुलिस कर्मियों का चिट्ठा खोला है। जिन पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है उसमें उप निरीक्षक कैलाश यादव थाना विशुनपुरा, उप निरीक्षक हरिलाल राव थाना विशुनपुरा, उप निरीक्षक आकाश कुमार ग्वाल थाना तुर्कपट्टी, उप निरीक्षक जयराम सिंह थाना अहिरौली, हेड कांस्टेबल सतेंद्र नाथ गिरी थाना हाटा, का. अर्जुन कुमार व राजेश सिंह थाना अहिरौली बाजार को लाइन हाजिर किया गया है। एसपी धवल जयसवाल ने बताया कि पुलिस विभाग में किसी भी स्तर से लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना व पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकता में है।

## 18 करोड़ की लागत से खनुआ नदी पर बन रहा है नया सेतुः सभा कुंवर

अवधनामा संवाददाता

- स्मार्ट विधानसभा की राह पर चल पड़ा है भाटपार रानी
- डबल इंजन की सरकार में भाटपार रानी को लग रहा है विकास का पंख

**भाटपार रानी, देवरिया।** भाटपार रानी- क्षेत्रीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा ने कहा कि खनुआ नदी पर 17.64 करोड़ की लागत से नए सेतु निर्माण की स्वीकृति मिल गई है।उत्तर प्रदेश की पूर्वी क्षेत्र छोर पर स्थित भाटपाररानी विधानसभा केंद्र की मोदी और सूबे की योगी सरकार के नेतृत्व में स्मार्ट विधानसभा का पथिक बन चुका है है। विकास से दूर खड़ा इस विधानसभा को डबल इंजन की सरकार में विकास का पंख लग रहा है। उक्त बातें श्री कुशवाहा शुक्रवार को कस्बे की रतसिया मोड स्थित अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं, उन्होंने कहा कि इस सेतु का निर्माण 1977 में सिंचाई विभाग द्वारा करवाया गया था। जिसका भूमि पूजन तत्कालीन सिंचाई मंत्री शारदा प्रसाद रावत ने किया था।सेतु पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका था। दुर्घटना को दावत दे रहा था। कभी भी किसी बड़े अनहोनी की आशंका को लेकर क्षेत्रीय जनता द्वारा नए सेतु की मांग की जाती रही है।मेरे प्रस्ताव पर शासन द्वारा मिली सुकृति के फल स्वरुप क्षेत्रीय जनता का सपना सरकार हुआ है। श्री कुशवाहा ने कहा कि सड़क-पुल आवागमन के सिर्फ साधन ही नहीं बल्कि विकास का आईना होता है। यह न केवल आवागमन को सहज और सरल बनाता है बल्कि सुदूर इलाकों में बसे लोगों के हितों को भी जोड़ता है। इससे उद्योग, पयर्टन, व्यापार और वाणिज्य को बेहतर परिवहन और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। भाटपार रानी को कनेक्टिविटी के इंफ्रास्ट्रक्चर में बीते तीन साल में तेजी से सुधार हुआ है।

सेतु का निर्माण हो जाने पर सिर्फ यूपी में ही नहीं बल्कि बिहार में भी कनेक्टिविटी तेज होगी। इस सेतु के निर्माण हो जाने पर इस मार्ग पर जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्या का भी समाधान हो सकेगा। जब यहां डबल इंजन की सरकार नहीं थी तो यह क्षेत्र विकास से दूर था। डबल इंजन सरकार में अब बड़ा विकास का अन्तर दिख रहा है।

## सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की भर्तियां ब्लाक स्तर पर तिथियां हुई निर्धारित

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** कंपनी के डिप्टी कमांडेंट बताया कि जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयो में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा।एसआईएस इंडिया लि. भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी। विकास खण्ड मुख्यालयो पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई है। 01 व 02 नवम्बर को लार एव बैतालपुर ब्लॉक में , 03 व 04 नवम्बर को बरहज एव गौरी बाजार ब्लॉक , 05 व 06 नवंबर को भलुअनी एवं बनकटा ब्लॉक, 07 व 08 नवंबर को सलेमपुर एवं देसही देवरिया ब्लाक, 09 और 10 नवंबर को भागलपुर एवं रामपुर कारखाना ब्लाक,14 व 15 नवंबर को भटनी एवं पथरदेवा ब्लाक, 16 व 17 नवंबर को रुद्रपुर एवं तरकुलवा ब्लॉक, 18 व 19 नवंबर को भाटपार रानी एवं देवरिया सदर ब्लॉक में निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया है कि किसी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैं। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने इन शिविरो के सफल आयोजन के लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया गया है कि वे आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे तथा डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओ के अनुरूप अपना सहयोगात्मक योगदान देंगे। डिप्टी कमांडेंट श्री राय ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 21 से 37 के बीच ,वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। उन्होंने इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाको में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 500 रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरवल में स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**लोगों को मिली निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ परिवार नियोजन की सेवाएं**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति जागरूकता एवं समुदाय की भागीदारी बढ़ाने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,जरवल में स्वास्थ्य मेला का आयोजन स्वास्थ्य विभाग एवं उम्मीद परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया।उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले का आकड़ा एनएफएचएस-5 देखने पर पता चलता है कि 37.5 प्रतिशत लडकियों की शादी 18 वर्ष से पहले ही हो जाती है, जबकि राज्य का औसत 15.8 प्रतिशत है। बहराइच में केवल 33.4 प्रतिशत विवाहित महिलाओं (15-49 वर्ष) द्वारा गर्भनिरोधक की आधुनिक पद्दति का उपयोग किया जाता है, जबकि राज्य का औसत 44.5 प्रतिशत है।साथ ही जिले में परिवार नियोजन की अपूरित मांग राज्य के औसत 12.90 प्रतिशत के मुकाबले दोगुने से भी अधिक यानि 27.6 प्रतिशत है। इन संकेतको के कारण नीति आयोग द्वारा इसे आकांक्षी जिलों में से एक के रूप चिन्हित किया गया है, जहाँ परिवार नियोजन एवं सम्बन्धित मुद्दों पर और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जरवल के प्रांगण में एक भव्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बृजेश राठौर, महानिदेशक, परिवार कल्याण,उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर सतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, बहराइच उपस्थित रहें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. बृजेश राठौर, महानिदेशक, परिवार कल्याण ने परिवार नियोजन में युवाओं,पुरुषों एवं नवदम्पत्तियों की भागदारी हेतु प्रोत्साहित करते हुए इनके महत्वपूर्ण भूमिका को सम्बोधित किया। इसी क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी ने समुदाय स्तरीय सेवाप्रदाताओ तथा प्रधानों की भूमिका परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में बताया। डॉ0 कुंवर रीतेश, अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने कहा की इस स्वास्थ्य मेला के माध्यम से 800 से ज्यादा महिलाओं एवं किशोर-किशोरियों को सेवाएँ मिली, कार्यक्रम में परिवार नियोजन सेवाएँ, किशोर स्वास्थ्य सेवाएँ, आई.सी.डी.एस. की सेवाएँ तथा एन.आर.एल.एम कार्यक्रम से लाभान्वित किया गया। साथ ही मोबिअस फाउंडेशन के प्रतिनिधि श्रवण कुमार ने बताया कि आज पर्यावरण में तेजी से बदलाव आ रहा है और संसाधन भी सीमित हो रहे है, इसका उपयोग सही एवं पूर्ण होना आवश्यक है, इसमें संतुलन बनाये रखने के लिए परिवार नियोजन जैसे कार्यक्रमों की मुख्य भूमिका है।इस दौरान उपस्थित अतिथियों के द्वारा स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन फीता काटकर किया गया, इसके साथ ही महानिदेशक तथा सभी अतिथियों द्वारा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दिए जाने वाले परिवार नियोजन परामर्श पुस्तिका का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नवदम्पत्तियों को शगुन किट का वितरण किया गया,साथ की परिवार नियोजन में सराहनीय कार्य करने के लिए सेवाप्रदाताओं एवं लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

### मेंले में विभिन्न विभागों के लगे, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया द्वारा दी गई जानकारियां

स्वास्थ्य मेंले में विभिन्न विभागों के स्टाल के साथ साथ पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया द्वारा परिवार नियोजन व् किशोर स्वास्थ्य के साथ खेलो और जीतो स्टाल के माध्यम से स्वास्थ्य जाँच और जानकारियाँ दी गयी और विजेताओं को उनको गिफ्ट भी दिए गए।लोगों के ध्यान खीचने का मुख्य आकर्षण सेल्फी बूथ ने किया,जहाँ पर महानिदेशक, संयुक्त निदेशक डॉ.अमित एवं डॉ.अश्वनी ने अलग अलग संदेश के साथ फ़ोटो लिया गया इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं और बच्चों तथा किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य जाँच किया गया तथा उम्मीद परियोजना द्वारा मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया।उक्त सम्मेलन में आशा, ए.एन.एम.,प्रधान तथा जनसमुदाय सभी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में परिवार नियोजन साधनों के बारें में बताया गया की सभी स्वास्थ्य केंद्र से निःशुल्क कंडोम, माला-एन,छाया गोली, कॉपर टी एवं अंतरा साधन को अपनाया जा सकता है एवं परिवार पूरा होने पर नसबंदी की सेवा भी प्राप्त की जा सकती है। सभी साधन सुरक्षित है एवं इसके अपने अपने कार्य करने के तरीके है।

### हर महीने में स्वास्थ्य मेला का होता रहेगा आयोजन,दी जाती रहेंगी स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां

जरवल में लगे इस स्वास्थ मेले में शिल्पा नायर, राज्य निदेशक ने बताया कि जरवल ब्लॉक के सभी 121 गाँव में काम करने हेतु मोबिअस फाउंडेशन के सहयोग से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया तथा सेव अ मदर संस्था द्वारा उम्मीद परियोजना के अंतर्गत परिवार नियोजन कार्यक्रम को सहयोग दिया जा रहा है। परियोजना के माध्यम से गृह भ्रमण, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस, समुदायिक बैठक आदि गतिविधियों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है।आने वाले हर महीने में अलग अलग क्षेत्रों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाना जारी रहेगा।कार्यक्रम में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी सरजू खान, मेडिकल ऑफिसर डॉ तबरेज आलम,मोबिअस फाउंडेशन से प्रभात कुमार, बी सी पी एम सोनी जायसवाल, पॉपुलेशन फाउंडेशन से अभिषेक पाठक,बलबीर सिंह,अमितोष एवं सेव अ मदर से मुनीश,बिंदु,संतराम और अवधेश की उपस्थिति रही।

## प्रशिक्षार्थियों को गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करें: डीएम

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति, जिला कार्यकारिणी समिति, जेल कौशल विकास समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में किया गया, जिसमें जिलाधिकारी के द्वारा उ.प्र. कौशल विकास मिशन से आबद्ध निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित लक्ष्य (यू.पी.एस.डी.एम., डी.डी.यू., जी.के.वाई., जेल, जुवेनाइल एवं प्रोजेक्ट प्रवीण) के सापेक्ष प्रगति व प्रशिक्षार्थियों को गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करने तथा सेवायोजन पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में जिला कौशल समिति, जिला कार्यकारिणी समिति, जेल कौशल विकास समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारीएवं समिति के सदस्यगणों के साथ उ.प्र. कौशल विकास मिशन से आबद्ध निजी, राजकीय प्रशिक्षण प्रदाताओं के प्रतिनिधियों व डी.डी.यू., जी.के.वाई. प्रशिक्षण प्रदाताओं के प्रतिनिधियों के साथ जिला समन्वयक विवेक तिवारी, एमआईएस मैनेजर आरिफ खान, कार्यक्रम प्रबंधक राकेश गौतम, कार्यालय सहायक प्रेमचन्द्र प्रजापति, कमलेश सेन इत्यादि के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला समन्वयक विवेक तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

# लोस चुनाव में झंडा बुलंद करेगी सुभासपा

**स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय सचिव नें काटा केक, सभा कर कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** भारतीय सुहेलदेव पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों नें केक काटकर मिठाई बांटी। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव अलका पाण्डेय व राष्ट्रीय प्रवक्ता सुभाष चंद्र यादव नें सभा कर कार्यकर्ताओ में जोश भरा। कहा कि जितनी तेजी से संगठन का विस्तार हो रहा है, वह काबिले तारीफ है। सुभासपा की नीतियों और रीतियों से प्रभावित लोग संगठन में जुड़ रहे हैं। यह अच्छे संकेत हैं। इन्हीं लोगों के बल पर लोस चुनाव में झंडा बुलंद किया जायेगा। इससे पहले नेताओं का कार्यकर्ताओं नें जगह -जगह स्वागत किया। शुक्रवार को भारतीय सुहेलदेव पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।जिले की सीमा से सटे अमेठी के परतोष चौराहे पर जिलाध्यक्ष सतीश मिश्रा के संयोजन में सभा का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अलका पाण्डेय और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुभाष चंद्र यादव नें कार्यकर्ताओं में जोश भरा। कहा कि बीते इक्कीस वर्षों में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर जी की ईमानदारी और मेहनत का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश ही नहीं बिहार समेत कई राज्यों में पार्टी सरकार बनाने और बिगाड़ने की भूमिका निभा रही है। गांव, गरीब, मजलूम की सेवा और उनके हक की लड़ाई ही हमारा उद्देश्य है। नेताओं नें संगठन विस्तार पर विशेष बल दिया। सभा में परशुराम युवा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष तिवारी, सेना के अमेठी जिलाध्यक्ष सतीश पाण्डेय, राहुल अग्रहरि, कल्लू पाठक, हैप्पी दूबे, नारायण राय, शिवम पाठक अमर बहादुर शर्मा समेत सैकड़ो नें सुभासपा का दामन थामा। सभा के उपरांत अमहट, पयागीपुर और विवेक नगर में कार्यकर्ताओं नें अपने नेताओं का जोरदार स्वागत किया। विवेक नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर प्रदेश सचिव संजय दूबे के संयोजकत्व में स्थापना दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। यहां केक काटकर लोगों नें एक दूसरे को मिठाई खिलाई साथ ही लोस चुनाव में मजबूती के साथ संगठन विस्तार की शपथ दिलाई। इस मौके पर पूर्व प्रधान इमरान, इरफ़ान, आमिर खान, सौरभ मिश्रा, प्रधान अंकित गुप्ता, सत्य प्रकाश पाण्डेय, गोलू पाण्डेय, शिवम मिश्र, अंकुर मिश्रा, रामराज वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अंकुरण के शिविर में इंडिया को विश्वकप जीतने की बधाई दें

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** विश्व की अनूठी दुर्गा पूजा में अलग अलग थीम पर बने पंडाल व देवी के विभिन्न रूप जहाँ लोगों का मन मोह रहे है। सबसे बड़ा आकर्षण अंकुरण फाउंडेशन का मुफ्त चिकित्सा शिविर बना है जहाँ भारत की क्रिकेट टीम को विश्वकप जीतने की बधाई देने वाला सेल्फी स्टैंड लगा है।

नगर में बस स्टेशन के पास स्थित आज़ाद पार्क का फ़ौवारा रंग विरंगी लाइट के साथ चल रहा है जहाँ दूर दराज से आये मेलार्थी फोटो खींच रहे है। उसी पार्क में भारतीय टीम के खिलाड़ियों की फोटो लगी व विश्वकप जीतने की बधाई देने वाली इबारत लिखी है. इसके साथ सेल्फी लेने वालों की कतार रहती है। निःशुल्क शिविर में जिले के नामी चिकित्सक मेलार्थियों की बीमार देखते है और मुफ्त दवा भी दी जाती है। अंकुरण फाउंडेशन ने सर्वाधिक रक्तदान, लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार,कपड़ा वितरण विक्षिप्त लोगों की घर वापसी आदि कार्यों से प्रदेश ही नहीं पूरे देश में नाम कमाया है।

# एसपी ने चलाया अभियान,चोरी की योजना बनाते हुए दो गिरफ्तार

**मुखबिर की सूचना पर मोतीपुर पुलिस को मिली कामयाबी**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में आज पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा द्वारा अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा राहुल पाण्डेय के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम जुर्म जरायम को रोकने हेतु प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कर्बला मोतीपुर के पास से दो लोगों को चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया उल्लेखनीय है कि उ0नि0राघवेन्द्र सिंह मय हमराही कर्मचारीगण देखभाल और क्षेत्र में चेकिंग करके संदिग्ध व्यक्तियों की जांच पड़ताल कर रहे थे कि तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कर्बला मोतीपुर के पास में सीएचसी के बगल शेखबाबू पुत्र सुकरूल्ला और मुमताज खाँ पुत्र सोहराब खाँ निवासी चिकमण्डी कस्बा मिहींपुरवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच चोरी करने की योजना बना रहे है। पुलिस द्वारा इस सूचना के आधार पर इनलोगों को हिरासत में लिया गया। जिसपर मौके से इनके पास से एक अदद सरिया, चाबी का गुच्छा पिलास हथौड़ी व टूटा हुआ ताला व दोनो के पास से एक एक अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के बाद विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तगण को न्यायालय रवाना किया गया।इस टीम में उ0नि0 राघवेन्द्र सिंह हे0कां0 प्रमोद कुमार सिंह कां0 अजय कुमार शुक्ला और का0 लवकुश कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# कस्तूरबा की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मिर्चवारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की बालिकाओं से बात की उनको मिल रही सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। बुंदेलखंड की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के चरित्र से प्रेरणा लेकर राष्ट्रप्रथम की सोच कि केंद्र आधारित शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को उज्जवल बनाने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर विद्यालय की वार्डन अंजली यादव एवं अन्य स्टाफ से भी उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की शिक्षक विधायक ने संबंधित अधिकारियों को आवासीय विद्यालय में पाई गई निम्न कर्मियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आवासीय विद्यालय में जनरेटर का उपयोग नहीं किया जा रहा है। कक्षा कक्षों में इनवर्टर से सप्लाई नहीं है। विद्यालय में फर्नीचर की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है। बच्चियों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं यथा गद्दे, चादर, टूथपेस्ट, साबुन, तेल आदि की गुणवत्ता ठीक नही थी। बच्चियों को वितरित किए जाने वाला पौष्टिक आहार भी गुणवत्तापूर्ण नहीं है।

उन्होंने सर्दी से पूर्व कक्षा कक्षों की खिड़कियों की मरम्मत, दरवाजो के उचित रखरखाव एवं गुणवत्ता पूर्ण दैनिक उपयोग की सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने व स्टाफ को दिवाली से पूर्व वेतन उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए साथ ही बच्चों को अभी तक पुस्तके भी उपलब्ध नहीं कराई गई। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए शिक्षक विधायक ने इस संबंध में अपनी निरीक्षण आख्या जिला अधिकारी एवं राज्य परियोजना निदेशक को भेज दी है।

# दरवाजे पर आने वाले किन्नर का करें सम्मान: महामंडलेश्वर

**जिले की ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव में हुई शामिल**

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिले का ऐतिहासिक दुर्गापूजा महोत्सव में उज्जैन पीठ के किन्नर अखाड़ा/पंचदशनाम जूना अखाड़ा की महामंडलेश्वर मां पवित्र नंद गिरी ने कहा कि जो भी किन्नर दरवाजे आते हैं, आप उनका सम्मान करिए। वो भी और हम भी आप के ही बच्चे हैं। यहां पर किन्नर कौन कैसे पैदा होता है ये कोई नहीं जानता है। एक किन्नर से उनका आशीर्वाद लीजिए।आपको बताते चलें कि किन्नर अखाड़ा उज्जैन पीठ पंचदशनाम जूना अखाड़ा की महामंडलेश्वर मां पवित्र नंद गिरी ने नगर के ठठेरी बाजार, शाहगंज में बड़ी दुर्गा पंडाल पर आरती में समाजसेविका भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय के साथ शामिल हुई। उन्होंने कहा सारी दुर्गा मईया मेरे आसपास खड़ी हैं। इससे बड़ा कोई और दरबार नहीं है। उन्होंने कहा मां बड़ी दुर्गा का जो दर्शन है वह मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। मैं पहली बार जिले में आई हूं। हम किन्नरों का आशीर्वाद तो सबके लिए है। मुझे पहले मालूम नहीं था नहीं तो पहले ही यहां आती। जैसे ही मुझे जानकारी हुई मुझे लगा कि यहां आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो पूरे देश में महामंडलेश्वर होने के नाते जहां लोग मुझे बुलाते हैं हर मंदिर,हर अखाड़े जाती रहती हैं। लेकिन यहां जो माता का जो आशीर्वाद है वह सबके लिए और मेरे लिए सबसे बड़ा सौभाग्य है। माता रानी से प्रार्थना करती हूं कि सभी जनपद,देश वासियों पर माता जी की आशीर्वाद कृपा बनी रहे। उन्होंने कहा कि देश वासियों से संदेश है और हमारे किन्नर समाज के लिए जो भी अपने गलियों, अपने दरवाजे आते हैं उनको मान सम्मान दीजिए। किन्नर समाज से आशीर्वाद लीजिए अपने परिवार को खुश व शांति लीजिए,सभी देश वासियों ने अभी जो नवरात्र का पर्व बड़ी श्रद्धा अच्छे से मनाया है। माता रानी की कृपा सब पर सदैव बनी रहे।

# राम लक्ष्मण, हनुमानजी और शिव का उड़ाया मखौल

अवधनामा संवाददाता

**दूबेपुर,सुल्तानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का सुल्तानपुर के नौकरशाह और सत्ताधारी दल भाजपा के पदाधिकारियो ने जमकर मजाक उड़ाया। शुक्रवार को दुबेपुर ब्लॉक पर आयोजित कलश यात्रा विदाई समारोह में प्रतीकात्मक भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान जी और भगवान शिव को अधिकारियों ने अपनी कुर्सियों के पीछे खड़ा कर दिया। वह पीठ की तरफ खड़े होकर अफसरों और नेताओं को आशीर्वाद देने को? मजबूर दिखे। यह माहौल कार्यक्रम के दौरान चर्चा का विषय बना रहा। बाल रूप भगवान का सम्मान करना भी जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना, एसपी सोमेन वर्मा, जिला अध्यक्ष आरए वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह, ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी अजय पांडेय समेत अन्य पार्टी के पदाधिकारी ने मुनासिब नहीं समझा।कार्यक्रम स्थल के पास मौजूद लोग चर्चा करते हुए देखे गए,उनका कहना था कि भाजपा नेता भगवान का इस्तेमाल केवल वोट लेने के लिए ही करते हैं।

# पं.दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी पर आयोजित होंगी खेल प्रतियोगितायें

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** वर्ष 2023-24 में पं0 दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर खेल निदेशालय,उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में विगत वर्ष की भांति जिला खेल कार्यालय, ललितपुर के तत्वाधान में जिला स्तरीय जूनियर बैडमिन्टन, एथलेटिक्स व तीरंदाजी (बालक/बालिका) एवं जूनियर क्रिकेट (बालक) प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम पर निर्धारित तिथियों में किया जा रहा है। खिलाडियों की आयु 31 दिसम्बर 2023 को 18 वर्ष से कम होनी अनिवार्य है, भाग लेने के पात्र होगें। खिलाडियों को जन्मतिथि प्रमाण-पत्र अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से प्रमाणित कराकर, टीम की प्रविष्टि साथ में लाना अनिवार्य है। जिला स्तरीय जूनियर बैडमिन्टन प्रतियोगिता बालक/बालिका अण्डर-18 जो कि 31 दिसम्बर 2023 को आयोजित किया जायेगा। जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता, जिला स्तरीय जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता, जिला स्तरीय जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता बालक, प्रतियोगिता उपरान्त विजेता/ उपविजेता खिलाडियों को मुख्य अतिथि के कर-कमलों द्वारा पुरस्कार स्वरूप नगद धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में प्रवेश निशुल्क हैं तथा अन्य आवश्यक निर्देश दिये गये हैं, जिसमें प्रतियोगिता में केवल जिले के स्कूली, कॉलेज के बालक-बालिका खिलाड़ी ही भाग लेगें। खिलाडियों की आयु 31 दिसम्बर 2023 को 18 वर्ष से कम होनी अनिवार्य है, भाग लेने के पात्र होगें। टीमों, खिलाडियों की प्रविष्टि विद्यालय द्वारा निर्गत पत्र पर ही मान्य होगी, जिस पर खिलाडियों की जन्मतिथि व सीरियल नम्बर अवश्य रूप से अंकित हो। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इवेन्ट्स इस प्रकार है (बालक-बालिका) 100 मी. रेस, 400 मी. रेस, 800 मी. रेस, लम्बी कूद, ऊंची कूद, वॉक रेस, जेवलिन थ्रो व शॉटपुट थ्रो। क्रिकेट प्रतियोगिता नॉक-आउट के आधार पर आयोजित की जाएगी। प्रत्येक टीम/खिलाड़ी को खेल किट (जैसे-टीशर्ट, स्पोर्ट्स लोवर, स्पोर्ट्स शूज, कैप) में आना अनिवार्य है। अतएव जनपद के विद्यालय/कॉलेजों के प्रधानाचार्यो/ प्रधानाचार्याओं से आह्वान किया गया है कि अपने विद्यालय के खेलवार उत्कृष्ट टीमों को उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग लेने हेतु जन्मतिथि सहित टीम की प्रविष्टि, 01 नवम्बर 2023 तक अनिवार्य रूप से जिला खेल कार्यालय, स्पोर्ट्स स्टेडियम पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली टीमों किसी भी प्रकार का खेल विभाग द्वारा दैनिक भत्ता, मार्ग व्यय इत्यादि अनुमन्य नहीं है।

## क्लीनिक में महिला कर्मचारी ने लगाई फांसी

**सुलतानपुर।** नगर के गभडिया स्थित डा0मकसूद सरदार के नर्सिंग होम के पैथलोजी यूनिट में वहीं की सफाई कर्मी युवती ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया।गभडिया मोहल्ले की रहने वाली अचल ने पैथोलॉजी यूनिट में फांसी लगा लिया।सफाई कर्मचारी के फांसी के फंदे से झूलने की घटना से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के गभड़िया चौकी के निकट स्थित सरदार नर्सिंग होम से जुड़ा मामला बताया जा रहा है।

# किसानों से रिश्वत ले रहे शहजाद अली रंगे हाथों पकड़े गये

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सजनाम बांध डूब क्षेत्र की जमीन का पंच वर्षीय नवीनीकरण कराने के लिए सिंचाई विभाग में तैनात जिलेदार अवैध वसूली कर रहा था। रुपयों की बढ़ी भूख ने जिलेदार को जेल का रास्ता दिखा दिया। किसान से रिश्वत में दस हजार रुपये लेते हुये एण्टी करप्शन टीम ने जिलेदार को रंगे हाथों दबोच लिया। हालांकि इस प्रकरण में शामिल बताया जा रहा जिलेदार के ड्राईवर को भी हिरासत में लिया गया है। मामले को लेकर गौरतलब है कि बांध निर्माण के बाद डूब क्षेत्र की जमीन पर पट्टे लेकर उस पर किसान खेती कर अपना व परिवार का भरण पोषण करते हैं। ऐसे में किसान को प्रत्येक पांच वर्ष में सम्बन्धित विभाग से पट्टे की जमीन का पट्टा नवीनीकरण कराना होता है। इसी प्रकार डूब क्षेत्र की जमीन के पट्टे का नवीनीकरण कराने के लिए जब किसान सिंचाई विभाग पहुंचा तो सम्बन्धित क्षेत्र के जिलेदार शहजाद अली पुत्र स्व.रहमत अली द्वारा अवैध तरीके से सुविधा शुल्क दिये जाने की मांग रखी गयी थी। जिस पर किसान द्वारा दस हजार रुपये पहले दिये जा चुके थे, लेकिन नवीनीकरण पूर्ण कराने के नाम पर बीस हजार रुपये और

मांगे गये थे। जिस पर किसान द्वारा एण्टी करप्शन टीम को सूचित किया गया और टीम ने पूरा जाल बिछाकर शुक्रवार को शहजाद अली को रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि तहसील पाली अंतर्गत ग्राम इमलिया निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. रघुवीर सिंह ने एण्टी करप्शन टीम को भेजे शिकायती पत्र में बताया था कि उसकी भूमि डूब क्षेत्र में आ जाने पर सरकार द्वारा अधिग्रहीत कर ली गई थी, जिस पर पूर्व में शिकायत कर्ता के नाम से पहरे किये गये थे (परिवार भरण पोषण हेतु)। पहरे की म्याद समाप्त हो गई थी, जिसे फिर से पट्टा नवीनीकरण नाम पर सिंचाई विभाग में तैनात जिलेदार शहजाद अली द्वारा 20 हजार रूपये की मांग की गई थी। बताया कि जिलेदार शहजाद अली द्वारा प्रथम किस्त के रूप में 10 हजार रूपये 27 अक्टूबर 23 को और शेष रुपये पट्टे के बाद में देना तरह हुआ था। बताया गया है कि किसान ने अपनी शिकायत क्ष.नि.सं. झांसी मण्डल में की गयी थी, जिस पर टीम ने कार्यालय के बाहर पूरा जाल बिछाकर पूर्वाह्न करीब 11.40 बजे शहजाद अली को रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह भी बताया जा रहा है कि जिलेदार शहजाद अली द्वारा 150 रुपये प्रतिदिन के हिसाबि से महेश कुमार पुत्र स्व.रामरतन को रखे हुये था, जिसके जरिए जिलेदार रुपयों का लेन-देन करता था। उसे भी टीम द्वारा हिरासत में ले लिया गया है। हिरासत में लेने के बाद दोनों को टीम द्वारा कोतवाली लाया गया, जहां कागजी कार्यवाही पूरी की गयी।

**सूचना**

मैं मोहम्मद अब्बास (Mohd Abbas) पुत्र रजा अब्बास नि0-मो0 शेख सरांय पुराना सीतापुर तह0 व जिला-सीतापुर का हूँ। मेरे पिता का नाम पुराने पासपोर्ट पर मोहम्मद अब्बास पुत्र रजा अब्बास रिजवी अंकित है जो कि गलत है। यह कि मेरे पिता का सही नाम रजा अब्बास है, जोकि सहीं है अतः मेरे पिता को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**मोहम्मद अब्बास**

नि0-मो0 शेख सरांय पुराना सीतापुर तह0 व जिला-सीतापुर

# विद्यालयों के किए ताबड़तोड़ निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय के निर्देश पर एसडीएम सदर ,एसडीएम मौदहा, एसडीएम सरीला एवं एसडीएम राठ ने अपने अपने क्षेत्र में स्थित विभिन्न कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों एवं अन्य प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस क्रम में एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुरारा एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुछेछा का निरीक्षण किया ,जहां लेखाकार नीरज कुमार अनुपस्थित पाए गए ,जिसके संबंध में उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में कर्मचारियों एवं छात्राओं की उपस्थिति देखी तथा अनुपस्थित छात्राओं के अभिभावकों से संपर्क स्थापित कर विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने रसोई का निरीक्षण किया तथा मिड डे मील की भी स्थिति देखी। उन्होंने शौचालय एवं बाथरूम का भी निरीक्षण कर वहां की साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पेयजल की स्थिति देखी जहां आरओ का कनेक्शन पाया गया। साफ सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया जोकि संतोषजनक पाई गई। इस मौके पर उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय कुछेछा एवं प्राथमिक विद्यालय कुरारा का भी निरीक्षण किया। एसडीएम राठ विपिन कुमार शिवहरे ने प्राथमिक विद्यालय सैना , गोहांड का तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राठ एवं आचार्य नरेंद्र देव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राठ का निरीक्षण किया तथा वहां के पठन-पाठन आदि की स्थिति, छात्रों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति देखी। मिड डे मील का मुआयना किया जहां मीनू के अनुसार मिड डे मील बनता पाया गया। सरीला एसडीएम सुरेंद्र कुमार यादव ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जरिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय ममना, मसीदान एवं प्राथमिक विद्यालय बीलपुर का निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। मौदहा एसडीएम राजेश मिश्रा ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मौदहा एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मुस्करा ,बसवारी का निरीक्षण किया। इन सभी निरीक्षणों की रिपोर्ट समस्त एसडीएम ने जिलाधिकारी को सौंपी है। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## जहरीला पदार्थ खा कर अज्ञात कारणों के चलते महिला ने जान दी

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के चिल्ला कस्बे के नीरज की पत्नी 19 वर्षीय वर्षा पत्नी नीरज ने अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार रात को घर के अंदर जहरीला पदार्थ खा कर जान दे दिया।खबर पाकर पहुंची चिल्ला थाना प्रभारी मोनी निषाद तथा उनके सहयोगियों ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।मृतका की पति ने बताया कि उसकी तीन माह पहले ही शादी हुई थी।जहरीला पदार्थ खाने का कारण नहीं बता पाए पति नीरज।वही नीरज के पिता शिवदर्सन पहले दरोगा थे फिर 2006 में बर्खास्त कर दिए गए थे अब लखनऊ में मजदूरी करते हैं। शिवदर्सन के 2 लड़के है (1) राजू उम्र 35 वर्ष वो चिल्ला में ही मजदूरी करता है( 2) नीरज उम्र 25 वर्ष ये भी चिल्ला में ही रहकर मजदूरी करता है। मृतिका के

# नौवे दिन रावण वध के साथ हिण्डाल्को रामलीला का सफल समापन

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** श्री रामलीला परिषद हिंडालको द्वारा नौवे दिन की रामलीला का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र नवीन पाठक व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती श्वेता पाठक द्वारा गणेश जी की पूजा- अर्चना कर किया गया। इस दौरान उनके साथ विशिष्ट अतिथि आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती स्मिता साही, एचपीएस यूनिट -2 की प्रधानाचार्या ऋतु भारद्वाज भी मौजूद रहीं। नौवे दिन की रामलीला के कुछ प्रमुख दृश्य इस प्रकार थे कि रावण के भाई कुम्भकर्ण ने राम की सेना के साथ घमासान युद्ध किया तथा श्रीराम द्वारा उसका वध किया गया। मेघनाद निकुम्भला देवी की पूजा करके वरदान प्राप्त करना चाहता था लेकिन लक्ष्मण व हनुमान ने मिलकर उसे विफल कर दिया और युद्ध के लिए ललकारा। मेघनाद ने भी गर्जन करते हुये घोर युद्ध किया तथा ब्रम्हांड की तीनों अमोघ शक्ति ब्रम्हास्त्र, पासुपस्त्र, सुदर्शन चक्र का लक्ष्मण के ऊपर प्रहार किया लेकिन तीनों अस्त्र लक्ष्मण की प्रदक्षिणा करके लुप्त हो गये, इससे मेघनाद को विश्वास हुआ की राम व लक्ष्मण कोई साधारण पुरुष नही हैं। साक्षात विष्णु के अवतार हैं। मेघनाद ने युद्ध से जाकर रावण को समझाया, लेकिन रावण नही माना, पुनः घोर युद्ध करते हुऐ मेघनाद का वधः भी लक्ष्मण द्वारा हुआ। अंतिम में रावण ने अपनी सम्पूर्ण शक्तियों के साथ युद्ध भूमि में प्रवेश किया, राम ने अग्निबाण चला कर करके रावण का अंत करके, बुराई का अंत कर दिया। रामलीला मंचन के पूर्व नवीन पाठक ने अपने उद्बोधन में रामलीला के कलाकारों का उत्साहवर्धन किया एवं ही हिण्डाल्को रामलीला मंचन की भूरी- भूरी प्रशंशा की। अवसर पर रामलीला के अध्यक्ष पी के उपाध्याय, निर्देशक सुनील परवाल, कोषाध्यक्ष पद्माकर मिश्रा, सचिव आदित्य प्रकाश पांडेय, सह-निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखवात व रामलीला के अन्य पदाधिकारी व वरिष्ठ कलाकार उपस्थित रहे।

# एनसीएल ने कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए लॉन्च किया वर्चुअल रियलिटी प्रशिक्षण मॉड्यूल

- खाद्यानों में संचालित शोवेल-डंपर से उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने हेतु भी हुआ मंथन

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने गुरुवार को अपने केंद्रीय उत्खनन प्रशिक्षण संस्थान (सीईटीआई) में वर्चुअल रियलिटी (वीआर) प्रशिक्षण मॉड्यूल लॉन्च करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह कोयला उद्योग में अपनी तरह की अनोखी पहल है। इस अवसर पर खादानों में संचालित शोवेल-डंपर से उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने हेतु भी एक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक भोला सिंह, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) एस पी सिंह, आईआईटी (आईएसएम) से प्रोफेसर एस एस राय, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए सीएमडी भोला सिंह ने कहा कि एनसीएल में असीमित क्षमताएं हैं, जिसके बदौलत हमने कई मुकाम हासिल किए हैं। हमें निरंतर बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा व बढ़ते हुए लक्ष्यों को हासिल करने हेतु अपनी उत्पादकता में वृद्धि करनी होगी। वर्चुअल रियलिटी (वीआर) प्रशिक्षण मॉड्यूल के परिपेक्ष में सीएमडी एनसीएल ने वीआर के उपयोग से अधिक से अधिक कर्मियों विशेषकर नव नियुक्त कर्मियों के प्रशिक्षण हेतु आह्वान किया। साथ ही कहा कि बेहतर प्रशिक्षण से खदान में कार्यरत भारी व महंगी मशीनों का सुरक्षित व समुचित उपयोग सुनिश्चित होता है। एनसीएल में 100-टन डम्पर के 777-ई मॉडल के संबंध में मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) आदि से संबन्धित प्रशिक्षण के लिए वर्चुअल रियलिटी (वीआर) मॉड्यूल का उपयोग किया जाएगा। वीआर के द्वारा प्रशिक्षण से न केवल एनसीएल की खदानों सुरक्षित बनेंगी बल्कि कर्मियों को वास्तविक खदान क्षेत्र में कार्य करने से पहले आवश्यक कौशल व जानकारी उपलब्ध होगी। जिससे मशीन के उत्पादक समय की बचत होगी और कम लागत व जोखिम के साथ कर्मी बेसिक व महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

# जिरही माता मन्दिर में राज्यमंत्री द्वारा किया गया दर्शन-पूजन

**मृतक बीजेपी बूथ अध्यक्ष प्रेमशंकर खरवार के परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया**

- जिरही माता मंदिर परिसर में उपस्थित ग्रामीणों की सुनी समस्या
- ग्रामीणों द्वारा बतायी गयी समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये निर्देश
- जिरही देवी माता मंदिर के विकास की कही बात
- माध्यमिक विद्यालय में ड्रेस के लिए खाते में आ रही योजनाओं के बारे में स्कूली बच्चों से पूछा

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उत्तर प्रदेश रवीन्द्र जायसवाल, सांसद रामशकल, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने जिरही माता मंदिर में दूर्शन-पूजन किया, दर्शन पूजन के उपरान्त मंत्री ने जुगैल ग्राम सभा के ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनके समस्याओं को बड़े ही सरल भाव सुने, इस दौरान ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन अभियान के अन्तर्गत पाईप लाईन बिछाने हेतु जो गढ्ढे खोदे गये हैं, मिट्टी बिना समतल किये ही छोड़ दिया गया है, जिससे सड़क के मरम्मत का कार्य समय से न किये जाने से लोगों को आवागमन में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है, जिस पर मंत्री ने जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा जो भी पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, इसके लिए गढ्ढे भी खोदे जा रहे हैं, जो भी सड़क पर मिट्टी छितर-बितर की स्थिति में है, के कार्य को पाईप लाइन बिछाने के तत्काल बाद समतल करने का प्रारंभ कर दिया जाये, जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न होने पायें। इस दौरान मंत्री, सांसद राज्य सभा, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा जिरही माता मंदिर में दर्शन-पूजन किया गया, इस दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने जुगैल के जिरही माता मंदिर के पास विवाह मण्डप बनाने की मांग की, जिस पर मंत्री ने कहा कि सांसद निधि के माध्यम से राज्यसभा सांसद रामशकल के सहयोग से मंदिर परिसर के पास विवाह मण्डप की स्थापना का कार्य कराया जाये। इस दौरान मंत्री ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत हर घर को नल से जल का कनेक्शन देने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी लिया और सम्बन्धित अधिकारियों को नल से जल योजना को जल्द से जल्द पूरा कर लोगों को पीने के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए को निर्देशित किया गया, इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री हर संभव प्रयासरत हैं, क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जो ग्रामीणों को पीने के लिए शुद्ध पानी की उपलब्धता के लिए यह कदम उठाये गये हैं, जिसे प्रमुखता के आधार पर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान मंत्री ने अपशिष्ट प्रबन्धन/कूड़ा निस्तारण, सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया, इसके पश्चात मंत्री ने उच्च प्राथमिक विद्यालय जुगैल में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए, इस दौरान मंत्री ने उपस्थित स्कूल के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने खेल के को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है, इसी के मद्देनजर खेलो इण्डिया कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिससे देश के होनहार युवकों/खेल के प्रतिभागियों को एसियार गेम्स में काफी संख्या में पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है, खेल में स्वर्ण पदक जीतने पर सरकार द्वारा प्रतिभागियों को 3 करोड़ की धनराशि देने के साथ ही डिप्टी एस0पी0 पद पर नौकरी देने पर विचार कर रही है।

# सुसाइड नोट लिख प्राविधिक सहायक ने किया सुसाइड का प्रयास

अवधनामा संवाददाता

**चोपन/ सोनभद्र।** बिते गुरूवार की देर शाम उस समय हड़कंप मच गया जब भूमि संरक्षण विभाग के एक कर्मचारी ने अपने अधिकारी के ऊपर जबरिया दबाव बना कर कार्य करवाने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए खुदकुशी का प्रयास किया। वहीं समय रहते साथी कर्मचारियों को इस बात की जानकारी हुई तो सन्न रह गये आनन फानन में जब साथी उसके कमरे में पहुंचे तो दरवाजा बंद था और पीड़ित बेहोशी की हालत में अपने बिस्तर पर पड़ा हुआ था किसी तरह दरवाजा तोड़ कर उसे तत्काल इलाज हेतु लोढ़ी स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर भूमि संरक्षण विभाग के अन्य कर्मियों ने गुरुवार की देर शाम डीएम- एसपी कार्यालय पर पहुंच सुसाइड नोट की कॉपी उसी के साथ शिकायती पत्र सौंपा साथी भूमि संरक्षण अधिकारी पर कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार और उत्पीड़न का आरोप लगाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भूमि संरक्षण विभाग के चोपन स्थित कार्यालय में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ने गुरुवार की देर शाम खुदकुशी की कोशिश कर सनसनी फैला दी आत्महत्या का प्रयास करने के पहले प्राविधिक सहायक ने साथियों को सुसाइड नोट की कॉपी भी मोबाइल की जरिए भेजी। घटना के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी की तरफ से लगातार किए जा रहे उत्पीड़न को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है दूसरी तरफ भूमि संरक्षण विभाग के अन्य कर्मियों ने भी देर रात डीएम और एसपी के कैंप कार्यालय पर पहुंचकर सुसाइड नोट की कॉपी के साथ शिकायती पत्र सौंपा । साथ ही भूमि संरक्षण अधिकारी पर कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार और उत्पीड़न का आरोप लगाया। पत्र में लिखा था इस दुनिया में रहने का हक नहीं टूट गया हूं मूलतः जौनपुर निवासी प्राविधिक सहायक मनीष पाल के कथित वायरल सुसाइड नोट में लिखा है कि उसके कार्यालय के सभी कर्मी अपने कार्य में दक्ष हैं फिर भी भूमि संरक्षण अधिकारी बलजीत बहादुर वर्मा द्वारा किसी के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जाता मुझे भी बार-बार पेमेंट रोकने की धमकी दी जा रही थी बार-बार पेमेंट रोकने की धमकी ने उसे हतोत्साहित कर दिया लिखा मैं आज यह दुनिया छोड़कर जा रहा हूं मुझे अब दुनिया में रहने का कोई हक नहीं मैं टूट चुका हूं मेरी डेड बॉडी मेरे पैतृक गांव बमभावन थाना केराकत जौनपुर भिजवा दीजिएगा। जैसे ही वायरल सुसाइड नोट उसके साथ के कर्मियों को मिला वायरल हो गया कर्मियों के साथ परिचितों में हड़कंप मच गया लोग दौड़ते भागते हुए प्राविधिक सहायक के घर पहुंचे वह गंभीर हालत में पड़ा हुआ देख आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों की तरफ से जहरीले पदार्थ की सेवन की आशंका जताई गई थी वहीं ईलाज के बाद बताया गया कि अब खतरे से बाहर है जोकि इलाज करवा कर अपने घर वापस आ गये है। भूमि संरक्षण अधिकारी पर घर पहुंच कर सुसाईड नोट फाड़ने का आरोप भी लगाया गया।इस बात की जानकारी जैसे ही भूमि संरक्षण विभाग की कर्मियों को हुई नाराजगी जताते हुए जिला अस्पताल धमक पड़े साथी की हालत जानने के बाद सामूहिक रूप से डीएम और एसपी कैंप कार्यालय पहुंचे और सुसाइड नोट की कॉपी के साथ सामूहिक शिकायती पत्र सौंपा मामले में कार्रवाई की मांग की। मोहम्मद इकराम खान, राम रतन सिंह, नितेश कुमार कुशवाहा, राकेश पटेल, विक्रम सिंह, विवेक सिंह, मनीष कुमार ने आरोप लगाया कि मामले की जानकारी जब भूमि संरक्षण अधिकारी को मिली तो वह प्राविधिक सहायक के कमरे पर पहुंचे और सुसाइड नोट फाड़ कर चलते बने।

# बिचौलियों से सावधान रहें पीएम आवास योजना के आवेदकः डूडा अधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** केंद्र सरकार ने जिले के शहरी गरीबों को पक्का मकान मुहैया कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई है। जिसके तहत जनपद के हजारों परिवारों को पक्के आशियाने मुहैया हो चुके हैं जबकि हजारों अन्य परिवार भी उक्त योजना का लाभ हासिल करने की कवायद में जुटे हुए हैं। वहीं मौके का फायदा उठाने के उद्देश्य ऐसे बिचौलिया भी सक्रिय हैं। जो योजना का लाभ दिलाने की आड़ में आवेदकों से रकम ऐंठकर अपनी जेब भर रहे हैं। जिला डूडा अधिकारी राकेश कुमार जैन ने लाभार्थियों से कहा है कि वह ऐसे बिचौलियों से सावधान रहे।

इस तरह का एक मामला शुक्रवार को उस समय आया जब शहर के खुटला रहूनियां मोहल्ले के निवासी दो लाभार्थी डूडा कार्यालय पहुंचे और आरोप लगाया कि उनसे विभाग के एक कर्मचारी ने पीएम आवास योजना की किस्त दिलाने के नाम पर रुपए की मांग की। जब इस बारे में आरोपित कर्मचारी से डूडा अधिकारी में बातचीत की तो उसमें अपने आप को निर्दोष बताया और कहा कि अगर मैंने उनसे कोई पैसा मांगा है तो उसका साक्ष्य दिखाएं। साथ ही यह भी कहा कि उसने लाभार्थी से कहा था कि अगर उसका फाउंडेशन का काम पूरा हो गया है तो बता दें ताकि उसके आवास की जिओ टैगिंग कराई जा सके। इस संबंध में डूडा अधिकारी राकेश कुमार जैन ने बताया कि इन लाभार्थियों द्वारा विभाग के संदीप नामक व्यक्ति पर पैसा मांगने का आरोप लगाया गया था। तब मैंने लाभार्थी का स्टेटस कंप्यूटर में चेक किया जिसमें पाया गया कि एक लाभार्थी को पहली किस्त मिल चुकी है जिसके दूसरी किस्त के लिए जियो टैगिंग भी हो चुकी है और उसके खाते में पैसा भी भेज दिया गया है। जबकि दूसरे लाभार्थी के मकान के फाउंडेशन के बाद जियो टैगिंग होनी है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग लाभार्थियों से इस समय अवैध वसूली कर रहे हैं। ऐसे बिचौलिया जिनका इस विभाग से कोई लेना देना नहीं है। वह लाभार्थियों का आधार कार्ड लेकर उनके यहां पहुंच जाते हैं।

# शहर मे चलेगा 15 दिवसीय मण्डलीय खादी ग्रामोद्योग की बृहद प्रदर्शनी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया है कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 15 दिवसीय मण्डलीय खादी ग्रामोद्योग की बृहद प्रदर्शनी का आयोजन 28 अक्टूबर से 11 नवम्बर, तक जहीर क्लब में किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत उत्कृष्ट स्वदेशी खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों को बढाने के लिए खादी ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार के खादी उत्पादों को प्रदर्शित करने के साथ ही खादी वस्त्रों की बिक्री भी की जायेगी। इस खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ आज सायंकाल जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। वही यह भी बताया है कि खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी भी पोस्टर/ पम्पलेट्स आदि के माध्यम से प्रदान की जायेगी। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि उक्त प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करते हुए इस अवसर का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने बताया है कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विभिन्न स्वेदशी उत्पादों के प्रति जागरूकता लाने एवं उत्कृष्ट स्वदेशी खादी उत्पादों को बढावा देना है। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि इस खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में खादी के द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों एवं सूती, जालौन आदि जनपदों के खादी ग्रामोद्योग से जुड़े उद्यमियों द्वारा खादी के उत्पाद का प्रदर्शन किया जाएगा।

# या गौस अलमदद के नारों से गूंजा शहर

अवधनामा संवाददाता

- शान-ओ-शौकत से निकला जुलूस-ए-गौसिया
- जगह-जगह स्टाल लगाकर जुलूस का हुआ स्वागत

**बांदा।** हजरत सैय्यद अब्दुल कादिर जीलानी सरकार गौसे आजम की याद में शुक्रवार को जुलूस-ए-गौसिया पूरी शान-ओ-शौकत से निकाला गया। जुलूस के दौरान हुई तकरीरों में गौस-ए-आजम की विलादत पर रोशनी डाली गई। शहर के छिपटहरी स्थित दरगाह खानकाह शरीफ से जुलूस रवाना हुआ। मरकजी कमेटी खुद्दामे गौसो ख्वाजा के तत्वावधान में दोपहर बाद सरपरस्त हबीब बाबा व सदर मौलाना शफीकुद्दीन ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस-ए-गौसिया को रवाना किया। मौलाना शफीकुद्दीन ने कहा कि गौसे पाक अब्दुल कादिर जीलानी के बताए व दिखलाए रास्ते पर चलकर हम दुनिया व आखिरत संवार सकते हैं। गौसे आजम अल्लाह के महबूब बंदे व वलियों के सरदार हैं। गौसे पाक जिंदा करामातों में एक करामात थी। लोग उनकी जिंदगी से सबक लें। जुलूस छिपटहरी, मर्दननाका, कुंजरहटी, डीएवी कालेज, पत्थर फोड़, गोल कोठी, सट्टन चौराहा, कसाई मोहल्ला, ईदगाह चौराहा, गूलर नाका, छावनी, सब्जी मंडी होता हुआ वापस खानकाह दरगाह संपन्न हुआ। स्टाल लगाकर जगह जगह लोगों ने मरकज़ी जुलूस का स्वागत किया। जुलूसे गौसिया में खाने काबा के तुगरे, गुम्बदे खजरा, इस्लामी परचम झंडे सहित विभिन्न झाकियां शामिल रहीं। साउंड पर नात शरीफ की धुनें बज रहीं थीं और जुलूस में शामिल लोग भी नात शरीफ पढ़ रहे थे। फातेहाख्वानी व सलातो सलाम हुआ। देश व दुनियां के अमन और शान्ति के लिए दुआ की और यहाँ पर जुलूसे गौसिया सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मरकजी कमेटी सचिव मेराज हशमती, मीडिया प्रभारी सैय्यद इमरान अली, शोएब नियाजी, गौसुल इमरान, अब्दुर्रहमान, फारूक अहमद, नसीब चिश्ती, मोहम्मद अनीस, अहमद उल्ला, मुबश्शर रजा, सैय्यद अख्तर अली, गुल मोहम्मद सहित शहर की कमेटियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अंतर राज्यीय दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच

अवधनामा संवाददाता

**अतर्रा/बांदा।** कस्बे की प्रसिद्ध तीर्थ स्थल में नगर की चेयरमैन संगीता निराला द्वारा अंतर राज्यीय दंगल का आयोजन किया गया जिसमें मध्य प्रदेश राजस्थान हरिद्वार सहित कई राज्यों के पहलवानों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें कस्बे के फैजल गनी ने महाराष्ट्र के पहलवान नकाबपोश को पटकनी देकर ग्यारह हजार का पुरस्कार व शील्ड जीता इसी प्रकार अयोध्या की बाबा भगत दास ने राजस्थान के काला पहलवान को चित कर ग्यारह हजार का पुरस्कार व शील्ड को हथियार दंगल में मध्य प्रदेश हरिद्वार सहित देश के आधा दर्जन राज्यों के पहलवानों ने भागीदारी की।

कस्बे के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम में शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष संगीता निराला द्वारा विशाल दंगल का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों के पहलवानों ने भागीदारी करते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया विजई पहलवानों को पुरस्कार व शील्ड देते हुए नरैनी विधायक ओम मणि वर्मा ने मौजूद क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दंगल में कुश्ती के आयोजन से जहां व्यक्ति का मानसिक विकास होता है वही शारीरिक विकास भी होता है श्री वर्मा ने कहा कि प्राचीन समय से क्षेत्र देश व प्रदेश में कुश्ती हुआ जंगलों का आयोजन होता रहा है इससे एक और जहां शरीर स्वस्थ रहता था वही मानसिक विकास भी होता था जिसको लेकर आगे आने वाले समय में भी ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए उन्होंने नई पीढ़ी से अपील करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी मोबाइल चला रही है और ऐसे आयोजनों से दूर जिसका दुष्परिणाम है कि आज नई पीढ़ी शराब आदि का सेवन कर रही है जिससे आर्थिक व शारीरिक दोनों को नुकसान हो रहा है उन्होंने महिला पहलवान गौरी पांडे का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहे हैं प्रदेश में भी मुख्यमंत्री महिलाओं को आगे लाने के लिए काम जारी है 33ः आरक्षण मोदी ने प्राथमिकता के आधार पर दिया है आज महिलाओं को आगे जाकर हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए दंगल के दौरान मध्य प्रदेश के महिला पहलवान गौरी पांडे सहारनपुर की मोहम्मद अली मथुरा के उमेश पहलवान हरिद्वार के रवि पहलवान सहित दो दर्जन पहलवानों ने कुश्ती के माध्यम से अपने करतब दिखाया विशाल दंगल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मुस्तादी से डटे रहे दंगल में हजारों की संख्या में दर्शन जम रहे और कुश्ती का लुफ्त उठाते रहे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-10-2023-24 |
| कार्य का नाम | ''रिप्लेसमेंट ऑफ ओल्ड ऐज कम ओल्ड स्पेसिफिकेशन ट्रैक फीड चार्जर एंड ट्रैक बैटरी इन दा सेक्शन ऑफ सीनियर डी.एस.टी.ई./प्रथम/लखनऊ ऑफ लखनऊ डिवीजन।'' |
| अनुमानित लागत | रू. 6132553.76 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रू. 122700.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 240 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.11.2023 15.30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र.कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अतंर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सूचना सं. 106–सिग–टेंडर–10/2023–24 दिनांक : 26.10.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

3351/23

# कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग में राष्ट्रीय महासचिव बने अदनान

**इमरान प्रतापगढ़ी को बताया अपना रोल मॉडल**

**नई दिल्ली/लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए अदनान अशरफ को राष्ट्रीय महासचिव कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है और इस संबंध में कांग्रेस पार्टी के संगठन मंत्री और सांसद के सी वेणुगोपाल की ओर से अधिकारिक तौर पर सूची जारी की गई हैं। अदनान अशरफ फिलहाल राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के मीडिया प्रमुख के पद पर काम कर रहे हैं और टीवी चैनलों डिबेट और मीडिया के सम्मुख मजबूती से पार्टी का पक्ष रखते नजर आते हैं और समय समय पर पार्टी की ओर से आयोजित हर धरने प्रदर्शन सभाओं में मौजूद रहने का साथ साथ लगातार कांग्रेस के नौजवान फायरब्रांड राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के साथ कदम से कदम मिलाकर हर जगह साथ नजर आते हैं अदनान अशरफ ने एनएसयूआई,युवा कांग्रेस में रहते हुए उत्तराखंड के प्रभारी के तौर पर अल्मोड़ा मंडल में राहुल गांधी के पायलट प्रोजेक्ट और संगठन के चुनावों में भी अहम भूमिका निभाई थी। अदनान अशरफ को इसी वर्ष कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने चुनाव प्रभारी बनाकर उत्तर कन्नड़ जिला भेजा था और वहां अदनान ने बेहतरीन रणनीति बनाकर भटकल विधानसभा के नाराज़ अल्पसंख्यक मतदाताओं को कांग्रेस पार्टी के पक्ष में लामबंद करते हुए भाजपा के मौजूदा विधायक को हराकर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने में एहम योगदान दिया था इससे पहले राजस्थान, ओडिसा, बिहार, छत्तीसगढ़,झारखंड जैसे राज्यो में भी काम किया है और भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। आपको बता दें कि इसी वर्ष दिल्ली नगर निगम के चुनाव में भी कांग्रेस ने अदनान अशरफ को मीडिया कॉर्डिनेटर जैसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया था। अदनान अशरफ ने अपनी नियुक्ति पर सबसे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे, इमरान प्रतापगढ़ी, राहुल गांधी और के सी वेणुगोपाल का आभार प्रकट किया।

# नागरिकों की सुविधा के लिए दो लिमिटेड हाइट सबवे का कार्य पूरा

**मेमू बहाल न होने से यात्रियों की बढ़ गई है परेशानी**

लखनऊ से कानपुर के बीच कोविड के पहले 11 मेमू ट्रेनें चलती थीं। कोविड के दौरान बंद करने के बाद मेमू को बहाल नहीं किया गया। इससे करीब 50 हजार दैनिक यात्रियों की परेशानी बढ़ गई। इस सवाल पर जीएम ने कहा कि ट्रेनों की बहाली नहीं होगी, क्योंकि रेलवे व्यापार करता है। ऐसे में घाटे वाली ट्रेनों को नहीं चलाया जायेगा।

**छह माह का प्रायोगिक ठहराव बढ़ाया जायेगा**

**लखनऊ।** पश्चिम मध्य रेलवे के विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन पर 19037 व 19038 बांद्रा टर्मिनस बरौनी बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का पूर्व से दिया गया प्रायोगिक ठहराव 9 नवम्बर से 7 मई 2024 तक छह माह का प्रायोगिक ठहराव बढ़ाया जायेगा।

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के जौनपुर जंक्शन, जफराबाद व जौनपुर सिटी रेल खण्ड पर जौनपुर जंक्शन एवं जौनपुर सिटी के मध्य कॉर्ड लाइन का निर्माण का कार्य एवं इस कार्य के अंतर्गत स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए दो लिमिटेड हाइट सब.वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। शनिवार को इस कार्य के निरीक्षण में इस मार्ग में आने वाले समस्त पुलों एवं संरक्षा से जुड़े अन्य कार्यों व उपकरणों का उत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण सुरेश कुमार सपरा ने किया। इस कार्य की कमीशनिंग होने के उपरान्त इस रेल खंड पर गाडियों के संचालन में सुगमता एवं समय तथा ऊर्जा की बचत होगी। इस कॉर्ड लाइन की लम्बाई 1.49 किमी है तथा इस कार्य के होने के बाद तीन जोड़ी मेल व एक्सप्रेस गाडियों एवं औसतन प्रतिदिन पांच मालगाडियों के रिवर्सल में लगने वाले समय एवं मैन.पावर की बचत होगी साथ ही इस कार्य से ऊर्जा संरक्षण भी होगा। इस कार्य को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के आपसी सामंजस्य एवं तालमेल के जरिये बिना किसी अवरोध के निर्धारित समय पर संपन्न किया गया। इस कार्य के सफल संपादन के लिए मंडल रेल प्रबंधक डॉ.मनीष थपल्याल ने इस कार्य से जुड़े विभागों एवं कर्मचारियों की सराहना की।

## रेलगाडियों का संचलन बहाल

**लखनऊ।** जौनपुर व जौनपुर सिटी स्टेशनों के कॉर्ड लाइन का कमीशनिंग कार्य पूरा हो जाने के बाद रेलगाडियों का संचलन बहाल कर दिया गया है। अहमदाबाद से 26 अक्टूबर से चलने वाली 19167 अहमदाबाद वाराणसी सिटी एक्सप्रेस का संचलन पूर्ववत निर्धारित मार्ग से किया जा रहा है। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 27 अक्टूबर से चलने वाली 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस का संचलन पूर्ववत निर्धारित मार्ग से किया जा रहा है। छपरा से 28 अक्टूबर से चलने वाली 11060 छपरा लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का संचलन पूर्ववत निर्धारित मार्ग से किया जायेगा। सूरत से 27 अक्टूबर से चलने वाली 19045 सूरत छपरा एक्सप्रेस का संचलन पूर्ववत निर्धारित मार्ग से किया जा रहा है। बांद्रा टर्मिनस से 27 अक्टूबर से चलने वाली 20941 बांद्रा टर्मिनस गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस का संचलन पूर्ववत निर्धारित मार्ग से किया जा रहा है। आनन्द विहार टर्मिनल से 27 अक्टूबर से चलने वाली 22434 आनन्द विहार टर्मिनल गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस का संचलन पूर्ववत निर्धारित मार्ग से किया जा रहा है। गाजीपुर सिटी से 28 अक्टूबर से चलने वाली 22433 गाजीपुर सिटी आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस का संचलन पूर्ववत निर्धारित मार्ग से किया जायेगा। गाजीपुर सिटी से 27 अक्टूबर से चलने वाली 22419 गाजीपुर सिटी.आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस का संचलन पूर्ववत निर्धारित मार्ग से किया जा रहा है। मऊ से 27 अक्टूबर से चलने वाली 22539 मऊ आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस का संचलन पूर्ववत निर्धारित मार्ग से किया जा रहा है।

## छपरा सूरत एक्सप्रेस का संचलन निर्धारित मार्ग से चलाया जायेगा

**लखनऊ।** मऊ शाहगंज खण्ड के दोहरीकरण एवं आजमगढ़ स्टेशन पर पैदल उपरिगामी पुल के निर्माण कार्य के लिए ब्लाक दिये जाने के कारण पूर्व में 19046 छपरा सूरत एक्सप्रेस का संचलन 28 अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग मऊ, औंड़िहार व जौनपुर के रास्ते किया जाना था मगरु अब इस गाड़ी को छपरा से 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर अपने निर्धारित मार्ग से चलाया जायेगा।

# इस्राईली बर्बरता की मौलाना कल्बे जव्वाद ने की निंदा

**इस्राईली और अमेरिकी उत्पादों के बहिष्कार की अपील**

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में नमाजियों को खिताब करते हुए निर्दोष फिलीस्तीनियों पर इस्राईली बर्बरता की कड़ी निंदा की। मौलाना ने कहा कि लोगों पर बिजली-पानी बन्द करना और गाजा तक पहुंचने वाली मानवीय सहायता के रास्ते में बाधाएं पैदा करना युद्ध नियमों का उल्लंघन है, लेकिन दुनिया इस क्रूरता पर चुप है। मौलाना ने भारत सरकार से इस्राईल और हमास युद्धविराम के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग करते हुए इस्राईली और अमेरिकी उत्पादों के बहिष्कार की अपील की, जिससे इन देशों को आर्थिक तौर पर चोट पहुंचायी जा सके। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि इस्राईल की जंग हमास के साथ है लेकिन बेगुनाह फिलीस्तीनियों पर जुल्म और बर्बरता कर रहा है। इस्राईल की बर्बरता दुनिया देख रही है और दुनिया भर में मजलूम फिलीस्तीनियों के समर्थन में रैलियां निकाल रहे हैं। यहां तक कि यहूदियों ने भी इस्राईली बर्बरता के खिलाफ व्हाइट हाउस के सामने विरोध-प्रदर्शन कर मजलूम फिलीस्तीनियों के साथ एकजुटता प्रदर्शित की। मौलाना ने भारत सरकार की मजलूमों के लिए भेजी मानवीय सहायता के लिए सराहना करते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि देश आज भी मजलूम फिलीस्तीनियों के साथ खड़ा है। सरकार को आगे भी फिलीस्तीन के लिए मानवीय सहायता जारी रखना चाहिए, क्योंकि भारत ने हमेशा फिलीस्तीन का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि एक रिपार्ट के अनुसार इस्राईली हमलों में मारे जाने वालों में सबसे अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। इस वक्त सभी मुस्लिम देशों को इस्राई के खिलाफ कड़ा रुख अपनाना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह देश बयानों से आगे नहीं बढ़े। अकेला ईरान और उसके सहयोगी व समर्थित संगठन इस्राईल के खिलाफ खड़े हैं। अगर ईरान इस्राईल को मान्यता दे देता है तो उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंध हट जाएंगे लेकिन ईरान हमेशा फिलीस्तीन का समर्थन करता आया है और आज भी कर रहा है, जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है। नमाज के बाद मजलूम फिलीस्तीनियों के समर्थन में दुआ और जालिम इस्राईल की बर्बादी के लिए बद्दुआ के साथ दुनिया में शांति और न्याय के लिए मौलाना रजा हैदर ने दुआ कराई।

## प्रदेश में अब तक 45599.84 मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में सीधे खरीद करते हुए, विभिन्न धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 45599.84 मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 7336 किसानों को लाभान्वित किया गया है।

खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 7531.53 मीट्रिक टन खरीद हुई है। किसानों की सुविधा के दृष्टिगत स्थायी धान क्रय केन्द्र/स्थल बनाये जाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

# अयोध्या और कुम्भ की तैयारियों पर तेजी से कार्य हो रहा है: शोभन चौधुरी

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बताया कि उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के स्टेशनों पर इन दिनों तेज गति से विकास कार्य चल रहे है। इनमें अयोध्या, प्रयागराज और वाराणसी के स्टेशन शामिल हैं। महाप्रबंधक शुक्रवार को लखनऊ में थे। जहां उन्होंने डीआरएम कार्यालय में प्रेस प्रतिनिधियों से रूबरू होकर बताया कि अगले वर्ष कुम्भ को देखते हुए तेजी से काम कराये जा रहे है। इनमें उत्तर, उत्तर मध्य व पूर्वोत्तर रेलवे तीनों जोन मिलकर काम कर रहे हैं। वहीं रेलवे यूनियन के कब्जे से आवास खाली कराने, कानपुर के लिए चलने वाली मेमू ट्रेन को बहाल करने, चारबाग स्टेशन की नॉन इंटरलॉकिंग कार्य शुरू कराये जाने सहित यात्रियों से बेहतर रेल सेवा और ट्रेनें बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर काम हो रहा है। महाप्रबंधक ने बताया कि ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर राज्य सरकार के साथ भी बातचीत चल रही है। अयोध्या में अगले साल राम मंदिर बनकर तैयार हो जायेगा, वहां के लिए रूटों की दोहरीकरण का काम अगले तीन महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। पहले फेज के तहत होने वाले काम 15 जनवरी तक पूरे कर लिए जायेंगे। जबकि दूसरे फेज में अयोध्या स्टेशन की सेकेंड एंट्री बनेगी और अन्य कार्य होंगे। अयोध्या स्टेशन के सेकेंड इंट्री पर कुल 450 करोड़ रुपये खर्च होंगे जिसकी रेल मंत्रालय से अनुमति मिल गई है। वहीं डीआरएम डॉ.मनीष थपल्याल ने बताया कि लखनऊ कानपुर रेलखंड 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनों को चलाने पर काम हो रहा है।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों में चला सफाई अभियान

**लगभग सात हजार किलोग्राम रद्दी तथा कबाड़ का निस्तारण किया गया और तीन हजार छै सो से अधिक पुरानी फाइलें हटाई गयीं**

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्वच्छता अभियान 3.0 पूरे देश में स्वच्छता और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में केंद्र सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है. मुख्य अभियान 02 अक्टूबर, 2023 से शुरू हुआ और 31 अक्टूबर, 2023 तक चलेगा। अभियान के दौरान, कार्यालयों में कार्यस्थल की जगह बढ़ाने और स्वच्छता पर जनता के बीच जागरूकता पैदा करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सोशल मीडिया, बैनर, पोस्टर और आकर्षक पेंटिंग प्रतियोगिताओं सहित कई माध्यमों से इस अभियान के बारे में सार्वजनिक जागरूकता फैलाई जारही है है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालय और विभाग अपने अपने स्तर से स्वच्छता को लेकर कार्य कर रहे हैं।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय देश के विभिन्न भागों में स्थित इसके अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों में विशेष अभियान 3.0 सुचारु रूप से संचालित कर रहा है जिसमें आउटडोर और इंडोर अभियान चलाए गए हैं. कार्यालयों और बाहर के स्थानों को स्वच्छ किया गया है तथा कबाड़ और पुराने समानों का निपटान किया गया है।कार्यालयों में कागजी फाइलों और ई -फायलों की समीक्षा की गई और अनुपयोगी फायलो को नष्ट कर स्थान रिक्क्त किये जारहे है।

मंत्रालय इस अभियान में किए गए प्रयासों के प्रचार के लिए सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्मों का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहा है। स्वच्छता के संदेश को फैलाने और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए अन्य माध्यमों सहित मंत्रालय के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से ट्वीट पोस्ट/री-पोस्ट किये गये हैं।

इस दौरान पत्र सूचना कार्यालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के महानिदेशक श्री योगेश बवेजा ने स्वच्छता अभियान 3.0 के तहत लखनऊ स्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों पीआईबी, केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रकाशन विभाग तथा प्रसार भारती के अंतर्गत दूरदर्शन और आकाशवाणी के कार्यालयों और स्थलीय निरिक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गौरतलब है की स्वच्छता अभियान के तहत सरकारी कार्यालयों द्वारा बेकार और अनुपयोगी सामान की निकासी का कार्य भी इस दौरान किया जा रहा है। इन कार्यालयों में पुरानी फाइल के अलावा ई- फाइलों का भी निपटारा हो रहा है।

पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ द्वारा इस अभियान के दौरान लगभग 5000 किलो कबाड़ तथा पुराने सामान का निष्पादन कर लगभग 89 हजार रूपये अर्जित कर सरकारी कोष में जमा कराये. इस दौरान 124 पुरानी फायलों की समीक्षा कर 90 फायलों को नष्ट कर स्थान रिक्त किया गया. इसी प्रकार केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा लगभग पौने दो कुंतल कबाड़ का निस्तारण कर लगभग चार हजार 800 रूपये अर्जित किये और पुराने 77 रजिस्टर और फायलों का निस्तारण किया और स्थान रिक्त कराया. आकाशवाणी में इस दौरान लगभग 600 किलो कबाड़ चिन्हित कर निस्तारित किया जारहा है और 300 निष्परयोज्य फायलें नष्ट की गयीं। इसी तरह दूरदर्शन ने 229 किलोग्राम कबाड़ का निस्तारण कर किया और 1200 किलोग्राम लोहे के कबाड़ निस्तारण की प्रक्रिया जारी है. यहाँ पर 3201 फायलें और रजिस्टर निष्परयोज्य पाए गयेजिन्हें नष्ट किया जारहा है.

# गौंस-ए-आज़म ने मुर्दा दिलों में रूहानी जान डाल दी: मुफ्ती इरफान

**शान-ओ-शौकत से मनाया जायेगा जश्न-ए-गौसुलवरा व जुलूस-ए-गौसिया**

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऑल इण्डिया मोहम्मदी मिशन के तत्वाधान में दरगाह हजरत मखदूम शाहमीना शाह कुतुब ए अवध में हर साल की तरह इस साल भी शेख अब्दुल कादिर जिलानी पीराने पीर की याद में ग्याहरवीं शरीफ के मौके पर जश्ने गोसुलवरा व जुलूस ए गौसिया का आयोजन मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली की सरपरस्ती और सैयद इकबाल हाशमी की अध्यक्षता और शेख एजाज़ अली मिनाई सज्जादा नशीन, मौलाना अफ्फान अतीक फिरंगीमहली, शेख नासिर अली मिनाई की निगरानी में निकाला गया।सुबह 10ः00 बजे से जश्ने गौसुल वरा का आगाज़ हफीज मुहम्मद आसिफ़ उस्ताद जामिया बहरुल उलूम फिरंगीमहल ने कुरान शरीफ की तिलावत से किया कारी शम्स तबरेज, कारी जहांगीर गोंडवी , कारी शाहजहां, कारी शरफुद्दीन और कारी मसूद ने नात व मनकबत का नजराना पेश किया। कारी शकील निजामी ने निज़ामत की जिम्मेदारी अंजाम दी। 12.30 बजे दरगाह मखदूम शाह मीना शाह की दरगाह से जुलूस ए गौसिया बरामद हुआ जिसमें भारी संख्या में आशिक ए गौसे आज़म के नारों और तरानो के साथ दरगाह हाजी उल हरमैंन मेडिकल कॉलेज में जाकर सलातो सलाम और मुफ्ती इरफान मियां फिरंगी महली काज़ी ए शहर की खुसूसी दुआ हुई जिसमें मुल्क और मिल्लत की तरक्की और हिफाज़त के लिए खुसूसी दुआ पर संपन्न हुआ। मुफ्ती अबुल इरफान मियां ने खिताब करते कहा कि बगदाद में जब दीन कमज़ोर और निढाल हो गया था और दुनियादारी की गफलतों के बादल छा गये थे तब शेख अब्दुल कादिर जीलानी जो हसनी और हुसैनी व नूरानी थे और मतरबा ए कमाल को पहुंच चुके थे। आका ए मदनी ने अपना नूरानी लुआब दहन शेख के मुंह में डाल कर फिर मौला अली कर्म उल्ला वजहु ने एक बार अपना लोआब ए दहन डालकर शेख को हुकुम फरमाया कि मस्जिद में बैठकर लोगों को तबलिग किया करो और जुल्मतो के बादल दूर कर के हक का इज़हार करो ना कि जगह-जगह जाकर दीन का ख्वानचा लगाओ और उनको मोहिउद्दीन के खिताब से नवाज़ा जो कि तमाम जगह मशहूर हो गया और फिर जुल्मतो के बादल छठे ,मुर्दा दिलों में रूहानी जान पड़ गई।

## प्रमोद तिवारी के पक्ष में विधायक के रूप में किया मतदान

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रति भारतीय जनता पार्टी विधायक शोभारानी कुशवाहा को कांग्रेस से टिकट देने के लिए आभार और कृतज्ञता जतायी है। उल्लेखनीय है कि शोभारानी कुशवाहा ने भाजपा से बगावत कर प्रमोद तिवारी के पक्ष में विधायक के रूप में मतदान किया था। उत्तर प्रदेश की पारिवारिक पृष्ठभूमि से होने की वजह से उन्होंने श्री तिवारी के पक्ष में मतदान किया था, जिसने चुनाव का रुख बदल दिया और श्री तिवारी राज्यसभा सदस्य बने थे। हालांकि शोभारानी को भाजपा ने न तो हटाया था और न ही पार्टी से निकाला था।

# देश की पर्यावरण की सुरक्षा हर देश वासी का कर्तव्य: लाल जी भाई

**अधिवक्ता रजत अवस्थी बने गंगा स बीबीमग्र लखनऊ उत्तर ज़िला संयोजक**

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** गंगा महोत्सव सप्ताह के निमित्त गंगा समग्र अवध प्रांत के लखनऊ उत्तर ज़िला की बैठक आज अलीगंज में संपन्न हुई जिसको संबोधित करते हुए अवध प्रांत के संगठन मंत्री श्री लाल जी भाई ने पर्यावरण व जीवन के सबसे महत्वपूर्ण अंग नदियों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर भारत वासी का पहला कर्तव्य है की नदियाँ जो हमारी माँ हैं उनकी स्वक्षता पर विशेष ध्यान दे जिस दिन ये नहीं रहेंगी मानव जीवन के साथ ही सृष्टि पर संकट आ जाएगा हमे हर हाल में पर्यावरण को सुरक्षित करना होगा। बैठक का संचालन अधिवक्ता अनुराग पांडेय ने किया। अधिवक्ता रजत अवस्थी को लखनऊ उत्तर ज़िला का संयोजक मनोनीत किया गया उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र पहना कर संगठन मंत्री जी को अंगवस्त्र व श्री राम चरित मानस भेंट कर उनका स्वागत किया गया तथा गंगा महोत्सव सप्ताह की रूप रेखा तय की गई।

# छात्र-छात्राओं के बीच खादी वार्ता का किया गया आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2023 तक भारत सरकार के द्वारा खादी महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के द्वारा देश में जन-जन में खादी के प्रचार-प्रसार एवं खादी के प्रति युवाओं में जागरूकता पैदा करने हेतु कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर जनपद-बाराबंकी में श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं के बीच खादी वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी आयोग के राज्य निदेशक डा0 नितेश धवन द्वारा प्रदान की गई तथा वोकल फार लोकल के सिद्धान्त पर स्थानीय उत्पादों के उपयोग करने हेतु युवाओं को प्रोत्साहित किया गया। डा0 नितेश धवन द्वारा खादी महोत्सव के अवसर पर mygov.in portal पर चलाये जा रहे कार्यक्रम जैसे निबन्ध प्रतियोगिता, क्वीज कम्पटीशन, जिंगल, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक एवं ई-प्लेज के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर वीना सिंह द्वारा यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं से खादी के वस्तुओं एवं उत्पादों के उपयोग एवं खादी महोत्सव के अवसर पर चलाये जा रहे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु आहवान किया गया। उक्त कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा खादी कार्यक्रम पर संभाषण एवं नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

## इंडिया गठबंधन सैद्धांतिक आधार पर बना: शाहनवाज

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि इंडिया गठबंधन सैद्धांतिक आधार पर बना है। इसका बुनियादी उसूल हर तरह के अन्याय के खिलाफ खड़ा होना है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी नेता मोहम्मद आजम खां के साथ इसी बुनियादी उसूल के साथ खड़ी है। समाजवादी पार्टी को भी चाहिए कि इस उसूल का सम्मान करे। श्री आलम ने कहा कि इंडिया गठबंधन सिर्फ सीटों के बंटवारे के लिए नहीं बना बल्कि उसके कुछ सैद्धांतिक उसूल भी हैं। सपा को भी इन उसूलों का सम्मान करना चाहिए। बिना सिद्धांतों के कोई संघर्ष कामयाब नहीं होता। सपा के कुछ लोगों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के आजम खां से जेल मिलने जाने को लेकर असहजता दर्शायी जो सैद्धांतिक तौर पर अनुचित है। सपा को तो खुश होना चाहिए कि दूसरे दलों के लोग भी उनके नेताओं के साथ हो रही नाइंसाफी के खिलाफ बोल रहे हैं।

# वी-बाजार के नये स्टोर का लोगों ने किया स्वागत

- **वी बाजार भारत के वैल्यू सेगमेंट में सबसे तेजी से बढ़ते फैशन रिटेलर में से एक**
- **नया स्टोर त्योहारों पर विशेष ऑफर के साथ खरीदारी को मज़ेदार बनाता है**
- **यह नया स्टोर वी बाजार का उत्तर प्रदेश में 48वां है**

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखीमपुर/लखनऊ।** वैल्यू फैशन सेगमेंट में पसंदीदा शॉपिंग डेस्टिनेशन वी-बाज़ार ने लखीमपुर में अपने नए स्टोर के लॉन्च की घोषणा की। वी-बाज़ार एक संपूर्ण पारिवारिक फैशन स्टोर है जो निर्माताओं और ग्राहकों के बीच बिचौलियों को खत्म करके हर वर्ग के लोगों के लिए उचित मूल्य पर ट्रेंडी और फैशनेबल सामान लाता है। लखीमपुर में नया स्टोर सदर चौराहा, तहसील गेट के पास लखीमपुर, उत्तर प्रदेश में स्थित है। यह स्टोर 9000 वर्ग फुट में फैला हुआ है।

लॉन्च की घोषणा करते हुए, वी-बाज़ार के सीएमडी श्री हेमंत अग्रवाल ने कहा, ऐसे समय में अपना स्टोर खोलना हमारे लिए बहुत खुशी और गर्व का क्षण है जब हम उत्सव के मूड में आ रहे हैं।उत्तर प्रदेश में हमारे अन्य स्टोरों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए, हमने लखीमपुर के निवासियों को भी खरीदारी का समान अनुभव प्रदान करने के बारे में सोचा। हमारा प्रयास अपने ग्राहकों को बेहतर माल, सेवा और समग्र अंतरराष्ट्रीय खरीदारी अनुभव प्रदान करना है। लखीमपुर में यह नया स्टोर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एक विशेष लॉन्च ऑफर के रूप में, हम अपने ग्राहकों को मुफ्त उपहार और लकी ड्रा में भाग लेने का मौका प्रदान कर रहे हैं। हमारा नया स्टोर फैशनेबल और व्यक्तिगत है, जो अविश्वसनीय रूप से जेब के अनुकूल कीमतों पर बेहतरीन गुणवत्ता वाले माल का संग्रह प्रदर्शित करता है।

नया शोरूम खूबसूरत इंटीरियर के साथ विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है। नया स्टोर युवाओं के लिए एक जीवंत ट्रेंडी लाइन पेश करता है जिसमें पुरुषों के लिए शर्ट, पैंट, ट्रैक सूट, शेरवानी, कुर्ता पायजामा और महिलाओं के लिए फैंसी शादी की साड़ियां, शादी के डिजाइनर सूट, सूती सूट, पैंट, लेगिंग, पजामा, हैरम पैंट, स्कर्ट आदि शामिल हैं। आपके नन्हें बच्चों के लिए भी यहां पोशाकों की विशाल रेंज मौजूद है। यह रेंज फंकी, स्टाइलिश और अविश्वसनीय रूप से आरामदायक परिधान पेश करती है जो हर किशोर और युवा वयस्क की अलमारी में जरूरी हैं। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय रुझानों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया यह कलेक्शन ट्रेंडी, फैशनेबल है और अविश्वसनीय रूप से कम कीमत पर उपलब्ध है।